CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :26°C
न्यूनतम: 12°C

मेरठ, शनिवार 29 नवम्बर 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 179 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 | 7 जमादिउल उखरा1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



विश्वास वहीं टिकता है, जहां मन शांत, विचार स्वस्थ और भावनाएं शुद्ध हों: राष्ट्रपति पेज 2



मुंबई इंडियंस ने अधिकतर खिलाड़ियों को फिर खरीदा खेल टाइम्स



जेन गुडॉल ने दिए वन्यजीव अध्ययन को नए आयाम सम्पादकीय



अमेरिका में अब इंडियन शब्द के इस्तेमाल पर रोक !, ट्रम्प का फिर विवादित बयान पेज 12

# सहारनपुर: बेकाबू डम्पर कार पर पलटा, सात की मौत

## मृतकों में एक ही परिवार के पांच सदस्य शामिल

- शवों को बड़ी मशक्कत के बाद कार से बाहर निकाला
- भीड़ ने पांच घंटे तक सहारनपुर-देहरादून हाईवे पर लगाया जाम



**शाह टाइम्स ब्यूरो/एजेंसी**

**सहारनपुर।** गागलहेड़ी थाने के गांव सोना सैयद माजरा के पास टोल प्लाजा पर शुक्रवार सुबह ओवरब्रिज के अंडर पास में बजरी से भरा डम्पर बेकाबू होकर सामने से आ रही आई-20 कार पर पलट गया, जिससे कार सवार सभी सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

बड़ी मुश्किल से शवों को कार से निकाल कर जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने पंचनामा भर कर सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना मिलने पर कमिश्नर डा. रूपेश कुमार, डीआईजी अभिषेक सिंह, डीएम मनीष बंसल और एसएसपी आशीष तिवारी घटना स्थल पर पहुंचे और हादसे की जानकारी ली। जिला अस्पताल पहुंचकर कमिश्नर एवं डीआईजी ने सभी शवों को देखा मृतकों के परिजनों को दिलासा दिया। उन्होंने वहां मौजूद मीडिया कर्मियों से कहा कि यह बहुत दुखद हादसा है और प्रशासन इसकी जांच कराएगा। उन्होंने बताया कि डम्पर के चालक को हिरासत में ले लिया गया है। जिला अस्पताल में मौजूद एसपी सिटी व्योम जिंदल और सिटी मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह ने बताया कि मृतकों में संदीप (25), रानी (55), जॉली (30), शेखर (35) दामाद, छांगामाजरी थाना भगवानपुर उत्तराखंड और 2 वर्षीय बालक अनिरुद्ध और विपिन निवासी ग्राम दौलतपुर थाना चिलकाना -शेष पृष्ठ दो पर

### बुलंदशहर में हर्ष फायरिंग में भाजपा नेता की मौत

**बुलंदशहर।** जिला में गुरुवार देर रात एक विवाह समारोह के दौरान की गई हर्ष फायरिंग में भाजपा नेता की गोली लगने से मृत्यु हो गई। यह घटना थाना चोला क्षेत्र के ग्राम खानपुर की है, जहां ककोड़ थाना क्षेत्र के अजय नगर निवासी शिवम की बारात आई हुई थी। समारोह के दौरान सुग्रीव नामक व्यक्ति द्वारा लाइसेंसी पिस्टल से ताबड़तोड़ फायरिंग की जा रही थी। इसी दौरान गोली भाजपा नेता धर्मेन्द्र भाटी की छाती में जा लगी। गंभीर रूप से घायल भाटी की नोएडा स्थित एक अस्पताल में मौत हो गई।

## संक्षिप्त समाचार

### चार दिसम्बर को भारत आएंगे राष्ट्रपति पुतिन

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए चार दिसम्बर को भारत की दो दिवसीय यात्रा पर आ रहे हैं। श्री पुतिन पीएम मोदी के निमंत्रण पर भारत यात्रा पर आ रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रूसी राष्ट्रपति पुतिन का स्वागत करेंगी और उनके सम्मान में भोज देंगी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि श्री पुतिन चार से पांच दिसम्बर तक भारत यात्रा पर आ रहे हैं, जहां वह भारत रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। यात्रा के दौरान श्री पुतिन श्री मोदी के साथ बातचीत करेंगे। राष्ट्रपति मुर्मू श्री पुतिन की अगवानी करेंगी और उनके सम्मान में भोज का आयोजन भी किया जाएगा। श्री पुतिन की यह यात्रा भारत और रूस के द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा और विशेष तथा विशेषाधिकार रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने का विज़न तय करने और परस्पर महत्व के क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान- प्रदान करने का अवसर प्रदान करेगी।

### कांग्रेस ने संसद के शीतकालीन सत्र से पहले बुलाई बैठक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शीतकालीन सत्र से पहले संसद में पार्टी की रणनीति बनाने के लिए 30 नवम्बर को संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी के आवास पर 'संसदीय रणनीतिक समूह' की बैठक बुलाई है। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस अन्य विपक्षी दलों के साथ राज्यसभा और लोकसभा में 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सैन्य कार्रवाई रोकने को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बार-बार आ रहे बयानों, चीन के साथ बिजनेस समझौतों तथा अन्य मुद्दों पर चर्चा की मांग करेगी। इसके अलावा मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) को बड़ा मुद्दा बनाया जाएगा। सूत्रों के अनुसार विपक्षी दल मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग लाने की भी तैयारी में है। सूत्रों के मुताबिक संसद सत्र में दिल्ली विस्फोट के मद्देनजर राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा उठाया जाएगा। इसके अलावा दिल्ली प्रदूषण पर भी दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार को घेरने के लिए कांग्रेस रणनीति समूह की बैठक में चर्चा की जाएगी। उल्लेखनीय है कि संसद का शीतकालीन सत्र एक दिसम्बर से शुरू हो रहा है, जो 19 दिसम्बर तक चलेगा।

### कपिल के कनाडा के कैफे में फायरिंग का आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच ने शुक्रवार को कनाडा में कॉमेडियन कपिल शर्मा के कैप्स कैफे में हुई फायरिंग के आरोपी को पंजाब के लुधियाना से गिरफ्तार किया। आरोपी का नाम बंधु मान सिंह सेखों है, जो गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लो गैंग का अहम हैंडलर बताया जा रहा है। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने उसके पास से पीएक्स-3 हाई-एंड पिस्टल (मेड इन चाइना) बरामद की है, जिसमें 8 जिंदा कारतूस भी मिले। पुलिस के मुताबिक सेखों के भारत में छिपे होने की सूचना मिली थी। सेखों पर आरोप है कि उसने फायरिंग की साजिश रची थी और शूटरों से लेकर लॉजिस्टिक सपोर्ट तक मुहैया कराया था।

# अब आधार कार्ड से जन्म तिथि साबित नहीं होगी

## योगी सरकार का नया आदेश, जन्म प्रमाण पत्र सहित अन्य वैध दस्तावेज होंगे अनिवार्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए स्पष्ट किया है कि अब किसी भी सरकारी प्रक्रिया में आधार कार्ड को जन्मतिथि साबित करने के दस्तावेज के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

सरकार के इस आदेश के बाद अब नियुक्ति, प्रवेश, पेंशन, लाइसेंस सहित सभी ऐसे कार्यों में जहां जन्मतिथि का प्रमाण आवश्यक होता है, आधार कार्ड का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। शासन ने निर्देश जारी कर कहा है कि आधार में दर्ज जन्मतिथि अधिकतर स्थिति में स्वयं घोषित होती है और यह आधिकारिक अभिलेखों के आधार पर सत्यापित नहीं होती, इसलिए इसे जन्मतिथि के विश्वसनीय स्रोत के रूप में नहीं माना जा सकता। सरकार के आदेश के अनुसार अब जन्मतिथि साबित करने के लिए जन्म प्रमाण पत्र को प्राथमिक दस्तावेज माना जाएगा, जो नगर निगम, नगर निकाय अथवा ग्राम पंचायत में दर्ज जन्म पंजीकरण अभिलेखों से जारी होता है। इसके साथ ही हाईस्कूल की मार्कशीट या विद्यालय द्वारा जारी किया गया मान्यता प्राप्त प्रमाणपत्र भी जन्मतिथि के वैध दस्तावेज के रूप में स्वीकार किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अस्पताल रिकॉर्ड या अन्य किसी सक्षम सरकारी -शेष पृष्ठ दो पर



- अधिकारियों को आदेश का पालन सुनिश्चित कराने का निर्देश

### घर बैठे आधार में मोबाइल नंबर बदल सकेंगे

- एप पर ओटीपी और फेस आथेंटिकेशन से अपडेट होगा
- किसी डॉक्यूमेंट की जरूरत नहीं पड़ेगी

**मुंबई।** जल्द ही आप घर बैठे आधार कार्ड में रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर बदल सकेंगे। आधार को रेगुलेट करने वाली संस्था यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (यूआईडीएआई) ने नई डिजिटल सर्विस की घोषणा की है। इसके जरिये यूजर्स आधार एप पर ओटीपी वेरिफिकेशन और फेस आथेंटिकेशन से अपना मोबाइल नंबर अपडेट कर पाएंगे।

इस सर्विस से दूरदराज इलाकों में रहने वाले लोग और सीनियर सिटिजन को आसानी होगी। यूआईडीएआई ने शुक्रवार को मोबाइल नंबर अपडेट करने वाली सर्विस के लॉन्च की घोषणा की। यूआईडीएआई के मुताबिक मोबाइल अपडेट करने की प्रोसेस काफी सिंपल रखा गया है। इसके लिए कोई डॉक्यूमेंट या फिजिकल विजिट की जरूरत नहीं है।

# ऑपरेशन सिंदूर ने बढ़ाई भारत की सैन्य रैंकिंग, मेजर पावर बना



- दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी सैन्य ताकत बना, लिस्ट में भारत के बाद जापान चौथे और पाकिस्तान 16वें नंबर पर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के थिंक टैंक लोवी इंस्टीट्यूट ने शुक्रवार को बताया कि भारत अब एशिया पावर इंडेक्स-2025 में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी ताकत बन गया है। रैंकिंग में अमेरिका पहले और चीन दूसरे नंबर पर है। रिपोर्ट के मुताबिक ये दर्जा तेज आर्थिक वृद्धि और बढ़ती सैन्य क्षमता के आधार पर मिला है। ऑपरेशन सिंदूर में भारत के प्रदर्शन ने भी डिफेंस रेटिंग बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई।

2024 में भारत 38.1 स्कोर के साथ मध्यम ताकत की श्रेणी में था। 2025 में स्कोर बढ़कर 40 पाइंट हो गया, जिसके बाद भारत बड़ी ताकत की श्रेणी में शामिल हो गया। लिस्ट में भारत के बाद जापान चौथे नंबर पर है, जबकि पाकिस्तान 14.5 प्वाइंट के साथ 16वें नंबर पर है। अमेरिका का कुल स्कोर 1.2 पाइंट घटा है। एशिया पावर इंडेक्स 27 देशों का 131 पैरामीटर्स पर मूल्यांकन करता है। इसमें संसाधन, अर्थव्यवस्था, सैन्य शक्ति और अंतर्राष्ट्रीय प्रभाव शामिल हैं। अमेरिका एशिया में न होते हुए भी अपने बड़े प्रभाव के कारण इसमें शामिल है। इंडेक्स के अनुसार भारत निवेश के लिए तेजी से आकर्षक बन रहा है। अमेरिका के बाद सबसे ज्यादा विदेशी निवेश भारत में आता है और इस मामले में उसने चीन को पीछे छोड़ दिया है, क्योंकि कंपनियां अपनी सप्लाई चेन को चीन से बाहर फैलाना चाहती हैं। ऑपरेशन सिंदूर में मिले अनुभव ने रक्षा क्षमता की रेटिंग को और मजबूत किया है। भारत आर्थिक क्षमता में जापान को पीछे छोड़कर तीसरे नंबर पर पहुंच गया है। भारत में विदेशी निवेश बढ़ा है, जिससे इकोनामिक रिलेशन इंडेक्स में यह 9वें स्थान पर पहुंचा। भारत की इकोनॉमी, कनेक्टिविटी, टेक्नोलॉजी और मिलिट्री क्षमता लगातार बेहतर हो रही है।

# वायु प्रदूषण संकट पर संसद में चर्चा जरूरी: राहुल गांधी

- कांग्रेस नेता ने वायु प्रदूषण की स्थिति पर गंभीर चिंता जताई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने वायु प्रदूषण की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुएपीएम मोदी से इस दिशा में ठोस कदम उठाने का आग्रह किया है।

उन्होंने कहा कि यह गंभीर मुद्दा है और हर घर की अपने बच्चों लेकर यह बघी चिंता बन गई है, इसलिए देश के बच्चों के बेहतर और सुरक्षित भविष्य के लिए उन्हें स्वच्छ हवा में सांस लेने का हक है और इस मुद्दे पर संसद में चर्चा कराई जानी चाहिए। श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर शुक्रवार को एक पोस्ट में कहा कि मैं जिस भी मां से मिलता हूं, वह मुझे एक ही बात कहती है कि उसका बच्चा ज़हरीली हवा में सांस लेते हुए बड़ा हो रहा है। वे थके हुए, डरे हुए और गुस्से में हैं।

### व्यापक सुधार विकल्प नहीं, बल्कि रणनीतिक जरूरत: राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकवाद सहित विभिन्न क्षेत्रीय चुनौतियों के बीच सशक्त, सुरक्षित और विकसित भारत बनाने के लिए सेनाओं सहित सभी संस्थाओं में व्यापक सुधारों पर जोर देते हुए कहा है कि ये विकल्प नहीं बल्कि रणनीतिक आवश्यकता है। जब हम दुनिया के माहौल और अपने पड़ोस की असलियत को देखते हैं, तो एक बात बहुत साफ हो जाती है, हम भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए पुरानी व्यवस्था पर भरोसा नहीं कर सकते।

# दिल्ली में वायु गुणवत्ता हुई और खराब



**नई दिल्ली।** दम घोंटने वाले धुआं और धूल (स्मॉग) के साथ राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को भी वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में बनी रही। कई इलाकों में प्रदूषण का स्तर 'गंभीर' स्तर का दर्ज किया गया और तड़के दृश्यता भी कम रही।

वायु गुणवत्ता संबंधी सूचनाओं से पता चला कि आज पूर्वाह्न 11 बजे शहर का समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 315 था, जो खतरनाक श्रेणी के अंतर्गत आता है। पीएम 2-5 (227) और पीएम10 (295) दर्ज की गई, जो सुरक्षित सीमा से कई गुना अधिक है। उच्च आर्द्रता (68 प्रतिशत), बादलों तथा हवा की कम गति की वजह से प्रदूषक जमीन से कुछ ही ऊपर बने रहे। आनंद विहार सबसे बुरी तरह प्रभावित क्षेत्रों में से एक था, जहां दिन की शुरुआत में निगरानी डेटा के अनुसार एक्यूआई 408 तक पहुंचने के कारण घना 'धूल और धुआं' छा गया। प्रदूषण की 'गंभीर' श्रेणी वाले कई प्रमुख इलाके अशोक नगर (417 एक्यूआई), बवाना (413), चांदनी चौक (408), जहांगीरपुरी (420), जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम (401), और बुराड़ी क्रॉसिंग (403) शामिल हैं।

### चुनाव आयोग से मिला टीएमसी का प्रतिनिधिमंडल

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची के एसआईआर के बीच यहां चुनाव आयोग के साथ मैराथन बैठक की और इस दौरान पुनरीक्षण कार्य में लगे कर्मियों की सुरक्षा का मुद्दा विशेष रूप से उठाया। डेरेक ओब्रायन ने नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस की टीम ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और दोनों आयुक्तों डा. सुखबीर सिंह संधू और डा. विवेक जारी के साथ एसआईआर के साथ ही अन्य मुद्दों पर लंबी बातचीत की।

# जीडीपी वृद्धि दर रही दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत



- सेवा और विनिर्माण का जोरदार प्रदर्शन, वृद्धि दर नौ प्रतिशत से अधिक रही

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सभी अनुमानों को पीछे छोड़ते हुए चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितम्बर 2025) के दौरान सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में सालाना आधार पर 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसमें सेवा क्षेत्र और विनिर्माण की वृद्धि दर नौ प्रतिशत से अधिक रही।

इस दौरान निजी खपत में तेजी दर्ज की गई, जबकि सरकारी खपत में एक साल पहले की इसी अवधि की तुलना में हल्की गिरावट रही। केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, दूसरी तिमाही में स्थिर मूल्य पर आधारित जीडीपी 48.63 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जो पिछले साल की समान तिमाही के 44.94 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 8.2 प्रतिशत अधिक है। यह जनवरी-मार्च 2024 तिमाही के बाद सबसे तेज बढ़ोतरी है। इससे पहले, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही -अप्रैल-जून 2025 के दौरान जीडीपी 7.8 प्रतिशत और पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 5.6 प्रतिशत की दर से बढ़ा था। आलोच्य तिमाही में सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 9.2 प्रतिशत और विनिर्माण क्षेत्र की 9.1 प्रतिशत दर्ज की गई। वित्तीय, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवा क्षेत्र में 10.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में अप्रैल-सितम्बर 2025 के दौरान जीडीपी वृद्धि दर आठ प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई। पिछले वित्त वर्ष की पहली छमाही में यह 6.1 प्रतिशत और दूसरी छमाही में 6.9 प्रतिशत रही थी। विशेषज्ञों ने बताया कि पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत और दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत की विकास दर देश की अर्थव्यवस्था की अंतर्निहित मजबूती को दिखाती है। उन्होंने कहा कि मांग की स्थिति मजबूत बनी हुई है। जीडीपी में तेज वृद्धि को पीछे सबसे महत्वपूर्ण कारक द्वितीयक क्षेत्र का प्रदर्शन है, जिसमें विनिर्माण भी शामिल है।

# गरीबों के लिए आधी रात तक बैठ सकता हूं: सीजेआई

- जस्टिस सूर्यकांत बोले- मैं यहां सबसे छोटे व्यक्ति के लिए हूं, मेरी कोर्ट में लग्जरी केस नहीं

**नई दिल्ली।** सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत ने शुक्रवार को कहा कि गरीबों को न्याय दिलाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है, उनके लिए वे आधी रात तक कोर्ट में बैठ सकते हैं।

जस्टिस जॉयमाल्या बागची के साथ बेंच में बैठे सीजेआई ने यह टिप्पणी एक याचिका की सुनवाई के दौरान की। उन्होंने कहा कि मेरी अदालत में कोई लग्जरी मुकदमेबाजी नहीं है। ऐसे मामले अमीर लोग ही लड़ते हैं। मैं आपको बता दूं, मैं यहां सबसे छोटे, सबसे गरीब अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के लिए हूं। अगर जरूरत पड़ी, तो मैं उनके लिए आधी रात तक यहां बैठूंगा।

## संक्षिप्त समाचार

### तेंदुए के लिए लगाए पिंजरे में दो घंटे तक फंसा रहा युवक

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जनपद के फखरपुर थाना क्षेत्र में तेंदुए को पकड़ने के लिए लगाए गए पिंजरे में एक युवक के फंस जाने का मामला सामने आया है। शराब के नशे में पिंजरे के अंदर घुसे युवक को लगभग दो घंटे बाद ग्रामीणों और वन विभाग की टीम ने सुरक्षित बाहर निकाला। घटना उमरी दहलो गांव की है, जहां प्रदीप (45) के घर से लगभग 500 मीटर दूर तेंदुए की मौजूदगी की सूचना के बाद वन विभाग ने पिंजरा लगाया था। दो दिन पहले इसी इलाके में तेंदुए के हमले में एक वृद्ध की मौत हो गई थी। तेंदुए को पकड़ने के लिए लगाए गए पिंजरे में एक बकरी को चारे के रूप में बांधा गया था। गुरुवार रात करीब 10 बजे नशे में धुत प्रदीप पिजरे के पास पहुंचा और अंदर चला गया। जैसे ही वह भीतर गया, पिजरे का दरवाजा बंद हो गया। प्रदीप ने बाहर निकलने की काफी कोशिश की, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद उसने मोबाइल फोन से ग्रामीणों को सूचना दी।

### लेखपाल की आत्महत्या से नाराज लेखपालों का धरना प्रदर्शन

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में लेखपाल सुधीर कुमार की आत्महत्या से क्षुब्ध प्रदेश भर के लेखपालों ने शुक्रवार को पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन किया। वाराणसी में लेखपाल संघ के बैनर तले राजातालाब तहसील परिसर में बड़ी संख्या में लेखपालों ने धरना देकर जमकर नारेबाजी की। लेखपालों का आरोप है कि विशेष गहन पुनरीक्षण के अत्यधिक कार्यभार और दबाव के कारण अधिकारियों ने सुधीर कुमार को अपनी शादी के लिए भी छुट्टी नहीं दी, जिससे मान. सिक रूप से परेशान होकर उन्होंने आत्महत्या कर ली।

# यूपी के लोगों को बिजली बिल के ब्याज पर 100 फीसदी छूट

■ उपभोक्ताओं को योगी सरकार ने दी बड़ी राहत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार ने प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत का ऐलान किया है। इसमें एक दिसम्बर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक विशेष अभियान में बिजली बिल के ब्याज पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी, इसके साथ ही मूलधन में भी भारी छूट का प्रावधान किया गया है।

इसमें घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 2 किलोवाट और कमर्शियल उपभोक्ता 1 किलोवाट तक शामिल हैं। 90 दिन तक चलने वाली इस योजना में बिजली के बकाया बिल पर सरचार्ज पूरी तरह खत्म होने के साथ इसे आसान किश्तों में जमा किया जा सकेगा। इस योजना में घरेलू उपभोक्ता 2 केवी और दुकानदार 1केवी को उनके लंबित बिजली बकाया में विशेष छूट दी जाएगी। उपभोक्ता पहली बार 100 प्रतिशत ब्याज माफी के साथ मूलधन पर 25 प्रतिशत तक की भारी छूट प्राप्त कर सकेंगे। छोटे-छोटे बकायों के निस्तारण हेतु उपभोक्ताओं को आसान मासिक किश्तों में भुगतान की सुविधा भी प्रदान की जाएगी, जिससे वे बिना किसी दबाव के देय राशि का समायोजन कर सकें। प्रदेश के गरीब और मध्यम वर्ग के लिए योजना बेहद राहत देने वाली है।

# उद्योगों को प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध कराएगी सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ अलीगंज में विभागीय समीक्षा करते हुए बोले मंत्री कपिल देव अग्रवाल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को गति देने के लिए योगी सरकार कौशल विकास, उद्योग और रोजगार के त्रिकोणीय मॉडल को मजबूती से आगे बढ़ा रही है। इसी कड़ी में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने ने कहा कि योगी सरकार एक ऐसा मॉडल विकसित कर रही है, जो उद्योगों को प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध कराने के साथ युवाओं को आर्थिक स्थिरता देगा।

शुक्रवार को उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन मुख्यालय, अलीगंज में विभागीय समीक्षा करते हुए मंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रशिक्षण ही नहीं, युवाओं को रोजगार से जोड़ना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कौशल आधारित युवा शक्ति ही आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के संकल्प को मजबूत कर सकती है। इसके लिए सेवा मित्र पोर्टल को और उन्नत करने, अधिकाधिक आईटीआई एवं कौशल विकास मिशन के युवाओं को जोड़ने और व्यापक प्रचार-प्रसार पर बल दिया गया। इस दौरान उन्होंने सभी योजनाओं को समयबद्ध और प्रभावी ढंग से लागू करने का निर्देश दिया, ताकि उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य निर्धारित समय में हासिल किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित युवाओं की रियल टाइम आउटकम ट्रैकिग अत्यंत आवश्यक है। यह सुनिश्चित किया जाए कि किस संस्थान से प्रशिक्षित युवक वर्तमान में कहां कार्यरत हैं, उनकी कौशल वृद्धि कितनी हुई है और किस क्षेत्र में रोजगार प्राप्त हुआ है। डेटा कैप्चर की गुणवत्ता सुधारने और इसे रियल टाइम सिस्टम से जोड़ने के निर्देश दिए गए। मंत्री ने कहा कि सेवा प्रदाताओं और आईटीआई छात्रों का एकीकरण उद्योगों से सीधा संपर्क स्थापित करेगा और युवाओं को तत्काल रोजगार अवसर मिलेंगे।

### मुजफ्फरनगर के बच्चों की पूरी जिम्मेदारी मेरी: कपिल देव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने उन्नीसवीं नेशनल जम्बूरी में प्रतिभाग करने पहुंचे मुजफ्फरनगर जिले के स्काउट्स एवं गाइड्स दल का शुक्रवार को लखनऊ स्थित आवास पर आत्मीय स्वागत किया। मंत्री ने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि ये बच्चे मुजफ्फरनगर के हैं, और इनकी पूरी जिम्मेदारी भी मेरी है। इनके ठहरने, भोजन, सुरक्षा और अन्य सभी आवश्यक व्यवस्था की निगरानी मैं स्वयं कर रहा हूं। मुजफ्फरनगर से आए स्काउट्स-गाइड्स का दल 22 नवम्बर से 30 नवम्बर तक मंत्री आवास पर ही ठहरा हुआ है। आवास, भोजन, परिवहन और सुरक्षा की संपूर्ण व्यवस्था मंत्री अग्रवाल ने अपने प्रत्यक्ष निर्देशन में सुनिश्चित की है। बच्चों और प्रशिक्षकों ने मंत्री द्वारा किए गए इस विशेष सहयोग और मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। मंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने स्काउट्स- गाइड्स संगठन को देश का सबसे अनुशासित और संस्कारित युवाओं का समूह बताते हुए कहा कि योगी सरकार युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण का आधार मानती है।

## विश्वास वहीं टिकता है, जहां मन शांत, विचार स्वस्थ और भावनाएं शुद्ध हों

# वसुधैव कुटुम्बकम आज के समय प्रासंगिक:मुर्मू

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय के ध्यान (योग)समारोह में बोलीं राष्ट्रपति

**लखनऊ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व. विद्यालय द्वारा लखनऊ में आयोजित 'विश्व एकता एवं विश्वास के लिए ध्यान (योग)' के राज्य स्तरीय उद्घाटन समारोह में भाग लेते हुए कहा कि विश्वास का आधार शांत मन, स्वस्थ विचार और शुद्ध भावनाएं ही होती हैं। उन्होंने कहा कि जब मन स्थिर होता है, तब व्यक्ति समाज और दुनिया में शांति का माध्यम बनता है।

सशक्त आत्मा ही विश्व एकता की संकल्पना को साकार करने की आधारशिला रही है और यही एक बेहतर, शांतिपूर्ण विश्व का मार्ग प्रशस्त करती है। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन की शुरुआत 'ओम शांति' से करते हुए कहा कि भारत की प्राचीन सभ्यता ने 'वसुधैव कुटुम्बकम' का जो संदेश दिया है, वह आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक है। जब विश्व अनेक चुनौतियों से गुजर रहा है, तब 'सारा विश्व एक परिवार' का यह भाव मानवता को जोड़ने और सहअस्तित्व की नई दिशा प्रदान करता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह ध्यान अभियान विश्व में एकता, करुणा और विश्वास की भावना को और प्रबल बनाएगा। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि भारत सरकार समाज को अधिक समावेशी, शांतिपूर्ण और मूल्य-आधारित बनाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। योग और ध्यान को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठा दिलाना, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का नेतृत्व करना तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मूल्य-आधारित शिक्षा का समावेश इसी दिशा में उठाए गए सार्थक प्रयास हैं। उन्होंने मिशन लाइफ, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक समावेश और पर्यावरण संरक्षण के लिए चलाए जा रहे राष्ट्रीय कार्यक्रमों को मानवता के बेहतर भविष्य के लिए आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में विज्ञान और तकनीक ने मानव जीवन को सुविधाजनक बनाया है, लेकिन तनाव, अविश्वास और एकाकीपन भी बढ़ा है। ऐसे समय में आत्मचितन, ध्यान और आध्यात्मिक अभ्यास अत्यंत आवश्यक हो उठते हैं। राष्ट्रपति ने कार्यक्रम के आध्यात्मिक वातावरण की प्रशंसा करते हुए कहा कि राजयोग ध्यान जीवन को संतुलित और उद्देश्यमय बनाता है। उन्होंने समाज में शांति और विश्वास की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए सभी से आग्रह किया कि वे अपनी दिनचर्या में प्रतिदिन कुछ समय आत्मिक अभ्यास और ध्यान के लिए अवश्य निकालें। उन्होंने ब्रह्मकुमारियों को कलश और भाइयों को संगठन की ध्वजा सौंपकर अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया।

### महापौर ने सौंपी नगर की चाभी

**लखनऊ।** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के लखनऊ आगमन पर शुक्रवार को चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा औपचारिक स्वागत एवं सम्मान के महत्वपूर्ण अवसर का साक्षी बना। राष्ट्रपति का स्वागत करने के लिए प्रदेश और नगर के शीर्ष जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। महापौर सुषमा खर्कवाल ने लखनऊ की गरिमामई परंपरा के अनुरूप राष्ट्रपति को नगर की चाभी भेंट कर उनका औपचारिक स्वागत किया। नगर की चाभी सौंपना लखनऊ की ओर से सर्वोच्च सम्मान का प्रतीक माना जाता है। इस सम्मान को ग्रहण करते हुए राष्ट्रपति ने लखनऊवासियों के प्रति अपना स्नेह एवं शुभकामनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तथा बृजेश पाठक भी उपस्थित रहे।

# अमर सिंह की बेटियों पर टिप्पणी मामले में आजम खां को राहत

शाह टाइम्स ब्यूरो



**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के महासचिव आजम खान अभी जेल में बंद है, इस बीच कोर्ट ने शुक्रवार को उन्हें अमर सिंह की बेटियों पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में बड़ी राहत दी। रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने साक्ष्यों के अभाव में उन्हें बरी कर दिया। 2018 में अमर सिंह ने अपनी बेटियों पर एसिड अटैक की धमकी का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई थी।

राज्यसभा सदस्य रहे अमर सिंह का निधन हो चुका है। उन्होंने आजम खान के विवादित बयान पर लखनऊ के गोमत. ीनगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। रामपुर कोर्ट ने मामले में आजम खान को जेल से पेश होने के आदेश दिए थे। पुलिस की कैदी गाड़ी रामपुर जेल लेने गई थी, लेकिन वह तबियत का हवाला देते नहीं बैठें। वह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए। आजम खान ने जौहर यूनिवर्सिटी में एक निजी चैनल को दिए इंटर्व्यू में विवादित बयान दिया था। इस पर उस समय खूब हंगामा मचा था, अमर सिंह ने इसके लेकर दिल्ली से लखनऊ तक विरोध प्रदर्शन किया था। आजम के खिलाफ आईपीसी की धारा 153।, 295। और 506 के तहत कार्रवाई हुई थी। अमर सिंह ने शिकायत में अपनी बेटियों की सुरक्षा का हवाला देते हुए न्याय की मांग की थी। रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में मामले की सुनवाई चल रही थी। मंगलवार को कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आदेश को रिजर्व रख लिया था। आज कोर्ट ने साक्ष्यों के अभाव में आजम खान को बरी कर दिया।



सेंसेक्स 85700.29
निफ्टी 26200.60



सोना रु. 127890
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 173100
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में तेजी थमी, मामूली गिरावट में बंद हुए प्रमुख सूचकांक

मुंबई, वार्ता



निजी बैंकों, तेल एवं गैस और रियलिटी सेक्टरों की कंपनियों में बिकवाली से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट देखी गई। दोपहर बाद तक तेजी में रहने के बाद बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 13.71 अंक (0.02 प्रतिशत) टूटकर 85,700.29 अंक पर बंद हुआ।

एनएसई का निफ्टी.50 सूचकांक भी 14.95 अंक यानी 0. 06 प्रतिशत की गिरावट में 26,200.60 अंक पर रहा। दोनों सूचकांक गुरुवार को 14 महीने के उच्चतम स्तर पर बंद हुए थे। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा गिरावट देखी गई। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.21 फीसदी और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.15 प्रतिशत फिसल गया। एनएसई में कुल 3,187 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 1,527 शेयरों में तेजी रही जबकि 1,555 के शेयर गिर गए। अन्य 105 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। ऑटो, फार्मा, धातु, स्वास्थ्य क्षेत्र की कंपनियों और सार्वजनिक बैंकों में लिवाली का जोर रहा। वहीं, तेल एवं गैस, निजी बैंकों, रियलिटी और वित्तीय क्षेत्रों पर दबाव रहा। सेंसेक्स की 30 में से 18 कंपनियों के शेयर लाल निशान में और अन्य 12 के हरे निशान में बंद हुए। महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर सबसे अधिक 2.07 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। सनफार्मा में 1.20 प्रतिशत की तेजी रही। भारतीय स्टेट बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, हिदुस्तान यूनीलिवर और अडानी पोर्ट्स के शेयरों में भी तेजी रही। पावरग्रिड का शेयर सबसे ज्यादा 1.39 फीसदी लुढ़क गया। इटरनल में 0.83 फीसदी, भारती एयरटेल में 0.70 और एक्सिस बैंक में 0.55 प्रतिशत की गिरावट रही। बजाज फिनसर्व, इंफोसिस, ट्रेंट, बीईएल, एलएंडटी और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। वैश्विक स्तर पर एशिया में हांगक. ांग का हैंगसेंग 0.34 फीसदी की गिरावट में बंद हुआ।

# सोने के दाम में गिरावट चांदी में तेजी बरकरार

**नई दिल्ली।** देश में शुक्रवार सुबह सोने की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट गोल्ड का भाव गिरकर 127890 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। दूसरे शहरों में भी कीमत लुढ़की है। प्रॉफिट बुकिंग, कमजोर वैश्विक रुख और घरेलू स्तर पर कम खरीद की वजह से सोने की कीमतों को झटका लगा। वैश्विक बाजार में सोने का हाजिर भाव गिरकर 4,158.38 डॉलर प्रति औंस रह गया। सोने से उलट चांदी की कीमत में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को चांदी का भाव 173100 रुपये प्रति किलोग्राम पर है। अमेरिकी बिजनेसमैन और किताब 'रिच डैड पुअर डैड' के लेखक रॉबर्ट कियोसाकी का अनुमान है कि चांदी जल्द ही 70 डक्लर और शायद 2026 में 200 डक्लर प्रति औंस तक पहुंच जाएगी। दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 127890 रुपये प्रति 10 ग्राम है। 22 कैरेट का भाव 117240 रुपये प्रति 10 ग्राम है। मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में 22 कैरेट सोने की कीमत 117090 रुपये प्रति 10 ग्राम, जबकि 24 कैरेट सोने की कीमत 127740 रुपये प्रति 10 ग्राम है। पुणे और बेंगलुरु में 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 127740 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 117090 रुपये प्रति 10 ग्राम है। इस बीच यह उम्मीद बनी हुई है कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व दिसंबर की मीटिंग में ब्याज दरों में और कटौती कर सकता है। अगर फेड की ओर से ब्याज दर में और कमी की जाती है, तो सोने की कीमत में तेजी आ सकती है। रेट कट से बॉन्ड कम आकर्षक हो जाते हैं और निवेशक सोने-चांदी जैसे सेफ एसेट्स में निवेश बढ़ाते हैं।

# विदेशी मुद्रा भंडार 4.47 अरब डॉलर घटा



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 21 नवम्बर को समाप्त सप्ताह में 4.472 अरब डॉलर घटकर 688.104 अरब डॉलर पर आ गया। इससे पहले 14 नवम्बर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा का देश का भंडार 5.543 अरब डॉलर बढ़कर 692.576 अरब डॉलर पर पहुंच गया था।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 21 नवम्बर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में 1.69 अरब डॉलर की गिरावट रही और यह 560.60 अरब डॉलर रह गया। इसमें डॉलर के अलावा जापानी येन, यूरो और ब्रितानी पाउंड भी शामिल हैं, जिनका मूल्य उनकी संदर्भ दर के आधार पर तय होता है। स्वर्ण भंडार 2.675 अरब डॉलर घटकर 104.182 अरब डॉलर पर रहा। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की आरक्षित निधि 2.3 करोड़ डॉलर और विशेष आहरण अधिकार 8.4 अरब डॉलर घटकर क्रमशः 4.757 अरब डॉलर और 18.566 अरब डॉलर पर आ गया। पिछले कुछ समय से भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब डॉलर के आसपास बना हुआ है। देश की आर्थिक मजबूती को दिखाता है और रिजर्व बैंक की जरूरत पड़ने पर रुपये को समर्थन देने की गुंजा. इश को बढ़ाता है।

### औद्योगिक उत्पादन के अक्टूबर के आंकड़े एक दिसम्बर को आएंगे

**नई दिल्ली।** औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के अक्टूबर के आंकड़े अब 1 दिसम्बर को जारी होंगे। पहले सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के दूसरी तिमाही (जुलाई-सितम्बर) के आंकड़े और आईआईपी के अक्टूबर के आंकड़े 28 नवम्बर को एक ही दिन जारी होने थे। केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि जीडीपी के आंकड़े आज जारी होने के कारण आईआईपी के आंकड़ों का प्रकाशन टाल दिया गया है। अब ये आंकड़े 1 दिसम्बर को जारी किए जाएंगे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सहारनपुरः डम्पर...**

सहारनपुर और उमेश सिंह (52) निवासी मो. हद्दीपुर रावली हरिद्वार उत्तराखंड शामिल है। जानकारी के मुताबिक हादसे का शिकार हुई आई-20 कार को संदीप सिंह चला रहा था। घटनास्थल पर सांसद इमरान मसूद, पूर्व मंत्री डा. धर्म सिंह सैनी, एमएलसी शाहनवाज खान, विधायक आशु मलिक और पूर्व विधायक जगपाल सिंह आदि ने जिलाधिकारी मनीष बंसल और एसएसपी आशीष तिवारी से मांग की कि मृतकों के परिजनों को 50-50 लाख मुआवजा दिया जाए। डीएम मनीष बंसल ने मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख का मुआवजा देने की घोषणा की। पांच घंटे के सड़क जाम के दौरान दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतारें लग गई, पुलिस प्रशासन ने कई वाहनों को मार्ग बदलकर निकलवाया। डीएम, एसएसपी ने जाम खुलवाने के बहुत प्रयास किए, लेकिन गुस्साई भीड़ कोई भी बात सुनने को तैयार नहीं थी। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर जाम खुलवाया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस दर्दनाक हादसे में जान गंवाने लोग सहारनपुर जिले के नकुड़ थाना क्षेत्र के गांव मोहद्दीपुर फन्दपुरी में अपनी रिश्तेदारी में हुई मौत में शोक जताने के लिए जा रहे थे कि सहारनपुर जनपद के थाना गागलहेड़ी के इस दर्दनाक हादसे में इन सभी की जान चली गई। मृतकों में एक ही परिवार के पांच सदस्यों और उनके दो निकट सम्बन्धियों की मौत हो गई।

**अब आधार...**

विभाग द्वारा जारी दस्तावेज भी परिस्थितियों के अनुसार मान्य माने जाएंगे। शासन स्तर पर यह निर्णय इसलिए लिया गया है ताकि विभिन्न विभागों में दस्तावेज सत्यापन के दौरान हो रही भ्रांतियों, फर्जीवाड़े और स्वघोषित जन्मतिथि के आधार पर बन चुके आधार कार्ड के उपयोग से उत्पन्न विवादों को समाप्त किया जा सके। कई मामलों में पाया गया कि आधार बनवाते समय लाभार्थी स्वयं जन्मतिथि अंकित कर देते हैं, जिससे आधिकारिक रिकॉर्ड और आधार में दर्ज तिथि में असंगति सामने आती है। सरकार का कहना है कि जन्मतिथि जैसे महत्वपूर्ण अभिलेख केवल उन दस्तावेज़ों के आधार पर ही स्वीकार किए जाने चाहिए जिनका स्रोत सरकारी पंजीकरण या मान्यता प्राप्त शिक्षा संस्थान हों। इस नए आदेश के लागू होने के बाद अब राज्य के सभी विभागों में दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया अधिक स्पष्ट और विश्वसनीय मानी जा रही है। शासन ने विभागों को यह भी निर्देशित किया है कि भविष्य में किसी भी अभ्यर्थी के दस्तावेज़ों की जांच करते समय आधार कार्ड को जन्मतिथि से संबंधित प्रमाण के रूप में कतई न माना जाए, बल्कि केवल वैध प्रमाणपत्रों के आधार पर ही अंतिम निर्णय लिया जाए। सरकार का यह कदम प्रशासनिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने और आधिकारिक अभिलेखों की विश्वसनीयता को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# व्यापार का हथियार की तरह इस्तेमाल किया गया: गोयल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिका में भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने के परिप्रेक्ष्य में शुक्रवार को कहा कि व्यापार का हथियार की तरह इस्तेमाल किया गया है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में विश्वसनीय साझेदारों का होना जरूरी है।

गोयल यहां उद्योग मंडल फिक्की की 98वीं वार्षिक आम बैठक और वार्षिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। वाणिज्य मंत्री ने किसी देश का नाम लिए बिना कहा कि पिछले कुछ समय से हमने व्यापार का हथियार की तरह इस्तेमाल होते देखा है। हमने अनुभव किया है कि दुनिया में विश्वसनीय साझेदारों का होना कितना जरूरी है, उन देशों के साथ काम करना कितना जरूरी है, जो निष्पक्ष व्यापार और परस्पर समान अवसर में विश्वास करते हैं। उन्होंने व्यापार समझौतों को लेकर सरकार की नीति का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत अब विकसित देशों के साथ एफटीए पर काम कर रहा है। ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ब्रिटेन, चार विकसित यूरोपीय देशों से यूरा. ेपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के साथ एफटीए पहले ही किया जा चुके हैं। मारीशस के साथ विस्तृत आर्थिक भागीदारी का समझौता किया गया है।

### पचास देशों के साथ एफटीए पर बात कर रहा है भारत: गोयल

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत मौजूदा समय में 14 देशों और देश के समूह के साथ मुक्त व्यापार संधि (एफटीए) पर बात कर रहा है जिसमें कुल 50 देश शामिल हैं। गोयल ने यहां उद्योग मंडल फिक्की के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले कुछ समय में हमने देखा है कि किस तरह से व्यापार को हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया गया है। इस दौरान हमने दुनिया में विश्वसनीय सहयोगियों की जरूरत को भी महसूस किया है और यह समझा है कि हमें उन देशों के साथ मिलकर काम करना चाहिए, जो निष्पक्ष व्यापार और समान अवसर में विश्वास करते हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीवाड़ा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# कुतुबशाह जमालुद्दीन की याद में लगने वाले मेले में पड़ी रार

## अपशब्द कहने के विरोध में कमेटी के पदाधिकारियों ने दिया इस्तीफा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कस्बे में कुतुब शाह जमालुद्दीन की याद में लगने वाले ऐतिहासिक मेला उर्स की कमेटी में विवाद खड़ा हो गया है। कमेटी के कुछ मेंबरो द्वारा ओहदारों को अपशब्द कहने पर कमेटी के पदाधिकारी ने इस्तीफा दे दिया।

जानकारी के मुताबिक हाल ही में मेला उर्स का आयोजन होना है बुधवार देर रात कुतुब शाह के दरबार में रोशनी का आयोजन किया गया था। बताया गया कि मिला उर्स कमेटी के सदर व पदाधिकारियों द्वारा गुरुवार को मेले के लिए दुकानों का आवंटन किया जाना था। लेकिन कुछ मेंबरों ने कमेटी के पदाधिकारी मेंबरों को अपशब्द कहने लगे। कमेटी के अध्यक्ष व पदाधिकारियों का कहना है कि कुछ मेंबरान कमेटी में झगड़ा करने के मूड में है तथा गाली गलौज अब शब्द कहते हुए झगड़े व फोजदारी पर उतारू है। पदाधिकारी द्वारा झगड़ा विवाद खड़ा न हो इसी को लेकर मेले के पद अधिकारी व मेंबरों ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। मेला सदर नवाब सैफी ने कहा कि किसी भी पदाधिकारी या सदस्य के मान सम्मान के साथ खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा। इस कृत्य से सभी सरपरस्तों को अवगत किया गया। सभी सरपरस्तों व मेला सदर ने एक राय होकर दोनों सदस्यों को मेला कमेटी से बाहर करने का निर्णय लिया। तब जाकर मामला शांत हुआ।



घटना की जानकारी के बाद विचार करते सदस्य।

# नवनियुक्त जिला अध्यक्ष हरवीर पाल का भाजपाइयों ने किया स्वागत



नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष का स्वागत करते कार्यकर्ता।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष पंकज चौहान के नेतृत्व में किसान मोर्चा के भाजपा पदाधिकारी सभी ने मिलकर भव्य स्वागत अभिनंदन किया। हरवीर पाल को जिला अध्यक्ष मेरठ बनने पर बधाई दी। व सभी ने भाजपा प्रदेश नेतृत्व को आभार धन्यवाद ज्ञापित किया। हरवीर पाल ने कार्यकर्ताओं को सम्मान देने की बात कही। भाजपा पार्टी को मजबूत करने के अलावा दिन रात मेहनत कर पार्टी के अभियानों को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीड़ है हम सब मिलकर पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। इस अवसर पर पूर्व विधायक रणवीर राणा, जिला उपाध्यक्ष अजय त्यागी जिला मंत्री मुकेश शास्त्री, प्रदेश कार्य समिति सदस्य राहुल कस्तला, सुशील चौहान, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा, दयाल त्यागी, जिला मीडिया प्रभारी संजीव राणा, पवन शर्मा करनावल, रॉबिन तोमर मुड़ाली, सचिन प्रधान मिर्जापुर, विकास, विकल, अमित सोम आदि लोग मौजूद रहे।

# नथिंग ने भारत में फोन थ्रीए लाइट को 19,999 की कीमत में किया लॉन्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लंदन स्थित टेक्नोलॉजी कंपनी नथिंग ने भारत में फोन थ्रीए लाइट लॉन्च किया है। जिसमें क्लासिक ब्लैक और व्हाइट के साथ नया ब्लू कलर वेरिएंट भी शामिल है। यह डिवाइस नथिंग के सिग्नेचर ट्रांसपेरेंट डिजाइन, 6.77-इंच एमोल्ड डिस्प्ले, 50 एमपी मेन कैमरा टू लेंस इंजन 4.0, मीडिया टेक डाइमेंसिटी 7300 प्रो. चिपसेट और 5000 एमएएच बैटरी के साथ आता है। फोन की कीमत 20,999 से शुरू होती है, जो बैंक ऑफर के बाद 8GB, 128GB वेरिएंट के लिए 19,999 हो जाती है। फोन (थ्रीए) लाइट की बिक्री 5 दिसंबर 2025 से फ्लिपकार्ट विजय सेल्स, क्रोमा और देशभर के प्रमुख रिटेल स्टोर्स पर शुरू होगी। फोन थ्रीए लाइट ट्रांसपेरेंट डिजाइन को आगे बढ़ाते हुए IP54 रेटिंग, एल्युमिनियम इंटरनल फेम और एक परिकृत हल्के वजन वाले बिल्ड के साथ आता है। इसमें 6.77 इंच की फ्लेक्सिबल एमोल्ड डिस्प्ले दी गई है।

# यूट्यूबर शादाब जकाती का विरोध करने वाले राहुल की मुख्यमंत्री से शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** यूट्यूब पर फेमस हुए शादाब जकाती पर अभद्र भाषा का प्रयोग करने के आरोप में राहुल ठाकुर नाम के व्यक्ति ने शादाब जकाती के खिलाफ थाना इंचौली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। राहुल ठाकुर ने आरोप लगाया था कि शादाब जकाती ने एक वीडियो में नाबालिग बालिका के साथ एक कंटेंट बनाया। जिसमें उसने अभद्र भाषा का प्रयोग किया। जिसको लेकर शादाब जकाती को थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया था। लेकिन अब इस मामले में एक नया मोड़ आ चुका है। राहुल ठाकुर के खिलाफ मवाना के रहने वाले बिलाल मसूरी ने योगी पोर्टल पर राहुल ठाकुर के खिलाफ दिव्यांगों का अपमान करने के विरुद्ध में शिकायत दर्ज कराई है और योगी सरकार से राहुल ठाकुर पर कड़ी कार्यवाही की मांग की है। बिलाल मंसूरी ने आरोप लगाया है कि राहुल ठाकुर ने दिव्यांग लोगों का अपमान किया है और उन्हें नीचे दिखाने की कोशिश की है।

# गैंगस्टर एक्ट के आरोपी को जेल भेजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** पुलिस द्वारा छह आरो. पियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट में मुक. दमा पंजीकृत किया गया था। पुलिस का कहना है कि यह लोग एक संगठित गैंग बनाकर अवैध धन अर्जित करने के लिए समाज विरोधी कार्यों में संलिप्त रहते हैं। जिनमें लूट डकैती जैसे अपराध करके अवैध रूप से धन इकट्ठा करते हैं। पुलिस ने छह आरोपी जिनमें जावेद थाना गढ़ मुक्तेश्वर, नवाब व बिलाल थाना बाबूगढ़, मनीष थाना सिंभावली, सौरभ थाना गढ़मुक्तेश्वर, तस्लीम थाना हाफिजपुर के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा पंजीकृत किया गया इंस्पेक्टर प्रताप सिंह ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली की सौरभ पुत्र ब्रह्मपाल कंठी माता मंदिर शाहज. हांपुर के पास खड़ा है। लगभग 11:15 बजे के करीब पुलिस ने कार्यवाही करते हुए मुखबिर की निशानदेही पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया।

# हरे पेड़ काटे जाने की शिकायत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैलाश प्रकाश चौराहा स्थित चर्च की भूमि पर हरे पेड़ों को एक भूमाफिया द्वारा जबरन कटवाए जाने की शिकायत ईसाई समाज के लोगों द्वारा डीएफओ से की गई। जिस पर डीएफओ ने तत्काल संज्ञान लेते हुए कर्मचारियों को भेजकर अवैध कटान रूकवाया। उस समय तक इलेक्ट्रोनिक ड्रिल से काफी पेड़ काटे जा चुके थे। ईसाई समाज के लोगों का आरोप है कि समाज के ही एक व्यक्ति के साथ मिलकर एक भूमाफिया चर्च की संपत्ति को अपनी बताकर प्लॉट काट रहा है। यहीं नहीं उसने अब वहां हरे पेड़ों को कटवाना शुरू कर दिया। जबकि वन विभाग से इसकी परमिशन ली जाती है।

## 23 दिसम्बर को नामित समिति द्वारा की जाएगी पेड़ो को कटवाने की नीलामी

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. संजीव कुमार ने एक प्रेसनोट जारी कर बताया कि ग्राम नंगलाताशी, कासमपुर की भूमि पर युकेलिप्टिस के 20 पेड़ो को कटवाने की नीलामी ग्राम नंगलाताशी कासमपुर स्थित 50 शैय्या चिकित्सालय भवन की भूमि पर 23 दिसम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे नामित समिति द्वारा की जायेगी। नीलामी में भाग लेने के इच्छुक लोग कार्य दिवस में संपर्क कर सकते है।

# कृषि विवि में खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवम प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय में आयोजित की जा रही वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओ का शुक्रवार को समापन किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. के.के. सिंह ने इस अवसर पर छात्रो को संबोधित करते हुए कहा कि खेल कूद से छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है और उनमें सुखद परिस्पर्धा की भावना विकसित होती है।

डॉ. सिंह ने छात्रो को आश्वा. सन दिया कि विश्वविद्यालय में छात्रों को खेल कूद के लिए हर संभव सुविधाएं प्रदान की जाएगी। जिससे विश्वविद्यालय के छात्र राष्ट्रीय एवमं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर सके। कार्यक्रम की विशिष्ठ अतिथि अंतरराष्ट्रीय एथलिट किरण बालियान ने छात्रों को मार्गदर्शित करते हुए कहा कि छात्रों को अपनी रुचि के किसी भी खेल में अवश्य प्रतिभाग करना चाहिए जिससे खेलो में भी कैरियर बनाया जा सकता है एवमं अपने राष्ट्र का गौरव बढ़ाया जा सकता है। आज के खेलों में पोस्ट हार्वेस्ट कालेज की टीम ने वॉलीबॉल, कबड्डी, 1500 मीटर रेस में प्रथम स्थान प्राप्त किया। लड़को की 100 मीटर दौड़ में तकनीकी महाविद्यालय के छात्र निखिल ने प्रथम, उद्यान महाविद्यालय के छात्र आर्यन दीक्षित ने द्वितीय तथा कृषि महाविद्यालय बीके रितिक सैनी ने त्रितीय स्थान प्राप्त किया। बालिक. ाओं की 100 मीटर दौड़ में कृषि महाविद्यालय की छात्रा अंशी ने प्रथम, पशु चिकित्सा महाविद्यालय की छात्र शीत सिंह ने द्वितीय एवम पलक ने त्रितीय स्थान प्राप्त किया। लड़को की 5000 मीटर दौड़ में प्रांशु ने प्रथम, कुलदीप ने द्वितीय एवमं शिवम पाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिकाओं की 5000 मीटर दौड़ में दीपिका यादव ने प्रथम, गरिमा भास्कर ने द्वितीय एवम अम्बालिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दस दिनों तक आयोजित किये गए इन खेल कूद के बालक वर्ग में पोस्ट हार्वेस्ट कालेज के अमन को सर्वश्रेष्ठ एथलीट एवम बालिकाओं में कृषि महाविद्यालय की पलक बालियान को सर्वश्रेष्ठ एथलिट का खिताब मिला। तथा प्रांशु एवम अंशी को द्वितीय सर्वश्रेष्ठ एथलिट का पुरस्कार मिला। इन प्रतियोगिताओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर कृषि महा विद्यालय को ओवर आल चैंपियन का पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम का संचालन विवि के खेल सचिव डॉ. विपिन कुमार ने किया। कार्यक्रम के अंत मे अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. डी के सिंह ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि विश्व विद्यालय में इस प्रकार की खेलकूद प्रतियोगिताये निरंतर जारी रहेगी। प्रतियोगिताओं के सफल संचालन में डॉ. आर एन यादव, डॉ. वी के सिंह, डॉ. श्रेया रावत, डॉ. अजीत, डॉ. रविकान्त, डॉ. अंकित, डॉ. पीयूष, डॉ. रविशंकर, श्रुति, पुष्पेंद्र त्यागी आदि का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर डॉ. विवेक, डॉ. रविन्द्र, डॉ. बिजेंद्र सिंह, डॉ. पंकज, डॉ. जयवीर सिंह, डॉ. जेनिथा, डॉ. तरुण सरकार, डॉ. आरएस सेंगर, पंकज चतुर्वेदी आदि सहित अनेक अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।



# जानी क्षेत्र में तीन जगह से अवैध शराब बरामद, आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** थाना क्षेत्र में अवैध शराब का जिन्न काफी दिनों बाद निकल कर आया। जहां जानी पुलिस पंचायत चुनाव से पहले अभियान चला रही है वहीं आज शुक्रवार को नंगला कुंभा स्थित जगबीर उर्फ जग्गा निवासी सिवाल खास को मिस इंडिया देसी शराब के साथ दबोच लिया। वहीं दूसरी ओर नीरज पुत्र करण सिंह निवासी ढडरा मिस इंडिया देसी शराब के साथ करीब 20 बोतल बरामद हुई। सुखबीर पुत्र बलबीर निवासी जानी खुर्द से भी बीस पाऊच मिस इंडिया शराब बरामद हुई हैं। सभी आरोपी का चालान कर जेल भेज दिया। वहीं थाना प्रभारी ने बताया की पंचायत चुनाव से पहले क्षेत्र में अभियान चलाकर अवैध शराब बेचने वालो को पकड़ा जाएगा।

# आरक्षण की मांग को लेकर वाल्मीकि समाज ने दिया धरना




**शाह टाइम्स संवाददाता**

मेरठ। उच्चतम न्यायालय के द्वारा वाल्मीकि समाज को आरक्षण की घोषणा की गई थी, लेकिन प्रदेश सरकार ने इसे अभी लागू नहीं किया है। इसी के विरोध में संघर्ष समिति के संयोजक विनोद कुमार बेचैन के नेतृत्व में वाल्मीकि समाज के लोगों ने कमिश्नरी पार्क में एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया। विनोद कुमार बेचैन ने कहा कि जब उच्चतम न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए देश के अन्य राज्यों में आरक्षण में उप वर्गीकरण का लाभ उपजातियां को दे दिया है तो यूपी सरकार इस मामले में सकारात्मक कदम क्यों नहीं उठा रही। उन्होंने मांग की है कि तत्काल उच्चतम न्यायालय का आदेश का संज्ञान देते हुए अनुसूचित जाति और जनजाति को आरक्षण का लाभ दिया जाए। अन्यथा वाल्मीकि समाज सड़कों पर उतरेगा धरने में पहुंचे पूर्व मंत्री प्रभु दयाल वाल्मीकि ने भी आरक्षण की मांग की है। धरने में सुरेंद्र कुमार ढगिंग्या, कैलाश चंदोला, दिनेश चौहान, मुकुल गहलोत, विनेश विद्यार्थी, गौतम रामचन्द्र, लोकेश टंडन आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। धरने के दौरान समाज के लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

# सपा नेताओं ने एसआईआर फॉर्म भरवाने की लोगों से की अपील



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** समाजवादी पार्टी के मेरठ हापुड़ जिला प्रभारी व पूर्व मंत्री आकिल मुर्तजा ने सपा कार्यकर्ताओं की बैठक कर एसआईआर में अधिक से अधिक वोट बनवाने की सपा कार्यकर्ताओं से बात कही। नगर में सपा नेता इंतजार चौधरी के आवास पर आयोजित बैठक में जिला प्रभारी आकिल मुर्तजा ने कहा कि आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में सपा पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने जा रही है इसलिए सभी कार्यकर्ता जी जान से जुट कर अधिक से अधिक वोट बनवाने का काम करें इसकी प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को भेजी जा रही है जो कार्यकर्ता इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं उनको आने वाले दिनों में सम्मान मिलेगा।

वहीं बैठक में पूर्व मंत्री प्रभु दयाल वाल्मीकि, सपा जिला अध्यक्ष कर्मवीर गुमी, हरीभूषण खटीक, अरशद प्रधान, सलीम कुरैशी, अवधेश शर्मा, जयकुमार सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं नगर के किठौर मार्ग पर स्थित एकता नर्सिंग होम में भी बैठक आयोजित हुई जिसमें प्रभारी आकिल मुर्तजा पूर्व विधायक योगेश वर्मा सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सरधना से लापता दूल्हे का नहीं लगा सुराग



लापता दुल्हा मोहसीन।



मोहसीन उर्फ मोनू की तलाश के बारे में चर्चा करते परिजन।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर के मोहल्ला उंचापुर से लापता हुआ नये दूल्हे का काफी तलाश करने के बाद भी कोई सुराग हाथ नही लग सका। परिजनों ने युवक को हर संभव स्थानों पर तलाश किया लेकिन कोई पता नही चल सका। परिजनों में किसी अनहा. ेनी की आशंका के चलते डर का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने इस मामले में कई टीमों को लगाकर छानबीन शुरू कर दी है। गौरतलब है कि सरधना नगर के मोहल्ला उंचापुर निवारी सईद के पुत्र मोहसीन उर्फ मोनू की बारात बुधवार को खतौली गई थी। खतौली से शादी के बाद रस्में पूरी होने के बाद दूल्हन को लेकर मो. हसीन घर वापस आ गए थे, बुधवार रात्रि मोहसीन दूल्हन के कमरे से बाहर सामान लेने की बात कहकर निकला था, लेकिन देर रात्रि तक वापस नही लौट सका था। परिजनों ने दो दिन से नव दूल्हे की तलाश कर रहें है, लेकिन कोई सुराग हाथ नही लग सका। गुरूवार को वलीमे के दिन मोहसीन की दो बहनों की बारात भी आनी थी, जिसकी रस्म परिजनों ने गम के माहौल में दोनों को विदा किया था। गुरूवार रात्रि से ही पुलिस युवक की तलाश में लगी हुई थी लेकिन शुक्रवार शाम तक भी युवक का कोई सुराग हाथ नही लग सका। सीओ आशुतोष कुमार का कहना है कि युवक की तलाश में टीम लगा रखी है जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जायेगा।

# सैय्यद मोहम्मद ईसा के ताया हाफिज यूनुस का निधन

## राज्यमंत्री दिनेश खटीक ने परिवार को दी सांत्वना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** सैयद मौहम्मद ईसा के ताया हाफिज यूनुस का लम्बी बीमारी के चलते रविवार को निधन हो गया था। शुक्रवार शाम जल शक्ति राज्य मंत्री व हस्तिनापुर विधायक दिनेश खटीक शोकाकुल परिवार को सांत्वना देने पहुंचे। उन्होंने बताया कि हाफिज यूनुस नेक दिल सच्चे समा. जसेवी रहे हैं। उन्होंने हमेशा लोगों की मदद की हैं। अश्वनी बिश्नोई, अजय शर्मा, नवाब सैफी, नफीस राजा, नायाब मिर्जा आदि लोग मौजूद रहे।

- क्षेत्र में शोक की लहर
- काफी समय से बीमारी से पीड़ित थे यूनुस

# भाजपा के जिला अध्यक्ष हरवीर पाल को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला सहकारी बैंक में नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष हरवीर पाल का भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रजनीश कौशल ने जिला अध्यक्ष को फूलों की माला पहनाकर तथा पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। उपस्थित सदस्यों ने हरवीर पाल को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी। वहीं जिलाध्यक्ष ने कहा कि वह पार्टी की नीति पर काम करेंगे और पार्टी को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। इस दौरान भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# गुरमत समागम में गूंजे शबद-कीर्तन, संगत हुई निहाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में 350वें शहीदी वर्ष को समर्पित एक भव्य विशेष गुरमत समागम आयोजित किया गया। सुबह 11 से 1 बजे तक चले कीर्तन दरबार में संगत गुरु-महिमा में डूबी रही। यह समागम गुरु तेग बहादुर एवं उनके महान शहीद साथियों भाई मतिदास, भाई सतिदास व भाई दयाला की शहादत को समर्पित था। भाई सतनाम सिंह कोहरका ने श्री दरबार साहिब, अमृतसर, भारत की मर्यादा अनुरूप भावपूर्ण गुरबाणी कीर्तन से माहौल को अलौकिक कर दिया। विद्यालय के बच्चों व शिक्षकों ने भी शबद गायन सहभागी के रूप में कीर्तन में संगति निभाई। स्कूल प्रबंधन की ओर से इंदरजीत सिंह सलवान तथा प्रधानाचार्य कर्मेंद्र सिंह ने संगत का धन्यवाद किया। अंत में सभी ने गुरु दा लंगर ग्रहण कर सेवा.भाव संकल्प दोहराया।

# भारत ने वर्ल्ड स्किल्स एशिया प्रतियोगिता में ऐतिहासिक शुरुआत की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारत ने एशियाई कौशल स्टेज पर पूरे गर्व के साथ अपनी यात्रा शुरू की। जब भारतीय दल वर्ल्ड स्किल्स एशिया प्रतियोगिता 2025 के उद्घाटन समारोह के लिए चाइनीज ताइपे पहुंचा। भारत पहली बार एशिया वर्ल्ड स्किल्स प्रतियोगिता 2025 में शामिल हो रहा है। भारत को 23 प्रतियोगियों और 21 एक्सपर्ट की टीम प्रतिनिधित्व कर रही है, जिसे कौशल विकास और उद्यम शीलता मंत्रालय का समर्थन है और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम इसकी इम्प्लीमेंटेशन ब्रांच है। टीम 21 अत्याधुनिक कौशल श्रेणियों में भारत की उत्कृष्टता का प्रदर्शन करेगी, जो देश को विश्व की कौशल राजधानी के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दल के साथ एमएसडीई के वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार ज्ञान भूषण भी हैं। ये प्रतियोगी मोबाइल रोबोटिक्स, सीएनसी मिलिंग, डिजिटल और वेब डेवलपमेंट, ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी, ग्राफिक डिजाइन टेक्नोलॉजी, ब्यूटी थेरेपी, फैशन टेक्नोलॉजी ज्यादा मांग वाली नई कौशल श्रेणियों में हिस्सा लेंगे।

**कार्यालय क्षेत्रीय प्रबंधक,**
**उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, मेरठ क्षेत्र, मेरठ।**

पत्रांक: 7316/क्षे.प्र./संविदा-स्था./मेरठ/25 दिनांक: 28.11.2025

**प्रेस विज्ञप्ति**

परिवहन निगम मुख्यालय लखनऊ के द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में उ.प्र. परिवहन निगम में उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन एवं उ.प्र. कौशल विकास मिशन तथा एन.सी.सी./एन.एस.एस./स्काउट गाइड संस्था के माध्यम से महिला अभ्यर्थियों को सीधे संविदा परिचालक पद पर अनुबन्ध पत्र के आधार पर आबद्ध किए जाने हेतु रोजगार मेले का आयोजन क्षेत्रीय स्तर पर किया जाना है:-

| क्र.सं. | प्रार्थना पत्र जमा कराये जाने का स्थल | आयोजन दिनांक |
|---|---|---|
| 01 | क्षेत्रीय प्रबन्धक कार्यालय, भैंसाली बस स्टैण्ड, दिल्ली रोड, मेरठ। | दिनांक-05 दिसम्बर, 2025 प्रातः 10:00 बजे से 17:00 बजे तक |

महिला अभ्यर्थियों को सीधे संविदा परिचालक पद पर अनुबन्ध पत्र के आधार पर निम्नवत स्रोतों से प्रयुक्त किया जाना है:-

01. उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, 02. उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, 03. एन.सी.सी., 04. एन.एस.एस., 05. स्काउट एवं गाइड

महिला अभ्यर्थियों को आबद्ध किए जाने हेतु प्रक्रिया निम्नवत् है :-

शैक्षिक अर्हता- इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण होने के साथ-साथ केन्द्र सरकार/राज्य सरकार की मान्यता प्राप्त संस्थाओं से CCC प्रमाण पत्र की अर्हता अनिवार्य है।

अनिवार्य स्त्रोत- 1. एन.सी.सी. 'बी' प्रमाण पत्र 2. एन.एस.एस. प्रमाण पत्र 3. भारत स्काउट एवं गाइड के राज्य/राष्ट्रपति पुरस्कार प्रमाण पत्र। (कोई भी एक)

आयु सीमा- दिनांक 26.11.2025 को आयु न्यूनतम 18 वर्ष व अधिकतम 40 वर्ष। (अ.पि.व./अनु.जाति/अनु.जनजाति को नियमानुसार आयु में छूट)

अनिवार्य दस्तावेज-04 पासपोर्ट साइज फोटो, इण्टरमीडिएट प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र, सीसीसी प्रमाण पत्र, आयु सीमा में छूट चाहने वालों को जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं पैन कार्ड। मूल दस्तावेजों के साथ दो सेट छायाप्रति लाना अनिवार्य है।

भुगतान- सीधे अनुबन्ध पर आबद्ध की जाने वाली महिला परिचालकों को वर्तमान में प्रचलित संविदा परिचालकों हेतु अनुमन्य पारिश्रमिक दरों एवं प्रोत्साहन का भुगतान समान दर से किया जायेगा।

**क्षेत्रीय प्रबन्धक**
**मेरठ।**

# खेल हमारे जीवन के महत्वपूर्ण अंग: तरारा

**शाह टाइम्स, संवाददाता**

**गजरौला।** नगर के रमाबाई अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय खेल स्पर्धा का शुभारंभ धनौरा विधायक राजीव तरारा ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके और गुब्बारे उड़ाकर किया।

विधायक ने कहा कि खेल हमारे जीवन के महत्वपूर्ण अंग हैं। खेल हमारे जीवन में अनुशासन, हार-जीत को स्वीकारने की क्षमता, शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक हैं। कहा कि खेल हमें स्वस्थ बनाते हैं और एक नई पहचान दिलाते हैं। जिला युवा कल्याण अधिकारी ऋषि कुमार ने विधायक का पुष्प गुच्छ भेंट करके स्वागत किया। पहले दिन के खेल परिणामों के अनुसार बैडमिंटन सब-जूनियर बालिका वर्ग में अक्षिता प्रथम व श्रद्धा द्वितीय, जूनियर बालिका वर्ग में तुलसी प्रथम व निदा परवीन द्वितीय, बालि. का सीनियर वर्ग बैडमिंटनमें नि. कता प्रथम व सोनी द्वितीय रहे। बालिका सीनियर वर्ग की 800 मीटर दौड़ में अंशी प्रथम व शबाना आजमीन द्वितीय रहे। 800 मीटर दौड़ बालक वर्ग सब-जूनियर में कृष्ण प्रथम व शनि द्वितीय, जबकि बालि. का वर्ग में प्रियांशी प्रथम व रोहिका द्वितीय रहे। बालिका सीनियर वर्ग गोला फेंक में जूही प्रथम व प्रिंसी द्वितीय, बालिका जूनियर वर्ग में पलक प्रथम व शिवानी द्वितीय जबकि सब-जूनियर में अंजलि प्रथम व श्रेया द्वितीय रहे। गोला फेंक बालक सब-जूनियर वर्ग में प्रीत प्रथम व वंश द्वितीय, सीनियर वर्ग धर्मेंद्र सिंह प्रथम व सुशील कुमार शर्मा द्वितीय, जूनियर वर्ग में प्रीत कुमार प्रथम व दक्ष सिंह द्वितीय रहे। 1500 मीटर दौड़ सीनियर बालक वर्ग में आक. ाश प्रथम व गौतम द्वितीय रहे। इस मौके पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अश्विनी कुमार, गौरव कुमार, अंकुर प्रकाश, प्रदीप कुमार,डॉ.संजीव चौहान, चंद्रमणि शर्मा, मनीष त्यागी, देवेंद्र सिंह, राजकुमार सिंह, सुमित यादव, सुनील भाटी,गौरव शर्मा, वीरेंद्र सिंह, हरविंदर सिंह, सुशील शर्मा ,साक्षी तोमर इत्यादि उपस्थित रहे।

### 1500 मीटर दौड़ में आकाश रहे प्रथम



गजरौला। क्रीड़ा समारोह में खिलाड़ियों को रवाना करते विधायक राजीव तरारा।

# निबंध में उर्वशी व भाषण में अनुष्का रहीं प्रथम

## राजकीय महाविद्यालय में हुई प्रतियोगिताएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत निबंध प्रतियोगिता में छात्रा को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। शुक्रवार को राजकीय महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और।संवेदनशील बनाना था। प्राचार्य डॉक्टर विनोद कुमार ने छात्रों को सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करने और हेलमेट जैसे सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से निबंध प्रतियोगिता और भाषण प्रतियोगिता का भी विभाजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में छात्रा उर्वशी शर्मा ने प्रथम उमेश कुमार ने द्वितीय और अनुष्का सैनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में अनुष्का सैनी प्रथम, वंशिका चौहान द्वितीय और मानुषी गुप्ता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉक्टर एमपी सिंह, एंटी रोमियो प्रभारी प्रेमपाल सिंह, मिशन शक्ति प्रभारी नेहा नेहरा, डॉ सचिन वर्मा, कपिल वर्मा, डॉ0 कविता चौधरी, दीपक तालान, सोमवीर सिंह डॉक्टर गिरेंद्र सिंह मौजूद थे।

# वकीलों ने एसपी से की निर्माण रोकने की मांग

## स्टे के बावजूद दबंग कर रहे निर्माण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सिविल कोर्ट से स्टे के बावजूद संपत्ति पर जारी निर्माण रोके जाने की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने एसपी अमित कुमार आनंद से मुलाकात की। उन्हें शिकायती पत्र सौंपते हुए निर्माण को तत्काल रोके जाने के लिए शहर कोतवाली पुलिस को निर्देश देने की मांग की।

शहर के मोहल्ला कोट निवासी संजीव जिंदल शुक्रवार को अधिवक्ता जन्मसिंह, राजीव शर्मा, तारिक अजीम व मनु शर्मा के साथ पुलिस कार्यालय पहुंचे। अवगत कराया कि मोहल्ले में ही उनका मकान और दुकान स्थित है। संपत्ति से जुड़ा मामला सिविल कोर्ट में विचाराधीन चल रहा है। कोर्ट ने स्टे आदेश दे रखा है लेकिन इसके बावजूद दूसरा पक्ष उक्त संपत्ति पर निर्माण करा रहा है। गुरुवार को इन लोगों ने ताले तोड़कर दुकान का शटर खोल लिया। जिसकी शिकायत शहर कोतवाली के अलावा कोट चौकी पर की गई लेकिन पुलिस ने मामले में कोई संज्ञान नहीं लिया। आरोप लगाया कि दूसरे पक्ष के लोग दबंग और हेकड़ किस्म के हैं। जुलाई 2025 में जानलेवा हमला कर चुके हैं। जिसका मुकदमा शहर कोतवाली में दर्ज है। अधिवक्ताओं ने विवादित संपत्ति पर निर्माण रोके जाने के साथ ही स्टे आदेश की अवहेलना करने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# महात्मा ज्योतिबाफूले की पुण्यतिथि मनाई

## सैनी समाज ने किया प्रतिमा पर माल्यार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** समाज सुधार की अलख जगाने वाले महान क्रांतिकारी महात्मा ज्योतिबा राव फुले की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को नगर का माहौल श्रद्धा और सम्मान से भर गया। नगर स्थित महाराजा शूरसेनी पार्क में सैनी समाज के लोगों ने पहुँचकर फुले जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनके संघर्षों को याद किया।

कार्यक्रम में महाराजा शूरसेन सैनी संगठन के अध्यक्ष सौरभ सैनी ने कहा कि ज्योतिबा फुले हमेशा कहते थे जाति भेदभाव अमानवीय प्रथा है। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जो निर्णायक संघर्ष छेड़ा, उसने समाज को एक नई सोच, नई दिशा और स्वतंत्रता का भाव दिया। पूर्व पालिकाध्यक्ष राजेश सैनी ने फुले को महान समा. जसेवी बताते हुए कहा कि उन्होंने शिक्षा, समानता और न्याय के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया। फुले न केवल जाति व्यवस्था और अस्पृश्यता के प्रखर विरोधी थे, बल्कि महिलाओं की शिक्षा और उनके सशक्तिकरण के सबसे बड़े



समर्थक भी थे। भारतीय समाज में सुधार की राह उन्होंने ही प्रशस्त कीकार्यक्रम में तहसील अध्यक्ष सुनील सैनी, शंकरलाल सैनी, संजीव सैनी, ऋतिक सैनी, राजवीर सैनी, अशोक सैनी, अमिताभ सैनी सहित समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने समाज में समरसता और शिक्षा के प्रसार का संकल्प लेते हुए फुले जी को अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

# जिले में 63 प्रतिशत पूरा हुआ एसआईआर कार्य

## कोई भी वोटर फार्म भरने से न छूटे: डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** एसआईआर अभियान के तहत जनपद में गणना प्रपत्रों के डिजिटलीकरण कार्य में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। जिला निर्वाचन अधिकारी निधि गुप्ता वत्स के मार्गदर्शन में अब तक 8.63 लाख से अधिक मतदाताओं के प्रपत्र डिजिटाइज किए जा चुके हैं, जो कुल कार्य का 63% से अधिक है।

डीएम ने निर्वाचन टीम का मनोबल बढ़ाते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि अपने गणना प्रपत्र शीघ्रता से बीएलओ को जमा करें और अंतिम तिथि का इंतजार न करें। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिदिन जूम मीटिंग के माध्यम से ैप्ट कार्यों की समीक्षा कर रही हैं। उन्होंने सभी नोडल व क्षेत्रीय अधिकारियों को कम प्रगति वाले बूथों पर विशेष ध्यान देने तथा "बुक अ कॉल विद बीएलओ" ऐप के लंबित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि लोकतंत्र मजबूती के लिए सभी मतदाता आगे आएं और इस अभियान में सहयोग दें।

# अमरोहा की कई लोकेशन फिल्म निर्माण में उपयोगी



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भोकाल सीरीज फेम बॉलीबुड अभिनेता प्रदीप नागर ने कहा कि अमरोहा जनपद की कई लोकेशन फिल्म निर्माण के लिए बहुत ही उपयोगी हैं। नोएडा में फिल्म सिटी के निर्माण से उत्तर प्रदेश सहित एनसीआर के कलाकारों को बहुत लाभ पहुंचेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसके लिए धन्यवाद के पात्र हैं।

शुक्रवार को हाइवे स्थित एक रेस्टोरेंट में प्रदीप नागर व निर्देशक नागेन्द्र चौधरी ने पत्रकार वार्ता में बताया हाल ही में सुमन टाकीज के बैनर तले उनका एक नया गीत ' लव यू मेरी सासु की ' रिलीज हुआ है, जिसमें अभिनेत्री सपना चौधरी हैं। चार दिन में यू टयूब पर इसकी दर्शक संख्या 40 लाख के पार पहुंच गई है। अभिनेता ने बताया कि इस गीत में तिगरी गंगा धाम और धनौरा गढ़ी मंदिर की लो. केशन ली गई है। अमरोहा जनपद में ऐसी कई लोकेशन हैं जो फिल्म निर्माण में बहुत उपयोगी हो सकती हैं। हमारा प्रयास आगे भी यही रहेगा कि अमरोहा में स्थानीय, हरियाणवी, वेब सीरीज और बॉलीबुड फिल्मों की शूटिंग हो और उसमें स्थानीय कलाकारों को भी जगह मिले। इस मौके पर राजेश भाटी, विनय कुमार, सुरजीत सिंह, मुकेश गोयल आदि मौजूद रहे।

### अभिनेता प्रदीप नागर ने की प्रेसवार्ता

## एक नजर

### महबूब व परवेज ने जमा किया एसआईआर फार्म





**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** लोक लेखा समिति के सभापति एवं सदर विधायक महबूब अली व पूर्व एमएलसी परवेज अली ने मतदाता सघन पुरीक्षण फार्म भरकर बीएलओ को भरकर जमा किये। शुक्रवार को अपने दानिशमंदान स्थित आवास पर सदर विधायक महबूब अली व पूर्व एमएलसी परवेज अली ने मतदाता सघन पुनरीक्षण फार्म भरकर बीएलओ को जमा किये। इस दौरान उन्होंने बूथ लेबल अधिकारियों से वार्ता कर सभी मतदाताओं के एसआईआर फार्म ठीक तरह से भरकर बीएलओ के पास जमा करने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि चार दिसम्बर है। उन्होंने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को हिदायत दी कि एक भी मतदाता का एसआईआर फार्म भरने से न छूटे।

### करंट के चपेट में आकर किसान झुलसा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** सिंचाई करने गया किसान करंट की चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस गया। गंभीर हालत में जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव सोहरका निवासी महावीर पुत्र गोपाल अपने खेत पर लगे ट्यूबल से सिंचाई करने के लिए गये थे। जैसे ही किसान ने ट्यूबल चलाने के लिए स्टार्टर दबाया अचानक करंट की चपेट में आ गया तथा बुरी तरह से झुलस गया। किसान की चीखों को सुनकर आसपास के खेतों पर काम कर रहे ग्रामीणों ने मौके की ओर को दौड़ लगा दी तथा उसके परिजनों को सूचना दी। परिजन झुलसे हुए किसान को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंच गये।

### पूर्व मंत्री स्व.कौशिक की पुण्यतिथि आज

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं समा. जवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य स्व.रमाशंकर कौशिक की 17वीं पुण्यतिथि आज शनिवार को मनाई जाएगी। उनके बस्ती रोड स्थित आवास अवंतिका पर श्रद्धांजलि सभा का कार्यक्रम होगा।

# झगड़े की घटना में दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** थाना क्षेत्र के एक गांव में विवाद में दोनों पक्षों का एक-एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से मुकदमा दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार गांव लखमिया निवासी कृपाल सिंह के पुत्र रिंकू सिंह का आरोप है कि गांव के ही कुछ लोगों ने गुरूवार की शाम को रास्ते में रोककर मारपीट की और सरियों, धारदार हथियारों का प्रहार करकेघ्घायल कर दिया। पुलिस ने रिंकू की तहरीर पर संतवीर, महीपाल सिंह, अशोक व चन्द्रपाल के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है, जबकि दूसरे पक्ष फग्गन सिंह के पुत्र महिपाल ने दो भाई रिंकु व राकेश समेत तीन आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराते हुए लाठी डंडो से मारपीट करके घायल करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

### दोनों पक्षों की ओर से मुकदमा दर्ज

## कार ने बाइक में मारी टक्कर, दो घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** रजबपुर -बाइक को कार ने मारी पीछे से टक्कर दो घायल रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव अतरासी के रहने वाले शहनाज व अरबाज वआस मोहम्मद किसी काम से बा ईक से गजरौला की साइड को जा रहे थे कि हा ईवे पर अतरासी पहुंचे ही थे कि पीछे से कार ने टक्कर मार दी जिसमें शहनाज अरबाज बुरी तरह घायल हो गए मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया जहां से अरबाज की हालत को नाजुक देखते हुए उसे मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया

# ज्योतिबा व सावित्रि बाई को मिले भारत रत्न

## 135वीं पुण्यतिथि पर किया याद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** आल इंडिया सैनी सभा ने महात्मा ज्योतिबाफूले की 135वीं पुण्यतिथि मनायी तथा सावित्रिबाई फूले व महात्मा फूले को भारतरत्न से सम्मानित करने की मांग की। कलेक्ट्रेट में महात्मा ज्योतिबा फूले की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर पुण्यतिथि मनायी तथा केन्द्र सरकार से महात्मा फूले व सावित्रिबाई फूले को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग को डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। सावित्रिबाई फूले की जीवनी को साहित्य में शामिल करने व जिले का नाम फिर से ज्योतिबाफूले नगर रखने की मांग की। सैनी शाक्य, मौर्य, कुश्वाह समाज को



सर्वाधिक पिछड़ा वर्ग में रखकर विधानसभा व लोकसभा में सीटे आरक्षित करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में जिलाध्यक्ष राजपाल सैनी, पूरन सिंह सैनी, संजीव कुमार, दिनेश, विजय सैनी, कल्लन सिंह आदि मौजूद रहे।

## भाकियू ने किसान आयोग के गठन की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता, रहरा।** भाकियू शंकर ने किसान आयोग का गठन करने व स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के आधार पर किसान आयोग के गठन की मांग की। भारतीय किसान यूनियन शंकर की मासिक पंचायत ब्लॉक परिसर में आयोजित की गई। बैठक में मांग की गयी कि अमरोहा को विकास प्राधिकरण का दर्जा तथा गजरौला में ट्रॉमा सेंटर की स्थापना हो। ब्लॉक में आधार बनाने की मशीनें आने के बावजूद चालू न होने पर किसानों ने कड़ा रोष व्यक्त किया। राशन कार्ड व संशोधन कार्य जल्द शुरू कराने की मांग की गई। बैठक की अध्यक्षता सुभाष चंद्र त्यागी व संचालन कमल ठाकुर ने किया। पंचायत में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे, जिन्होंने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की और समाधान की मांग उठाई। पंचायत में ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. योगेंद्र कुमार, शीशपाल सिंह, कमल ठाकुर, राकेश कुमार दौरारा, चौधरी नरेंद्र, हेमराज सिंह, मोनू, बालकिशन, भागमल, सुभाष त्यागी, कलुआ, इंद्रपाल, रूपकिशोर सहित अनेक किसान मौजूद रहे।

# मोबाइल हैक कर 1.43 लाख रुपये उड़ाए

## ईट फैक्ट्री संचालक को बनाया शिकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** साइबर अपराधियों ने इंटरलॉकिंग ईंट फैक्ट्री संचालक का मोबाइल फोन हैक कर बैंक खातों से 1.43 लाख रुपये उड़ा लिए। साइबर अपराधियों ने बैंक खाते के साथ क्रेडिट कार्ड पर भी हाथ साफ कर दिया। पीड़ित फैक्ट्री संचालक ने साइबर थाने में तहरीर देते हुए कार्रवाई करने की मांग की।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव अशरफपुर फैजगंज निवासी फैक्ट्री संचालक मोहम्मद शाहनवाज का जोया की एचडीएफसी बैंक शाखा में खाता है। उन्होंने बैंक से क्रेडिट कार्ड भी ले रखा है। आरोप है कि 27 नवंबर को अचानक उनका फोन हैक हो गया। इसके बाद एक बार में 49500 रुपये फिर 49 हजार व इसके कुछ देर बाद 15 हजार रुपये बैंक खाते से कट गए। इसके अलावा साइबर ठगों ने क्रेडिट कार्ड से भी 30 हजार रुपये उड़ा लिए। कुछ देर बाद मोबाइल पर खाते से रुपये कटौती का संदेश मिलने पर मोहम्मद शाहनवाज के होश उड़ गए। वह बैंक पहुंचे व खाते के संच. ालन पर रोक लगवाते हुए बैंक स्टेटमेंट निकलवाया। बैंक की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं हुई तो उन्होंने साइबर ठगी की ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। शुक्रवार को पीड़ित मोहम्मद शाहनवाज साइबर क्राइम थाने पहुंचे व तहरीर देते हुए कार्रवाई करने की मांग की। सीओ शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में साइबर टीम जांच कर रही है। जल्द आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया जोश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** हीरा इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा नर्सरी से कक्षा दो तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित चार दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता रोमांच और उत्साह से भरपूर रही। विद्यालय के खेल मैदान में नन्हे-मुन्नों ने विभिन्न दौड़ व खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी फुर्ती, प्रतिभा तथा अनुशासन का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उछल-कूद दौड़ में कक्षा 1 । के काव्यांश चौहान, कक्षा 1-ठ के काव्यांश गिल और कक्षा 1-ब के मो. शमी पहले स्थान पर रहे, जबकि कक्षा 2 की श्रेणियों में आर्यमान चाहल, देवांश चौधरी और ओजस्वी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कप-एंड-बॉल्स प्रतियोगिता में भी नन्हे बच्चों का उत्साह देखने लायक रहा, जिसमें नर्सरी-। से ध्रुव चौहान, नर्सरी-ठ से निवांक यादव और नर्सरी-ब से फरहाद ने बाजी मारी। एलकेजी और यूकेजी वर्ग में दक्ष चौधरी, प्रभव सैनी, लव सिरोही और अभि सैनी प्रथम स्थान पर रहे। प्रविद्यालय के चेयरमैन कृष्ण कुमार अग्रवाल और निदेशक कपिल कुमार अग्रवाल ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और पढ़ाई के साथ शारीरिक विकास के लिए खेलों को अत्यंत आवश्यक बताया। कार्यक्रम में आदित्य कुमार साहू, जया चौधरी, याचना शर्मा, कविता शर्मा, नीतू सैनी सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# स्कूल के आगे हाइटेंशन लाईन से हो ना जाए कोई हादसा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में चिंदौड़ी मार्ग पर स्थित सीबीएस एकेडमी स्कूल में सैकड़ों बच्चे शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते हैं। स्कूल के रास्ते पर बीचों बीच हाइटेंशन लाईन गुजर रही है जो ज्यादा ऊंचाई पर भी नहीं है जिससे स्कूल के बच्चों की जान को खतरों बना रहता है। यहां कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। हालांकि लाईन के नीचे विद्युत विभाग द्वारा सेफ्टी वायर भी लगाई गई है लेकिन उसके बाद भी लाईन में फाल्ट होने पर तार टूटकर नीचे गिरने का खतरा बना रहता है। स्कूल के संचालक उदित चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके यहां सैकड़ों छोटे छोटे बच्चे पढ़ने आते हैं जिन्हें स्कूल के बाहर मैन रास्ते पर हाइटेंशन लाईन से खतरा बना रहता है। उन्होंने पूर्व में कई बार विद्युत विभाग में शिकायत कर लाईन को एक साइड करने की मांग की लेकिन अभी तक कोई भी समाधान नहीं हो सका है। इस तरह विद्युत विभाग की लाप. रवाही के कारण यहां कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

### स्कूल संचालक के द्वारा कई बार की गई शिकायत नहीं हुआ समाधान

# बागपत में ग्रेप लागू, धूल-धुएं पर एक्शन मोड में प्रशासन

## ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के तहत हुआ ईट-भट्ठों की ग्रीन नेट फेसिंग का कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शीतकाल में बढ़ते वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए बागपत जिला प्रशासन ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान को मिशन मोड में लागू कर पूरे जिले में कड़े कदम उठाए हैं। नगर निकायों द्वारा मुख्य बाजारों, प्रमुख मार्गों, बस अड्डों, औद्योगिक इलाकों और निर्माणाधीन स्थलों पर लगातार जल छिड़काव कराया जा रहा है। एंटी-स्मॉग गन और हाई-कैपेसिटी स्प्रिंकलरों के माध्यम से उड़ती धूल को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिससे हवा में मौजूद प्रदूषक कणों को कम किया जा सके।





जिलेभर में ईंट भट्टों की ग्रीन नेट फेसिंग की पहल भी की गई जिसके तहत ईंट भट्टों में तय 6 फीट की फेसिंग सुनिश्चित की गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्माण प्रक्रिया के दौरान उड़ने वाली धूल हवा को सबसे अधिक प्रभावित करती है, इसलिए अनुपालन न करने वालों पर कार्रवाई तय है। यह कदम बच्चों, बुजुर्गों और किसानों को धूल प्रदूषण से राहत देने के लिए जरूरी है। ग्रेप के तहत अन्य विभाग भी अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को सख्ती से निभा रहे हैं। परिवहन विभाग द्वारा प्रदूषणकारी वाहनों की चेकिंग बढ़ाई गई है, जबकि सभी बस अड्डों पर वाहनों के इंजनों को अनावश्यक रूप से चालू रखने पर रोक लगाई गई है। कृषि विभाग गांवों में पराली न जलाने को लेकर जागरूकता चला रहा है और नगर निकायों द्वारा खुले में कूड़ा जलाने की घटनाओं पर विशेष निगरानी जारी है। प्रशासन ने 'आपदा मित्र' स्वयंसेवकों को कूड़ा जलाने की सूचना फोटो सहित उपलब्ध कराने पर 2500 की प्रोत्साहन राशि देने की प्रक्रिया भी शुरू की है। प्रशासन ने लोगों से भी अपील की है कि वायु प्रदूषण नियंत्रण केवल सरकारी कार्रवाई से संभव नहीं है, बल्कि सामूहिक प्रयासों से ही स्वच्छ हवा सुनिश्चित की जा सकती है। नागरिक कूड़ा या सूखी पत्तियां न जलाएं, कूड़ा जलते पाए जाने पर तुरंत सूचना दें, वाहन सर्विसिंग समय पर कराएं, वाहन का प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र अपडेट रखें और संभव हो तो कम दूरी के लिए साइकिल का उपयोग करें। घरों में सूखी पत्तियों को कंपोस्टिंग में बदलना भी एक सरल और प्रभावी उपाय है। पेड़-पौधों की संख्या बढ़ाने और धूल फैलाने वाली गतिविधियों से बचने जैसे छोटे कदम भी बड़े परिणाम दे सकते हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि ग्रेप चरण-3 का पालन जनहित में अनिवार्य है और वायु गुणवत्ता में सुधार तभी संभव है जब अधिकारी, संस्थान और आम नागरिक एक साथ मिलकर जिम्मेदारी निभाएं।

# व्यापारी ने अधिकारियों के सामने SIR से संबंधित समस्याओं को रखा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** व्यापारी समाज SIR अभियान में सक्रिय रूप से सहयोग कर रहा है। शुक्रवार को व्यापारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रशासनिक अधिकारियों के सामने SIR से संबंधित समस्याओं को रखा, साथ ही विशेष कैंप लगाने की मांग की।

इंडस्ट्रीज एंड ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष योगेश जिंदल ने बताया कि उनकी टीम बागपत और बड़ौत क्षेत्र में काम कर रही है। वे बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) का सहयोग कर रहे हैं, क्योंकि उन पर काम का अधिक दबाव है और उन्हें समय व सहयोग की आवश्यकता है। जिंदल अपनी 50 से अधिक लोगों की टीम के साथ नगर और आसपास के क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चला रहे हैं ताकि SIR की प्रक्रिया जल्द पूरी हो सके। खिदमत सेवा समिति के अध्यक्ष इरफान मलिक ने भी बताया कि उन्होंने अपनी ओर से 50 लोगों को बीएलओ के सहयोग के लिए फील्ड में लगाया है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यह कार्य समय पर पूरा हो और हर व्यक्ति को इसका लाभ मिल सके। इरफान मलिक ने सुझाव दिया कि SIR प्रक्रिया शुरू करने से पहले बीएलओ को उचित प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए था। इससे कार्य समय पर और त्रुटि रहित हो पाता। उन्होंने सभी से इस कार्य में सहयोग करने की अपील की, इसे प्रत्येक व्यक्ति का अपना काम बताया। इस दौरान, व्यापारियों ने अधिकारियों से बड़ौत क्षेत्रमें एक विशेष कैंप लगवाने की मांग की। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जल्द ही यह कैंप लगाया जाएगा।




# कॉलेज के पास खुले में रखे विद्युत ट्रांसफार्मर हादसों को दे रहे न्योता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** टीकरी कस्बे में हरचंद मल जैन इंटर कॉलेज के पास खुले में रखे विद्युत ट्रांसफार्मर हादसों को न्योता दे रहे हैं। इन ट्रांसफार्मरों के पास से ग्रामीण और बच्चे लगातार गुजरते हैं, जिससे दुर्घटना का डर बना रहता है।

इन ट्रांसफार्मरों को न तो कंटीले तारों से घेरा गया है और न ही इनके चारों ओर कोई बाउंड्रीवॉल बनाई गई है। यह स्थिति बारिश के मौसम में और भी खतरनाक हो जाती है, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है। कस्बे के आनंद प्रकाश, लोकेंद्र राठी, ओमबीर, सतेंद्र, राजेंद्र, विक्की और अमरजीत सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि खुले में रखे ट्रांसफॉर्मर लगातार हादसों का कारण बन रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस समस्या को लेकर विद्युत विभाग के अधिकारियों से कई बार शिकायत की गई है, लेकिन आज तक कोई ध्यान नहीं दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार, सुरक्षा उपायों की कमी के कारण कई बार बंदर और गौवंश जैसे जानवर इन ट्रांसफार्मरों की चपेट में आकर हादसे का शिकार हो चुके हैं। इस संबंध में टीकरी बिजलीघर के जेई रविरंजन ने बताया कि खुले में रखे ट्रांसफार्मरों के चारों ओर बाउंड्रीवॉल बनाने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस कार्य को जल्द ही पूरा कराया जाएगा।



# किसानों ने पुलिस को दी अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** गढी कलंजरी गांव के जगंल मे रात्रि अज्ञात चोरो ने 11 नलकूपों पर धावा बोल हजारों रूपये के केवल काट ले गये। पीड़ित किसानो ने थाने पहुंच अज्ञात चोरो के खिलाफ तहरीर दी है।

गढी कलंजरी निवासी बुद्ध प्रकाश पुत्र हुकुम सिंह ने थाना चांदीनगर में तहरीर देते हुए बताया कि रात्रि उसके नलकूप और उनके गांव के ही विरेन्द्र पुत्र हरिराम, पुष्पेन्द्र पुत्र नवल, सोनपाल, सतीश, गोलू, बलबीर, उत्तर, भगवान दास, जगदीश, रामकुमार के नलकूपों पर चोरो ने धावा बोल बिजली के केवल काट ले गये जिससे किसानो में रोष है। चांदीनगर क्षैत्र के ढिकोली, चमरावल, सहित अन्य गावों मे पिछले दो वर्षो से चोरो का आतंक बना हुआ है चोर नलकूपों को निशाना बना चोरी कर ले जाते है। किसानो ने उच्च अधिकारियों से चोरो को पकड़वाने की मांग की है।




## एक

# 11वीं कक्षा के छात्र ने खाया जहरीला पदार्थ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** एक निजी स्कूल में 11वीं कक्षा के एक छात्र ने जहरीला पदार्थ खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर स्कूल प्रशासन और परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से डॉक्टरों ने उसे मेरठ रेफर कर दिया। छात्र की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। यह घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के एक निजी स्कूल में हुई। छात्र ने स्कूल में होने वाली पेरेंट्स मीटिंग के डर से घर से आकर स्कूल में जहरीला पदार्थ निगल लिया। जब छात्र की हालत बिगड़ने लगी, तो इसकी सूचना परिजनों को दी गई। स्कूल प्रशासन और परिजनों ने छात्र को अस्पताल पहुंचाया। छात्र के पिता ने बताया कि स्कूल में शिकायत होने के डर से उनके बेटे ने यह कदम उठाया। प्रारंभिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने छात्र को मेरठ रेफर कर दिया था। उसकी हालत अब ठीक बताई जा रही है, लेकिन उसे आगे के उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती रखा जाएगा। पुलिस अधिकारियों ने इस मामले में फिलहाल कोई जानकारी देने से इनकार किया है।

# खेल महोत्सव के दूसरे दिन हुए रोमांचक मुकाबले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** जिवाना के गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में चल रहे तीन दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को कबड्डी, खोखो व वॉलीबॉल स्पर्धाओं के रोमांचक मुकाबले हुए। सीनियर बालक वर्ग कबड्डी स्पर्धा में नर्मदा हाउस के टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अलकनंदा हाउस को 25-18 से हराकर फाइनल में जगह बनाई, जबकि जूनियर वर्ग में अलकनंदा हाउस ने नर्मदा हाउस को 25-8 से हराकर कर फाइनल में प्रवेश किया। जबकि गंगा हाउस ने यमुना हाउस को एकतरफा मुकाबले में 43-6 से पराजित कर फाइनल में स्थान बनाया। बालक वर्ग खोखो स्पर्धा के फाइनल मुकाबले में गंगा हाउस ने कांटे के मुकाबले में यमुना हाउस को 8-7 से शिकस्त देकर खिताब अपने नाम किया। वॉलीबॉल स्पर्धा में गंगा हाउस ने नर्मदा हाउस को 15-8 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। विभिन्न स्पर्धाओं के फाइनल मुकाबले व पुरस्कार वितरण शनिवार को होगा। आयोजन में प्रबंधक डा.अनिल आर्य, निदेशक डा.सुनील आर्य, एडवोकेट कुणाल आर्य, प्रधानाचार्य पवन त्यागी, उप प्रधानाचार्य डा. सुशील वत्स, प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश शर्मा, एसएसआई नरेश चंद यादव, कपिल तोमर, गुड़िया खोखर, तबिंदा सैफी, चंद्रवीर सिंह आदि का सहयोग रहा।

# दहेज उत्पीड़न से जुड़ी महिला की मौत से गांव में तनाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** शबगा गांव में दहेज उत्पीड़न से जुड़ी एक महिला की मौत के मामले ने शुक्रवार को तनावपूर्ण स्थिति पैदा कर दी। मृतका दीपा का अंतिम संस्कार गुरुवार देर रात 8 बजे तक नहीं हो सका। परिजन और ग्रामीण आरोपियों की गिरफ्तारी और पुलिस अधीक्षक के मौके पर पहुंचने की मांग पर अड़े रहे, जिसके चलते उन्होंने चिता जलाने से इनकार कर दिया।



मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी विजय सिंह ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे अपनी मांगों पर कायम रहे। ग्रामीणों का कहना था कि जब तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जाता और एसपी मौके पर नहीं आते, तब तक अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा। मृतका के भाई शिवकुमार पुत्र जगपाल, निवासी शबगा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी बहन दीपा की शादी 26 जनवरी 2022 को बागपत के सरूरपुर कलां निवासी गौरव पुत्र रामपाल से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति गौरव, जेठ दीपक, सास पिंकी और जेठानी अनिता दहेज में दिए गए सामान से असंतुष्ट थे। वे लगातार पांच लाख रुपये अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहे थे। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया है कि आरोपी गौरव और उसके साथी दीपा पर गलत संबंध बनाने का दबाव डालते थे। मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न का विरोध करने पर उसकी स्थिति और बिगड़ती गई। मृतका अपने पीछे दो मासूम बच्चे छोड़ गई है, जिनकी उम्र लगभग दो वर्ष और आठ माह बताई जा रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी आशीष पुंडीर ने जानकारी दी कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि सुबह के समय अंतिम संस्कार कराया जाएगा और पुलिस सभी पहलुओं पर गहनता से छानबीन कर रही है।

# विभिन्न मांगों को लेकर लेखपालों ने दिया धरना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के तत्वाधान में लेखपालों ने तहसील परिसर में प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। लेखपाल सिंह के तहसील अध्यक्ष अंकित कुमार के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम भावना सिंह को सोपा गया। धरना देते हुए लेखपालों ने कहा कि प्रदेश सरकार लेखपालों के साथ खिलवाड़ कर रही है। इस मौके पर बिजेंद्र कुमार रुबीना देवी शशांक भारद्वाज संजीव कुमार संजय सिंह अमित शर्मा के अलावा भारी संख्या में लेखपाल मौजूद रहे।

# स्वच्छता और सम्मान का संगम बनेगा जनपद का पहला शवदाह गृह, लगभग एक करोड़ की लागत से होगा तैयार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिला प्रशासन ने बड़ौत में एक अत्याधुनिक शवदाह गृह स्थापित करने की महत्वपूर्ण पहल की है। इसके माध्यम से पर्यावरण-अनुकूल दाह-संस्कार प्रक्रिया को बढ़ावा मिलेगा तथा स्वच्छता और सार्वजनिक स्वास्थ्य के मानकों में सुधार होगा।

प्रदेश के विभिन्न जनपदों में संचालित इलेक्ट्रिक एवं गैस शवदाह गृहों के सफल अनुभवों को ध्यान में रखते हुए, बड़ौत में भी हाई-एफिशिएंसी क्रेमेटर यानी उच्च दक्षता से युक्त शवदाह तकनीक स्थापित की जा रही है। यह तकनीक प्रदूषण नियंत्रण, संसाधन-दक्षता और सुचारू संचालन के आधुनिक मानकों पर आधारित है। इस शवदाह गृह के निर्माण से लोगों को पर्यावरण-अनुकूल दाह-संस्कार का विकल्प मिलेगा और पारंपरिक लकड़ी-आधारित शवदाह पर निर्भरता कम होगी। पारंपरिक चिता-दाह में लकड़ी की अधिक खपत, वायु प्रदूषण, राख और धुएँ से उत्पन्न स्वास्थ्य समस्याएँ तथा भीड़-भाड़ जैसी चुनौतियाँ बनी रहती हैं। लकड़ी के अत्यधिक उपयोग के कारण हर वर्ष बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई भी होती है। नया अत्याधुनिक तकनीकों से युक्त शवदाह गृह इन समस्याओं का प्रभावी समाधान प्रस्तुत करेगा। इसमें लकड़ी की आवश्यकता लगभग समाप्त हो जाती है, जिससे प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण होगा और कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी आएगी। दाह-संस्कार की पूरी प्रक्रिया नियंत्रित एवं स्वच्छ वातावरण में संपन्न होगी, जिससे धुआँ, राख और प्रदूषण लगभग नगण्य रहेगा। बड़ौत नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी मनोज रस्तोगी ने बताया कि यह शवदाह गृह सीएनजी गैस पर आधारित होगा। आर्थिक दृष्टि से भी यह प्रणाली अधिक किफायती है, जिससे मृतक के परिजनों पर पारंपरिक दाह-संस्कार की तुलना में कम आर्थिक बोझ पड़ेगा। इस प्रकार, बड़ौत में स्थापित होने वाला यह शवदाह गृह पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, जनसुविधा और संसाधन-बचत-चारों स्तरों पर सकारात्मक परिवर्तन लाएगा। प्रशासन द्वारा इस परियोजना के माध्यम से अंतिम संस्कार प्रक्रिया को अधिक गरिमामय, स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने का लक्ष्य रखा गया है। 15 वित्त के बजट से लगभग एक करोड़ की लागत से बनने वाले इस शवदाह गृह परिसर में प्रतीक्षा कक्ष, स्वच्छ जल-व्यवस्था, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, दिव्यांगजन-अनुकूल मार्ग, शीतलन सुविधा तथा सीसीटीवी निगरानी जैसी सुविधाएँ विकसित की जाएँगी, ताकि परिवारों को शांत और सम्मानजनक वातावरण में अंतिम संस्कार की सुविधा प्राप्त हो सके। गर्मियों की तेज़ लू, सर्दियों की घना कोहरा, बारिश या बाढ़ जैसी परिस्थितियों में पारंपरिक दाह-संस्कार अक्सर बाधित हो जाते हैं। इलेक्ट्रिक शवदाह गृह इन परिस्थितियों से प्रभावित हुए बिना निरंतर और सुरक्षित रूप से संचालित हो सकता है। इससे आम जनता को मौसम या प्राकृतिक परिस्थितियों का इंतज़ार किए बिना तत्काल और सुगम अंतिम संस्कार की सुविधा मिलती है, जो जनसुविधा के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# नगर पालिका अध्यक्ष राजुद्दीन को पद से हटाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नगर पालिका अध्यक्ष राजुद्दीन को पद से हटा दिया गया है। उन पर दुकान आवंटन और संपत्ति कर में गड़बड़ी के आरोप थे, जो जांच में सही पाए गए। यह कार्रवाई गन्ना समिति के चेयरमैन प्रदीप ठाकुर की शिकायत पर हुई।

राजुद्दीन पर आरोप था कि उन्होंने 10, 20, 50 या 100 रुपये के स्टांप पर 739 प्लॉटों को संपत्ति कर रिकॉर्ड में दर्ज कराया। इनमें से केवल 39 प्लॉटों के दस्तावेज पूरे पाए गए। नियमानुसार, ये प्लॉट केवल बैनामों के आधार पर दर्ज होने चाहिए थे। इस अनियमितता के कारण सरकारी जमीन पर कब्जे हुए और सरकार को स्टांप शुल्क का भारी नुकसान हुआ। इन आरोपों की जांच एडीएम द्वारा की गई, जिसकी रिपोर्ट मई 2023 में शासन को भेजी गई थी। इसके बाद राजुद्दीन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया। उनके जवाब के आधार पर शासन ने दोबारा जांच कराई, जिसमें सभी आरोप सही पाए गए।

यह दूसरी जांच रिपोर्ट अप्रैल 2025 में शासन को मिली। नगर निकाय के प्रमुख सचिव पी. गुरुप्रसाद ने बृहस्पतिवार को राजुद्दीन को चेयरमैन पद से हटाने के आदेश जिलाधिकारी को भेजे। राजुद्दीन को पालिका निधि को हानि पहुंचाने, उसका दुरुपयोग करने और नगर पालिका के हित के विरुद्ध कार्य करने का दोषी पाया गया है। अब जिलाधिकारी या उनके द्वारा नामित अधिकारी प्रशासक के तौर पर पालिका की जिम्मेदारी संभालेंगे। रोजुद्दीन वर्ष 2023 में लगातार तीसरी बार नगर पालिका चेयरमैन बने थे। इससे पहले भी वह दो बार इस पद पर रह चुके थे। तीसरे चुनाव के दौरान नगर पालिका के सीमा विस्तार से उनकी कुर्सी खतरे में पड़ गई थी, लेकिन हाईकोर्ट द्वारा सीमा विस्तार पर रोक लगाने से उन्हें लाभ मिला था। राजुद्दीन के खिलाफ अन्य मामलों में भी जांच चल रही है। इनमें शहर के पक्का घाट पर श्मशान घाट निर्माण में घोटाले, केतीपुरा में भू-माफियाओं को लाभ पहुंचाने के लिए कब्रिस्तान की जमीन पर इंटरलॉकिंग लगवाने, नगर पालिका के बाहरी क्षेत्र में कार्य कराकर धन खर्च करने और सब्जी मंडी में अवैध दुकानों का निर्माण व आवंटन करने के आरोप शामिल हैं।

# पुलिस ने चोर गिरोह के एक सदस्य को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पुलिस ने चोर गिरोह के एक सक्रिय सदस्य आस मोहम्मद को गिरफ्तार किया है। वह गाजियाबाद के लोनी स्थित निशांत कॉलोनी का निवासी है। पुलिस ने उसके पास से 24.50 लाख रुपए मूल्य के 57 मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

आस मोहम्मद के दो साथी, काला (निवासी अमन गार्डन) और तालिब (निवासी नसबंदी कॉलोनी, लोनी), मौके से जंगल में भागने में सफल रहे। यह कार्रवाई निवाड़ा चौकी पर नियमित चेकिंग के दौरान हुई। पुलिसकर्मियों ने एक बाइक पर सवार तीन युवकों को रोका और पूछताछ शुरू की। इसी दौरान बाइक पर पीछे बैठे दो युवक भाग निकले। पुलिस ने आस मोहम्मद को पकड़ लिया और उसके बैग की तलाशी ली, जिसमें से 57 मोबाइल फोन बरामद हुए। पूछताछ में पता चला कि ये मोबाइल दिल्ली, हरियाणा, गाजियाबाद और नोएडा के विभिन्न इलाकों से झपटमारी और चोरी करके जमा किए गए थे। आस मोहम्मद ने यह भी खुलासा किया कि वह दिल्ली और आसपास के इलाकों में बाइक से मोबाइल झपटने वाले गिरोह का सरगना है। वह झपटमारों से सस्ते दामों पर मोबाइल खरीदता था और फिर उन्हें रटौल निवासी नईम को बेच देता था। गिरफ्तारी के समय, भी तीनों आरोपी मोबाइल बेचने के इरादे से रटौल जा रहे थे। कोतवाली प्रभारी दीक्षित कुमार त्यागी ने बताया कि चोर गिरोह के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार कर बड़ी संख्या में मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि फरार हुए अन्य साथियों की तलाश जारी है और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।



# अपनी आत्मा के स्वरूप को समझो: सागर महाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में जैन समाज के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संस्कारप्रणेता, ज्ञानयोगी, आचार्य श्री 108 सौरभ सागर महामुनिराज ने मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर कमेटी के तत्वावधान में आयोजित धर्मसभा में अतिथि भवन बड़ौत में कहा कि किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हमें उस वस्तु के सत्य के स्वरुप को समझना चाहिए।

तभी हम सफलता प्राप्त कर सकते है, बिना सत्य के स्वरुप को जाने बिना हमें असफलता ही मिलती है। श्चारों कषायों की निर्जरा के बाद ही हम सत्य को प्राप्त कर सकते हैं, जिसने द्रव्य, गुण, पर्याय से वस्तु को जान लिया,वहीं अपने आत्म स्वरुप को समझता है। अत: व्यवहार से भगवान ने सत्य के 10 स्वरुप बतायें और निश्चय से अपनी आत्मा की अनुभूति ही सत्य धर्म है। सत्य की खोज में जाते है, असत्य मिलता है, शुद्ध की चाह में अशुद्धि की प्राप्ति होती है, चाहते सब कुछ है, माला फैरते है,सामायिक पूजा करते करते एनर्जी शक्ति चाहिए, थकान आ गई क्यों, क्योंकि हम दूसरों के लिये कर रहे थे, अपनी आत्मा के लिए नहीं किया, पर के लिए किया इसलिए ऐसा हुआ। सभा में पंकज जैन, अजय जैन काले, प्रवीण जैन, मनोज जैन, राजकुमार जैन, सुखमाल जैन, राकेश जैन, सौरभ जैन, कमल जैन, अमित जैन, अंकुर जैन आदि उपस्थित थे।

# सपा बूथ लेवल एजेंट के सम्मान में कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** समाजवादी पार्टी के तत्वाधान में पिलाना ब्लॉक पिलाना विकासखंड के सपा बूथ लेवल एजेंट के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक सपा प्रदेश सचिव संजीव त्यागी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने की और कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव नीरज पाल रहे।

कार्यक्रम में विशेष गहन पुनरिक्षण मतदाता सूची के लिए समाजवादी पार्टी ने जनपद प्रदेश भर में प्रत्येक बूथ पर अपने बूथ लेवल एजेंट नियुक्त किए हैं जो आम जान की मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में आने वाली परेशानियों में सहायता करने और प्रदेश में कोई मतदाता अपने लोकतांत्रिक अधिकार से वंचित न हो उस कार्य को कर रहे हैं। इसी क्रम में जनपद बागपत की पिलाना विकासखंड में बबी एल ए का सम्मान समारोह किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव नीरपाल ने कहा कि सपा प्रदेश में एसआईआर के माध्यम से पीडीए समाज के लोगों के वोट के अधिकार पर चोट नहीं होने देगी और 2027 के चुनाव की तैयारी के लिए प्रत्येक मतदाता के साथ खड़ी रहेगी अभी हाल में संपन्न बिहार चुनाव में एसआईआर के माध्यम से लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव और सपा प्रदेश सचिव संजीव त्यागी ने कहा कि भाजपा एसआईआर कार्यक्रम के माध्यम से सरकारी तंत्र का प्रयोग करते हुए प्रत्येक चुनाव को प्रभावित करना चाहती है, लेकिन उत्तर प्रदेश में सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में भाजपा के मनसुबों को और सरकारी संस्थाओं को विपक्षी दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं के विरुद्ध हथियार के रूप में प्रयोग नहीं होने देगी। इस अवसर पर सभी सपा बी एल ए को शाल औरपटका पहनाकर सम्मानित किया और सभी समाजवादी नेतागणों पदाधिकारी गण और कार्यकर्ताओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर सपा प्रदेश सचिव संजीव त्यागी, एसपी यादव, रवि बैसला, शाहरुख, सतीश, राहुल यादव, तरुण यादव, भालेंद्र, रक्षक, कादिर, दीपक आदि मौजूद रहे।



**सूचना**

हमारी पुत्री हमारे कहे में नही है इसलिए हम अपनी पुत्री तनु मलिक व उसके पति तुषार मलिक से सम्बंध विच्छेद करते है भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

योगेन्द्र मलिक पुत्र सतपाल सिंह व पुष्पा पत्नि योगेन्द्र मलिक निवासी ग्राम हिसावदा तहसील व जनपद बागपत।

# शव का चेहरा दिखाए बिना श्मशान घाट में नहीं होगी एंट्री

## अंतिम संस्कार प्रक्रिया में लागू हो रही नई व्यवस्था, नगर पालिका सख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** कोतवाली क्षेत्र के प्रसिद्ध तीर्थ नगरी बृजघाट में हाल ही में सामने आए फर्जी अंतिम संस्कार साजिश मामले के बाद अब नगर पालिका परिषद गढ़मुक्तेश्वर पूरी तरह से सख्त हो गई है। बीमा क्लेम प्राप्त करने के लिए शव की जगह प्लास्टिक का पुतला जलाने के प्रयास से प्रशासनिक और सामाजिक स्तर पर उठे गंभीर सवालों के बाद पालिका ने श्मशान घाट की सुरक्षा, पारदर्शिता और निगरानी सिस्टम को मजबूत करने के लिए तत्काल नई व्यवस्था लागू कर दी है।

पालिका के अधिशासी अधिकारियों के निर्देश पर अब श्मशान घाट में प्रवेश से पहले मृतक का चेहरा दिखाना अनिवार्य होगा। इसके तहत नगर पालिका के कर्मचारी हर अंतिम संस्कार से पहले मृतक का आधार कार्ड, चेहरा और पहचान दस्तावेज़ों का मिलान कर रहे हैं, ताकि भविष्य में किसी भी तरह की धोखाधड़ी, फर्जी दावे और साजिश को समय रहते रोका जा सके। नगर पालिका परिषद के चेयरमैन और अधिशासी अधिकारी ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि श्मशान घाट जनभावनाओं और आस्था का स्थल है, इसकी गरिमा को बनाए रखना और अंतिम संस्कार प्रक्रिया को पारदर्शी बनाना हमारी जिम्मेदारी है। इसी जिम्मेदारी के तहत अब श्मशान घाट पर पहचान सत्यापन की प्रक्रिया को अनिवार्य कानूनी और प्रशासनिक सुरक्षा मानक का हिस्सा बनाया जा रहा है। जिसमे अब बिना मृतक का



चेहरा दिखाए श्मशान घाट में प्रवेश नहीं मिलेगा। पालिका कर्मचारी आधार कार्ड और पहचान का सत्यापन कर रहे हैं।

चेहरा, नाम, और दस्तावेज़ पहचान का मिलान मौके पर ही किया जा रहा। मृतक का चेहरा देखे बिना मृत्यु प्रमाण पत्र जारी नहीं होगा। जिससे नए नियम से अब जांच के बिना बीमा क्लेम की साजिश पर पूरी तरह रोक लगेगी। वही सुरक्षा के लिए श्मशान घाट पर अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती और निगरानी बढ़ाई गई। अंतिम संस्कार क्षेत्र में आने वाले लोगों से भी सहयोग की भी अपील की गई। इस पूरे मामले में गढ़मुक्तेश्वर पुलिस भी सक्रिय हो गई है। कोतवाली प्रभारी मनोज बालियान ने बताया कि नगर पालिका द्वारा सुरक्षा बढ़ाना अत्यंत सराहनीय कदम है, और पुलिस स्तर से भी अब अंतिम संस्कार जैसे संवेदनशील मामलों में हर सूचना और गतिविधि पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। संदिग्ध गतिविधि मिलने पर तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पालिका ने स्पष्ट रूप से कहा है कि यह व्यवस्था किसी भी व्यक्ति, वर्ग या परिवार को परेशान करने के लिए नहीं, बल्कि सिस्टम में पारदर्शिता, धोखाधड़ी रोकने और अंतिम संस्कार की गरिमा बचाने के लिए लागू की गई है। नगर पालिका परिषद ने अंतिम संस्कार में आने वाले सभी नागरिकों से सत्यापन प्रक्रिया में पूरा सहयोग देने की अपील की है, ताकि भविष्य में ऐसी धोखाधड़ी की घटनाओं को पूरी तरह रोका जा सके और श्मशान घाट की गरिमा व पारदर्शिता बनी रहे।

# बस-कार की भिड़ंत में 5 लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हाफिजपुर थाना क्षेत्र के चितौली अंडरपास के पास गुरुवार रात करीब 8 बजे तेज रफ्तार रोडवेज बस और कार की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कार चालक अजीजुर्रहमान समेत पांच लोग घायल हो गए। टक्कर के बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क के बीच बने डिवाइडर से जा टकराई और वहीं बुरी तरह फंस गई।

घटना के समय आसपास मौजूद स्थानीय लोगों और राहगीरों ने तुरंत मदद करते हुए कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला और एंबुलेंस की सहायता से इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। डॉक्टरों के अनुसार, घायलों को चोटें आई हैं, लेकिन सभी की हालत फिलहाल स्थिर बनी हुई है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, कार अमरोहा से गाजियाबाद की ओर जा रही थी। जैसे ही कार चितौली अंडरपास पहुंची, तभी



पीछे से तेज गति में आ रही रोडवेज बस ने ओवरटेक करने की कोशिश में कार को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बस चालक बस को तेज रफ्तार में चला रहा था और अचानक नियंत्रण खो बैठा, जिसके चलते दुर्घटना हुई। सूचना मिलते ही हाफिजपुर थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त कार को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि हादसे में घायल हुए सभी लोग कार सवार थे और मामले की जांच पड़ताल जारी है। पुलिस बस चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का केस दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।

# जीएस यूनिवर्सिटी परिसर में सर्ज खेल महोत्सव का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जीएस यूनिवर्सिटी द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले बहुप्रतीक्षित खेल महोत्सव का विश्वविद्यालय परिसर में अत्यंत जोश, गरिमा और खेल भावना के साथ भव्य शुभारंभ किया गया। पिछले वर्ष इस आयोजन को मिली शानदार सफलता के बाद इस वर्ष भी विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा प्रतिभा, टीम स्पिरिट और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह महोत्सव बड़े स्तर पर आयोजित किया जा रहा है।

महोत्सव का शुभारंभ सीनियर वाइस प्रेसिडेंट शशि शर्मा, सीईओ डा. नेहा शर्मा, प्रो वाइस चांसलर डा. रूपाली शर्मा और कुलपति प्रो. डा. यतीश अग्रवाल द्वारा फीता काटकर किया गया। खेल



समिति के अध्यक्ष डा. कुलदीप गोगिया ने बताया कि सर्ज के अंतर्गत सभी खेल प्रतियोगिताएँ 4 दिसंबर तक संचालित होंगी। इसी दिन फाइनल मुकाबले, विजेताओं की घोषणा और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन भी किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों की भारी भागीदारी की संभावना जताई जा रही है। इस खेल महोत्सव में विश्वविद्यालय के सभी प्रमुख घटक महाविद्यालयों जीएस मेडिकल कालेज, जीएस नर्सिंग कालेज, जीएस फार्मेसी कालेज, विश्वविद्यालय के सभी शैक्षणिक विभागों के शिक्षक, विद्यार्थी और स्टाफ सदस्य बड़ी संख्या में हिस्सा ले रहे हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि सर्ज 2025 केवल खेल प्रतिस्पर्धा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों में नेतृत्व, अनुशासन, निर्णय क्षमता, आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और टीम भावना विकसित करने का एक सशक्त मंच भी है।

शुभारंभ समारोह में विश्वविद्यालय के डीन डा. प्रदीप गर्ग, एमएस सुरेन्द्र कुमार, उपनिदेशक मनोज शिशोदिया, अंकित विज, एसएन सिंह, रजिस्ट्रार सुमित सिंह, डा. नीरज यादव सहित सांस्कृतिक और खेल समिति के सभी वरिष्ठ सदस्य मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने युवाओं की खेल प्रतिभा और ऊर्जा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उन्हें खेल भावना और निष्ठा के साथ भाग लेने की प्रेरणा दी।

# जिले में नहीं थम रहा वायु प्रदूषण, शहरवासियों की बढ़ी मुश्किलें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में वायु प्रदूषण लगातार गंभीर होता जा रहा है। मौसम में बढ़ती धूल, वाहनों से निकलने वाला धुआं और निर्माण कार्यों के चलते हवा की गुणवत्ता दिन-प्रतिदिन खराब हो रही है। प्रदूषण के बढ़ते स्तर ने आम जनजीवन पर सीधा असर डालना शुरू कर दिया है। शहर की प्रमुख सड़कों, तिराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में धूल के गुबार से यात्री व स्थानीय निवासी खासे परेशान हैं।

प्रदूषित हवा के कारण सड़कों पर सफर करने वाले यात्रियों को आंखों में जलन, सांस लेने में दिक्कत और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी दोपहिया वाहन चालकों, बुजुर्गों



और बच्चों को हो रही है। सुबह के समय शहर में स्मॉग जैसा वातावरण बन जाता है, जिससे दृश्यता भी प्रभावित हो रही है और सड़क हादसों की आशंका बढ़ जाती है।

वायु प्रदूषण पर नियंत्रण पाने के लिए नगर पालिका परिषद सक्रिय हो गई है। पालिका द्वारा शहर की प्रमुख सड़कों पर प्रतिदिन पानी के कैंटर और टैंकरों से छिड़काव कराया जा रहा है, ताकि हवा में उड़ने वाली धूल को कम किया जा सके और यात्रियों को राहत मिल सके। खास तौर पर दिल्ली-लखनऊ हाइवे से जुड़ने वाली सड़कों, रेलवे रोड, गढ़ रोड, बुलंदशहर रोड, तगासराय, तहसील चौपला जैसे क्षेत्रों में पानी का छिड़काव किया जा रहा है। नगर पालिका के अधिकारियों ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण कोई एक दिन का कार्य नहीं है, यह निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। इसलिए जनता का सहयोग जरूरी है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि लंबे समय तक प्रदूषित हवा में रहना फेफड़ों और श्वसन तंत्र को नुकसान पहुंचा सकता है। ऐसे में जरूरी है कि लोग भीड़भाड़ वाले इलाकों में मास्क का प्रयोग करें और अनावश्यक बाहर निकलने से बचें, खासकर सुबह और शाम के समय जब प्रदूषण का स्तर सबसे अधिक होता है। नगर पालिका द्वारा किये जा रहे प्रयासों से सड़क की धूल में अस्थायी कमी देखी जा रही है, लेकिन जिले की वायु गुणवत्ता में व्यापक सुधार अभी भी एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। प्रदूषण से राहत पाने के लिए प्रशासन और जनता-दोनों को मिलकर लंबे समय तक समन्वित प्रयास करने होंगे, ताकि स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

# अवैध साप्ताहिक बाजार हटवाने को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित रामलीला मैदान में अवैध रूप से लगाए जा रहे साप्ताहिक बाजार को बंद कराने की मांग तेज़ हो गई है। इसी क्रम में शुक्रवार को नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर- 2 की सभासद उर्मिला पत्नी अशोक कुमार मुर्गे वाले के नेतृत्व में क्षेत्र के सैकड़ों महिला-पुरुष और स्थानीय नागरिक जिला मुख्यालय पहुँचे और मेरठ मंडलायुक्त को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा।

ज्ञापन में सभासद उर्मिला और क्षेत्रीय निवासियों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि रामलीला समिति द्वारा सार्वजनिक रामलीला मैदान में अवैध रूप से साप्ताहिक बाजार लगवाया जा रहा है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि बाजार के कारण सड़कों पर अतिक्रमण और यातायात प्रभावित रहने से लोगों को भयावह असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। सबसे चिंताजनक स्थिति बिजली सुरक्षा को लेकर बताई गई है।

ज्ञापन में कहा गया कि मैदान के ऊपर से 11 हज़ार वोल्ट की हाईटेंशन विद्युत लाइन गुजर रही है तथा मैदान परिसर के आसपास दो बड़े ट्रांसफार्मर भी लगे हुए हैं। ऐसे में अनियंत्रित भीड़ के बीच किसी भी समय बड़ा विद्युत हादसा हो सकता है। नागरिकों ने कहा कि अगर क्षेत्र में किसी घर में आग लग जाए या चिकित्सा आपातकाल हो, तो साप्ताहिक बाजार की अव्यवस्थित भीड़ के कारण दमकल, एम्बुलेंस और पुलिस सहायता समय पर नहीं पहुँच पाती, जिससे जनहानि का गंभीर खतरा बना रहता है। सभासद उर्मिला ने कहा कि यह मैदान सार्वजनिक उपयोग के लिए है, न कि निजी या व्यावसायिक आयोजन हेतु, इसलिए इसका अवैध इस्तेमाल नियम-कानून के विरुद्ध है।

उन्होंने मांग उठाई है कि अवैध साप्ताहिक बाजार को तुरंत हटवाया जाए। ज्ञापन में डीएम से तत्काल संज्ञान लेकर शीघ्र कार्रवाई की गुहार लगाई गई, जिससे भविष्य में किसी अप्रिय हादसे से क्षेत्र को बचाया जा सके और आम जनता को राहत मिल सके। इस दौरान क्षेत्रीय नागरिकों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की और चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो जनता बड़े आंदोलन को बाध्य होगी।

# महिला से बैग लूटने वाले दो बदमाश गिरफ्तार, सामान व हथियार बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली पुलिस ने महिला से बैग लूटने की सनसनीखेज वारदात का खुलासा करते हुए दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को बृहस्पतिवार देर रात नगर पालिका के गेट नंबर-3 के पास से उस वक्त दबोचा, जब वे लूट के चांदी के सामान को बेचने की फिराक में खड़े थे। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने लूटा हुआ चांदी का सामान, एक तमंचा, जिंदा कारतूस और बिना नंबर प्लेट की बाइक बरामद की है।

पुलिस जांच के मुताबिक लूट की घटना 24 नवंबर 2025 की सुबह करीब 6:15 बजे की है। दोनों आरोपी बाइक पर सवार होकर बुलंदशहर रोड से कोठी गेट होते हुए कसेरठ बाजार पहुंचे, जहां पूजा करके घर लौट रही एक महिला को अपना निशाना बनाया और झपटा मारकर उसका बैग छीन लिया। पीड़िता के बैग में 500 रुपये नकद, एक चांदी की प्लेट, कटोरदान, चांदी की पायल की एक जोड़ी, बिछुआ और एक ब्रेसलेट रखा था। बदमाशों ने लूट के बाद फरार होकर नकद रकम को खाने-पीने में खर्च कर दिया, जबकि चांदी का सामान बेचने की योजना बना ली। पुलिस ने गुप्त सूचना पर नगर पालिका गेट के पास घेराबंदी की और दोनों को धर-दबोचा। पूछताछ में आरोपियों ने लूट की वारदात को कबूल कर लिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान हिमांशु निवासी मोहल्ला तगासराय और हर्षित उर्फ गुरु निवासी मोहल्ला नबी करीम के रूप में हुई है। दोनों बदमाश पहले भी संदिग्ध गतिविधियों में शामिल पाए गए हैं, जिसकी पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। तलाशी में तमंचा, कारतूस और चांदी का सामान मिलने के बाद कोतवाली पुलिस ने दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया और उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से कोर्ट के आदेश पर दोनों को जेल भेज दिया गया। पुलिस ने पीड़ित महिला का चांदी का सामान बरामद होने पर जल्द उसे सौंपने की बात कही है और बाइक के संबंध में भी जांच शुरू कर दी है कि इसका इस्तेमाल पूर्व में किन वारदातों में किया गया है।

## एक नजर

# लाइट पोल से बैटरा चोरी का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में अपराध नियंत्रण और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए हापुड़ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना बहादुरगढ़ पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने गांव जखेड़ा-रहमतपुर में लाइट पोल से बैटरा चोरी करने की घटना का तेज़ी और सतर्कता के साथ खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है और उसके कब्जे से चोरी किया गया बैटरा बरामद कर लिया है।

बहादुरगढ़ थाना प्रभारी धीरज मलिक ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि बीते दिनों गांव जखेड़ा स्थित लाइट पोल से बैटरा चोरी की घटना सामने आई थी, जिसके बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी के निर्देशन में गठित पुलिस टीम ने तकनीकी और स्थानीय सूचना तंत्र की मदद से आरोपी की पहचान सुनिश्चित की और लगातार उसकी तलाश में दबिश अभियान तेज़ कर दिया। पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी अंशुल पुत्र पप्पू सिंह, निवासी ग्राम जखेड़ा रहमतपुर थाना बहादुरगढ़, जनपद हापुड़ को ठेरा-जखेड़ा रोड पर बने एक ट्यूबवेल के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस की तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से चोरी का बैटरा बरामद किया गया, जिसकी पुष्टि ग्रामीण लाइट पोल से चोरी हुए बैटरा के रूप में हुई है। थाना प्रभारी धीरज मलिक ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह के नेतृत्व में चलाए जा रहे इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जनपद को अपराध मुक्त बनाना और असामाजिक तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करना है। उन्होंने यह भी कहा कि उक्त गिरफ्तारी से क्षेत्र में चोरी की घटनाओं में लिप्त अन्य अपराधियों में भी डर का माहौल बनेगा और ग्रामीणों का पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत होगा। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आगे की कानूनी कार्यवाही की जा रही है और उससे पूछताछ कर चोरी से जुड़े अन्य संभावित पहलुओं और उसके साथ जुड़े नेटवर्क की भी जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में भी जुटी है कि आरोपी ने इससे पूर्व किसी और चोरी की घटना को अंजाम दिया है या नहीं।

# एयरगन के साथ फोटो लेकर सोशल मीडिया पर वायरल करना पड़ा भारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश चंद ने बताया कि क्षेत्र के गांव वैट निवासी सारिक के द्वारा सोशल मीडिया पर एयरगन के साथ वीड़ियो वायरल किया था। उस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन एयरगन बरामद नहीं हो सकी थी। पुलिस ने अब आरोपी से उसके पास से एयरगन को बरामद कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# खुले आसमान के नीचे सर्दी में सोने से वृद्ध की हुई मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बृजघाट गंगा नगरी में बुजुर्ग का शव पड़ा हुआ मिला। उसकी मौत खुले आसमान के नीचे सोने से होना प्रतीत हो रहा है। इसको लेकर सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रही है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

शुक्रवार की सुबह गंगा नगरी में लोग अपनी दुकान खोलने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान गंगा नगरी में एक बुजुर्ग का शव पड़ा हुआ देख वह दंग रह गए। मृतक का शरीर अकड़ा हुआ था। इसको लेकर विडियो बनाकर लोगों ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। लोगो का कहना है कि बुजुर्ग की खुले आसमान के नीचे सोने से मौत हो गई है। लोगो का कहना है कि बुजुर्ग भीख मांगकर अपना गुजर बसर करता था। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। एसडीएम श्रीराम सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है। रात को जो भी खुले आसमान के नीचे सोता है उसको रेन बसेरे में व्यवस्था कराई जाएगी।

# नईम चौधरी बने भाकियू भानु के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** भाकियू भानु के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने संगठन विस्तार की प्रक्रिया के तहत गढ़ क्षेत्र के गांव बदरखा निवासी नईम चौधरी को संगठन का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति का पत्र जारी होते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है।

भानु प्रताप सिंह ने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, किसानों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने तथा संगठन की विचारधारा को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने में नईम चौधरी की सक्रिय भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने आशा जताई कि नईम चौधरी अपने अनुभव, सरल व्यवहार और संघर्षशील छवि के माध्यम से किसानों की आवाज़ को मजबूती से उठाएंगे। नईम चौधरी ने राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। क्षेत्र के किसान नेताओं और ग्रामीणों ने नईम चौधरी की नियुक्ति पर बधाई देते हुए कहा कि उनके राष्ट्रीय पद पर पहुंचने से गढ़ क्षेत्र के किसानों की आवाज़ और अधिक बुलंद होगी।



# जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में शकुंतलम भारत थीम पर वार्षिक उत्सव संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में विद्यालय के दूसरे वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन अत्यंत भव्य और प्रेरणादायक वातावरण में किया गया। कार्यक्रम की थीम शकुंतलम भारत रही, जिसका उद्देश्य आधुनिक शिक्षा प्रणाली के साथ भारत की सांस्कृतिक-पौराणिक विरासत और मूल्यों का संगम प्रस्तुत करना था। इस ऐतिहासिक और यादगार आयोजन में 900 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। बच्चों की प्रतिभा और आत्मविश्वास ने पूरे सभागार को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण जगद्गुरु महामंडलेश्वर प्रेमानंद महाराज रहे, जिन्होंने बतौर मुख्य अतिथि दीप प्रज्वलित कर उत्सव





का शुभारंभ किया। उनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम को आध्यात्मिक गरिमा और भावनात्मक ऊर्जा प्रदान की। विद्यालय की प्रधानाचार्या डा. निधि मलिक ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए जेएमएस वर्ल्ड स्कूल के छह वर्षों के गौरवशाली सफर का उल्लेख किया। विद्यालय के चेयरमैन राकेश सिंघल ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी विशिष्ट अतिथियों और अभिभावकों का पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया। इसी क्रम में मैनेजिंग डायरेक्टर डा. आयुष सिंघल और सेक्रेटरी डा. रोहन सिंघल ने अभिभावकों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि जेएमएस परिवार अभिभावकों के अटूट विश्वास और निरंतर सहयोग के लिए उनका सदैव ऋणी रहेगा। कार्यक्रम में शकुंतलम नाटक की प्रस्तुति इतनी भावपूर्ण और जीवंत थी कि हर दर्शक की आँखें नम हो उठीं। स्कूल प्रबंधन द्वारा सभी प्रतिभागी छात्रों को सम्मानित और पुरस्कृत किया गया, साथ ही शिक्षकों की मेहनत को भी विशेष रूप से सराहा गया। अंत में विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि यह मात्र वार्षिक उत्सव नहीं था, बल्कि छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों की लगन और अभिभावकों के सहयोग से गढ़ी गई सफलता की एक सांस्कृतिक कहानी थी।

# एसपी की जनप्रतिनिधियों संग बैठक, जनसमस्या समाधान पर मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को पुलिस कार्यालय के सभागार में ज़िलें के जनप्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य जनता से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान, अपराधों पर अंकुश, जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखना और कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करना रहा।

गोष्ठी में विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, ब्लॉक प्रमुख, सभासद सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया और अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं व सुझावों को एसपी के समक्ष रखा। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने कहा कि जिले की सुरक्षा और जनता की सेवा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनप्रतिनिधि जनता और प्रशासन के बीच महत्वपूर्ण सेतु हैं, इसलिए पुलिस व जनप्रतिनिधियों के बीच निरंतर संवाद जरूरी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्रीय जनसमस्याओं का निस्तारण तुरंत किया जाएगा। एसपी ने बताया कि ज़िलें में अपराधों में कमी लाने के लिए पुलिस द्वारा लगातार ऑपरेशन तलाश, ऑपरेशन कन्विक्शन, ऑपरेशन त्रिनेत्र, जैसे कार्यक्रम सक्रिय रूप से चलाए जा रहे हैं। बैठक के दौरान शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात जाम की समस्या, स्कूल-कालेज के बाहर सुरक्षा, धार्मिक स्थलों पर पुलिस व्यवस्था, आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण संपन्न कराने सहित संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने पर भी रणनीति बनाई गई। गोष्ठी में शामिल जनप्रतिनिधियों ने एसपी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि हापुड़ पुलिस जनता की सुरक्षा के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। गोष्ठी के समापन पर एसपी ने सभी थाना प्रभारियों व संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिए है कि जनता से मधुर एवं संवेदनशील व्यवहार करें। कानून व्यवस्था प्रभावित करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करें। अवैध व असामाजिक गतिविधियों पर ज़ीरो टॉलरेंस नीति अपनाएं।





# कई राज्यों में बीएलओ पर दबाव, दो की मौत के बाद भी सरकार मौन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑल इंडिया हिंदुस्तान कांग्रेस पार्टी के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने निर्वाचन आयोग द्वारा गठित SIR कार्यों को लेकर बूथ लेवल ऑफिसर पर बढ़ते दबाव के खिलाफ गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश के विभिन्न जिलों में बीएलओ को उनके नियमित कार्यों के अलावा एसआईआर कार्यों की जिम्मेदारी भी दी जा रही है, जिससे उन पर कार्य का असामान्य और मनोवैज्ञानिक दबाव बढ़ गया है। इसके परिणाम अब बेहद भयावह रूप में सामने आने लगे हैं। पंडित गोपाल शर्मा ने जारी बयान में कहा कि जनपद गोंडा के बूथ लेवल अधिकारी विपिन यादव और जनपद फतेहपुर के अधिकारी सुधीर कुमार ने एसआईआर कार्य के अतिरिक्त दबाव और उत्पीड़न से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। यह घटना प्रशासन और सरकार के लिए गंभीर चेतावनी है, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि केंद्र और राज्य सरकारें अभी तक इस मसले पर पूरी तरह खामोश हैं।

पार्टी के यूपी प्रदेश कानूनी सलाहकार पंडित नरेश चंद शर्मा एडवोकेट ने इस मामले में जिला निर्वाचन अधिकारी, गाजियाबाद द्वारा 21 बीएलओ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने को अनुचित, असंवैधानिक और कर्मचारी हितों के विरुद्ध बताया। उन्होंने कहा कि बीएलओ चुनाव आयोग के कार्यों को निष्ठा से निभा रहे हैं, बावजूद इसके अधिकारियों के दबाव और एसआईआर समीक्षा में मामूली त्रुटि को लेकर पुलिस में मुकदमा दर्ज कराना केवल झूठी कार्रवाई है। पंडित गोपाल शर्मा ने बताया कि यह समस्याएं केवल उत्तर प्रदेश तक सीमित नहीं हैं। कई स्थानों पर उन्हें आधार कार्ड संशोधन, वोटर कार्ड सुधार, सर्वे रिपोर्ट अपलोड, घर-घर सत्यापन जैसे कार्य एक साथ करने को दिए जा रहे हैं। कार्य न पूरा होने पर अधिकारी धमकी, नोटिस और एफआईआर तक का दबाव बना रहे हैं। पंडित गोपाल ने सरकारों पर आरोप लगाते हुए कहा कि इस मुद्दे को नजरअंदाज करना आने वाले समय में और भी बीएलओ के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। यदि सरकार जल्द कदम नहीं उठाती, तो पार्टी बीएलओ के सम्मान और सुरक्षा के लिए राज्यव्यापी आंदोलन शुरू करने को मजबूर होगी। उन पर काम का बोझ बढ़ाकर, कार्रवाई की तलवार लटकाकर और उनकी बातों की अनदेखी करना लोकतंत्र के लिए भी घातक है। सरकारों को अब जागना होगा।

# संभल में हुए हादसे में छह लोगों की मौत

## नामकरण संस्कार में शामिल होकर लौट रहा था परिवार, हादसे से गांव में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। जनपद संभल में अधूरे बने गंगा एक्सप्रेसवे पर गुरुवार शाम भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई थी। इनमें मां बेटा बेटी भाभी नंद और भांजे शामिल थे। जबकि चार लोग घायल हुए थे। कार और पिकअप की आमने-सामने की टक्कर हुई थी। हादसा इतना भीषण था कि पिकअप का अगला हिस्सा पूरी तरह पिचक गया था। वहीं ऑल्टो कार के परखच्चे उड़ गये थे। ऑल्टो कार सवार परिवार आदमपुर कस्बे का रहने वाले थे। सभी लोग थाना बहजोई के गांव विसारू में बच्चों के नामकरण संस्कार में शामिल होकर घर लौट रहे थे। गुरुवार की शाम 7:30 बजे गंगाएक्सप्रेस वे पर कार सही लेन पर चल रही थी। सामने से रॉन्ग साइड से आ रही सब्जी से भरी पिकअप बोलेरो ने टक्कर मार दी थी। हादसे में मां बेटा बेटी भाभी नंद और भांजे की मौत हुई थी। इनमें




आदमपुर निवासी रोहित खड़कवंशी की पत्नी 35 वर्षीय रेनू, बेटी रिया 10 वर्ष, बेटा भास्कर 7 वर्ष, भाभी गीता 28 वर्ष पत्नी सुनील, बहन देवती 46 वर्ष की मौके पर मौत हो गई थी। वही भांजे कपिल 12 वर्ष पुत्र किशन पाल निवासी बांगड़पुर छोईया की भी हादसे में जान गई थी। रोहित थाना बहजोई क्षेत्र के विसारू के मूल निवासी हैं। रोहित और उनके भाई सुनील 20 साल से आदमपुर में रह रहे थे। मां-बाप समेत परिवार के अन्य लोग गांव विसारू में ही रहते हैं। शुक्रवार की शाम पोस्टमार्टम के बाद बागड़पुर छोईया निवासी कृष्णपाल के नौ वर्षीय बेटे कपिल तथा सतपाल की 46 वर्षीय पत्नी देववती निवासी आदमपुर के शव पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंच गये। जबकि मृतका रेनू, रिया,भास्कर और गीता के शव पोस्टमार्टम के बाद उनके गांव विसारू जनपद संभल पहुंच गये थे। कपिल व देववती के शवो के घर पहुंचते ही पूरे गांव में मातम छा गया। शवो को देखने के लिए आसपास के गांव की भीड़ मृतको के घर पहुंच गई। आलम यह था कि मकान की छतों से लेकर पेड़ों तक पर भीड़ दिखाई दी। हर आंख नम थी। दोनों के परि. जनों द्वारा शवों को गंगा घाट पर अंतिम संस्कार के लिए ले जाने की तैयारी चल रही है। सूचना मिलने पर क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी भी मृतकों के घर पहुंच गये थे।




■ हसनपुर। घटना के बाद मृतकों के घरों के बाद जमा ग्रामीणों की भीड़।

# पत्नी न आने पर पति ने जहर खाकर जान दी

## कई महीने से अपने मायके में रही थी पत्नी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। पत्नी को मनाने के लिए ससुराल आए युवक ने अनबन के बीच अचानक कीटनाशक पी लिया। तबियत बिगड़ने के बाद उपचार के लिए अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराए बिना शव को सुपुर्देखाक कर दिया है। पुलिस को सूचना नहीं दी गई है। युवक के आत्मघाती कदम से परि. जनों का रोते-बिलखते बुरा हाल है।

बिजनौर जिले के शिवाला कलां थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक की शादी करीब छह साल पहले नौगावां सादात थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली युवती के साथ में हुई थी। दंपति के दो बेटियां और एक बेटा है। ससुराल में विवाद के चलते बीते करीब दो महीने से विवाहिता बच्चों को लेकर मायके में पिता के घर पर रह रही थी। इस बीच दोनों परिवारों में पंचायतें भी हुई लेकिन किसी सूरत मसला हल नहीं हो सका। बताया जा रहा है पत्नी और बच्चों से दूर होकर युवक काफी दिन से तनाव में था। लिहा. जा, गुरुवार सुबह वह रूठी पत्नी को मनाकर साथ ले जाने के लिए खुद ही ससुराल पहुंच गया। इस बीच उसकी ससुराल पक्ष के लोगों से फिर से कहासुनी हो गई। वहीं, पत्नी ने साथ में जाने से इनकार कर दिया, उसे बच्चों से भी मिलने नहीं दिया। बस इसी बात पर युवक ने जेब में रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया। उल्टियां आते ही हालत बिगड़ने पर घर में कोहराम मच गया। ससुराल वाले उसे अस्पताल लेकर जा रहे थे लेकिन रास्ते में युवक की मौत हो गई। उधर, सूचना मिलते ही युवक के परिजन भी उसकी ससुराल आ गए थे। मामले में फैसला होने पर कोई पुलिस कार्रवाई नहीं की गई। परिजनों ने शव को घर ले जाकर सुपुर्देखाक कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने मामला जानक. ारी में होने से इनकार किया है।

# वार्षिकोत्सव में प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज में वार्षिकोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। शुक्रवार को वार्षिकोत्सव का शुभारंभ प्रधानाचार्या नीतू सिंह ने दीप प्रज्जवलित करके किया। प्रधानाचार्या ने



**■ सफलता के लिए कठिन परिश्रम जरूरी: नीतू सिंह**

छात्राओं से आह्वान किया कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए हमें कठिन परिश्रम करना होता है। मन लगाकर पढ़ाई करें, अपना लक्ष्य निर्धारित करके उसे प्राप्त करने में जी-जान लगा दें। वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों, सामुहिक नृत्य के साथ सामाजिक विषयों पर नाट्य प्रस्तुत करके सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानाचार्या ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका अनुराधा व सोनम सिंह ने किया। इस मौके पर शिक्षिका सीमा रानी, राघवा खानम, विजयलक्ष्मी, माधुरी सिंह समेत छात्रा स्वाति, गुनगुन, कोमल, यशवी, अंजना, अलशिफा, मेहर, खुशी समेत अभिभावक मौजूद रहे।

# चारा डालने गई महिला को नेवले ने डसा

## गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। पशुओं को चारा डालने गई महिला को नेवले ने डस लिया। घायल महिला को साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव तरारा निवासी सर्वेश देवी पत्नी चंद्र प्रताप शुक्रवार की सुबह करीब 8:00 बजे पशुशाला में अपने पशुओं को चारा डालने के लिए गई थी। पहले से ही मौजूद एक नेवले ने सर्वेश देवी पर हमला बोलते हुए उसके पैर को डस लिया। नेवला यहीं पर ही नहीं रुका उसने कई अन्य स्थान पर भी महिला के पर को अपने नुकीले दातों से काट लिया। सर्वेश देवी की हालत बिगड़ने लगी यह देखकर परिजन घबरा गये। कुछ ही देर में ग्रामीणों की मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई। आनन फानन में परिजनों द्वारा नेवले के काटने से घायल हुई सर्वेश देवी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार के लिए भर्ती कराया गया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी धुर्वेद्र कुमार ने बताया कि एंटी रेबीज के इंजेक्शन महिला को लगा दिये गये हैं।

# घर के बाहर खड़ी कार बनी आग का गोला

## तारों से गिरी चिंगारी से लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। खंभे से गिरी चिंगारी से नई चार महीने पुरानी गाड़ी में भयंकर आग लग गई। गाड़ी में आग लगने से अफरा तफरी मच गई। बीते दिन गाड़ी में बजे सेफ्टी अलार्म से जब स्थानीय लोगों की आंख खुली तो उन्होंने देखा गाड़ी पूरी तरह से लपटों में घिरी है। उन्होंने फौरन गाड़ी मालिक डायल 112 और फायर ब्रिगेड को घटना की सूचना दी। साथ ही खुद ही पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद खुद ही आग पर काबू पा लिया। बाद में फायर ब्रिगेड की टीम भी वहां पहुंच गई घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



उधर पुलिस कार्यवाही में जुटी है। नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मुल्लाना निवासी सैयद जुनैद अपनी गाड़ी अपने दोस्त की गली मोहल्ला काजी जादा में खड़ी करते है। बीती रात 12 बजे जुनैद ने अपनी गाड़ी काजी जादा में खड़ी की थी। सुबह 3.20 मिनट पर उनके दोस्त ने फोन पर जल्दी आने को कहा जब वह भाग कर पहुंचे तो गाड़ी में आग लगी थी। आग की लपटे आसमान को छू रही थी। लगातार पानी डालने से आग पर काबू पा लिया गया। लेकिन गाड़ी का अगला हिस्सा पूरी तरह जलकर राख हो गया था। बाद में थाने में तहरीर दी गई है।

# देश प्रेम की भावना के साथ खेलें क्रिकेट

## टेस्ट मैच श्रृंखला का उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। लाला नत्थूमल क्रिकेट स्टेडियम में टेस्ट मैच श्रृंखला का भव्य शुभारंभ किया गया। जिसमें 8 से 15 वर्ष आयु वर्ग के उभरते क्रिकेट खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। शुक्रवार को अंबेडकर विकास मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य द्वारा फीता काटकर उद्घाटन समारोह की शुरुआत की गई। इस टेस्ट मैच का आयोजन क्रिकेट कोच मयंक प्रताप ने करवाया। यहाँ बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों, अभिभावकों और खेल प्रेमियों ने उपस्थिति दर्ज कराई। पूरे स्टेडियम का माहौल उत्साह, जोश और उमंग से भरा हुआ था। इस दौरान महेंद्र सिंह आर्य ने कहा कि खेल केवल एक मुकाबला नहीं, बल्कि अनुशासन, टीमवर्क और आत्मविश्वास सिखाने का सर्वोत्तम माध्यम है। बच्चों के चेहरे पर दिख रहा जोश इस बात का प्रमाण था कि आने वाली पीढ़ी खेलों के माध्यम से एक नयी दिशा और संकल्प लेकर आगे बढ़ने के लिए तैयार है। अंबेडकर विकास मंच के उपाध्यक्ष सुशील भगत जी व जिला उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी ललित सिंह उर्फ लकी ने संदेश दिया कि छोटे कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों से भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार होते हैं। बस जरूरत होती है सही अवसर और निरंतर मेहनत की। टेस्ट मैच श्रृंखला की यह शुरुआत न सिर्फ खेल के विकास की ओर एक कदम है। बल्कि युवाओं को यह प्रेरणा भी देती है कि अगर सपने बड़े हों और नीयत साफ हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।

# एमआईएम ने की एसआईआर की तिथि बढ़ाने की मांग

## कलेक्ट्रेट में सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। एमआईएम के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप एसआईआर फार्म भरने की तिथि बढ़ाने की मांग की।

गुरूवार को एमआईएम पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे तथा यहां डिप्टी कलेक्टर मसीह नजम को ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग की गयी है जिसमें प्रक्रिया में सामने आ रही विभिन्न समस्याओं को उठाते हुए एक माह का अतिरिक्त समय बढ़ाने की मांग की गई। कहा कि अनेक मतदाताओं के डाटा का मिलान न होना, 2003 की वोटर लिस्ट में नाम न मिलना, मतदाताओं के माता-पिता के नाम सूची में दर्ज न होना, कई लोगों को एसआईआर फॉर्म उपलब्ध न होना, माता-पिता के नाम न होने की स्थिति में अन्य खून के रिश्तों को मान्यता न मिलना, समय कम होने के कारण बीएलओ का घर-घर न पहुंच पाना, जैसी कठिनाइयों का उल्लेख करते हुए इनका समाधान करने और अवधि बढ़ाने का



अनुरोध किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष साजिद चौधरी, डॉ. टी.पी. सिंह, हाजी नईम मंसूरी, नबीहसन सैफी, जाने आलम, फिरोज आलम, आसिफ रजा सलमानी, शमशेर अली, राशिद अली, एजाजुद्दीन सहित दर्जनों पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लेखपाल द्वारा आत्महत्या करने से प्रदेशभर में आक्रोश, हड़ताल कर किया प्रदर्शन

# डिप्टी कलेक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने पटवारी को आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने वाले एसडीएम के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ ही मृतक के आश्रितों को 50 लाख रुपये की सहायता प्रदान किए जाने की मांग की है।

शुक्रवार को उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने तहसील के प्रारंभ में नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि जनपद फतेहपुर के लेखपाल सुधीर कुमार की शादी 26 नवंबर को होनी थी। छुट्टी के लिए अधिकारियों से लगातार निवेदन कर रहा था। लेकिन अधिकारियों द्वारा एसआईआर ड्यूटी के नाम पर छुट्टी नहीं दी गई। लेखपाल को प्रताड़ित किया जा रहा था। डिप्टी कलेक्टर संजय कुमार सक्सेना नाय ब तहसीलदार कानूनगो उनके घर पहुंचे तथा उनको धमकाते हुए फटकार लगाई थी। जिसके चलते लेखपाल सुधीर कुमार डिप्रेशन में आ गये थे। उन्होंने अधिकारियों की हठधर्मिता से तंग आकरआत्महत्या कर ली। लेखपालों ने एक स्वर में कहा कि अच्छी रैंकिंग पाने के लिए अधिकारी छोटे कर्मचारियों का उत्पीड़न कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आरोपी डिप्टी कलेक्टर संजय कुमार सक्सेना का अज्ञात के स्थान पर नाम दर्ज कर एफआईआर की जाये। मृतक लेखपाल की माता को 50 लाख रुपए की हार्दिक सहायता प्रदान की जाये। मृतक के परिवार से एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाये। एसआईआर की अंतिम तिथि आगे बढ़ाई जाये। कम समय में काम पूरा करने का दबाव कर्मचारियों के स्वास्थ्य एवं जीवन पर खतरा बना हुआ है। इस अवसर पर अध्यक्ष दीपक चौधरी, सचिव दिनेश सिंह, सतीश चंद्र, मुस्तकीम अली, मेहर सिंह राणा, पवन कुमार, श्रीमती शैली, केशव शर्मा, ललित कुमार, योगेश कुमार आदि मौजूद थे।



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। फतेहपुर के लेखपाल सुधीर कुमार की आत्महत्या की घटना ने प्रदेशभर के लेखपालों में गहरा रोष है। इसी कड़ी में शुक्रवार को धनौरा तहसील के लेखपालों ने कामक. ाज ठप कर हड़ताल और धरना-प्रदर्शन किया।

धरने के दौरान तहसील अध्यक्ष विकास यादव ने कहा कि फतेहपुर में तैनात एसडीएम और कानूनगो द्वारा सुधीर कुमार को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि एसआईआर अभियान के दबाव में उन्हें असहनीय मानसिक तनाव झेलना पड़ा। विकास यादव का कहना है कि शादी के बाद भी अधिकारी उनके घर तक पहुँच गए और परिवार के सामने अपमानित किया, जिससे वे बेहद व्यथित थे।तहसील सचिव अनुज सैनी ने भी यह घटना प्रशास. निक दबाव का परिणाम बताते हुए कहा कि एसआईआर को लेकर अधिकारियों ने इतना अत्यधिक दबाव बनाया कि सुधीर कुमार ने यह कठोर कदम उठाया। संघ ने मृतक के परिवार के लिए 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता, एसआईआर की समय सीमा बढ़ाने और दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की माँग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। लेखपाल संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जब तक न्यायिक कार्रवाई नहीं होती और मृतक के माता-पिता को उचित सहायता नहीं मिलती, उनका आंदोलन चरणबद्ध रूप से जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन में सुमित यादव, रमेश सैनी, रीना रानी, सिम्पल सिद्धू, कविता, अनामिका, रूबी, नीतू, गुंजन, मोहित, बिन्तेश, राजीव पाल, विशाल सागर, दीपक, दिनेश, रोहित, अंशू, मुकेश, अंकुल, शनि, मुजम्मिल सहित बड़ी संख्या में लेखपाल मौजूद रहे। लेखपाल संघ ने कहा कि यह केवल एक कर्मचारी की त्रासदी नहीं, बल्कि पूरे विभाग की पीड़ा है और जब तक न्याय नहीं मिलता, संघर्ष थमेगा नहीं।

# जहर का सेवन कराने वाले प्रेमी को भेजा जेल

## पति को खिलाने के लिए दिया था जहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। सैदनगली थाना क्षेत्र के ग्राम हुसैनपुर में 18 नवंबर को प्रेम प्रसंग के दबाव में एक विवाहिता द्वारा जहर सेवन किये जाने के मामले में आरोपी प्रेमी उमेश को पुलिस ने एक सप्ताह की तलाश के बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था।

विवाहिता ने कथित तौर पर अपने प्रेमी उमेश के दबाव में आकर जहर का सेवन कर लिया था। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे तत्काल सैद नगली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान महिला ने पति राजू को बताया कि उमेश ही जहर लाया था। और उसे पति को खिलाने के लिए दबाव बना रहा था। जिससे वह गहरे मानसिक तनाव में थी। पति और प्रेमी के बीच फंसी महिला किसी को नुकसान नहीं पहुँचाना चाहती थी। जिसके चलते उसने स्वयं जहर खा लिया। गंभीर हालत में भर्ती महिला की 20 नवंबर की शाम करीब 7 बजे मौत हो गई। विवाहिता की मौत के बाद पति राजू ने प्रेमी उमेश को घटना का जिम्मेदार ठहराते हुए थाना सैद नगली में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। इस बीच महिला का मृत्यु से पहले दिया गया बयान वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें उसने स्पष्ट शब्दों में उमेश को अपनी हालत का जिम्मेदार बताया है। पुलिस द्वारा लगातार तलाश के बाद आरोपी उमेश आखिरकार एक सप्ताह बाद गिरफ्त में आ गया। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी का चालान कर उसे जेल भेज दिया।



# रामपुर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 850 जोड़ों का विवाह सम्पन्न

## जन प्रतिनिधियों सहित आला अधिकारी बने शादियों के गवाह





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत राजकीय आश्रम पद्धति के निकट मैदान में आयोजित भव्य सामूहिक विवाह समारोह में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर कुल 850 नवदंपत्तियों का पूर्ण विधि-विधान के साथ विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में राज्य पिछड़ा वर्ग उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल, राज्य महिला आयोग की सदस्या सुनीता सैनी, जिला सहकारी बैंक चेयरमैन मोहन लाल सैनी, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र, देवेन्द्र दिवाकर सहित अन्य जनप्रति. निधियों ने सभी नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। अपने संबोधन में राज्य पिछड़ा वर्ग उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल ने कहा कि यह समारोह उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह में सहयोग प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ने सामा. जिक समरसता को बढ़ावा देने और पात्र परिवारों को सम्मान के साथ आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन मोहन लाल सैनी ने कहा कि सभी नवद. पंत्तियों का जीवन सुखमय और समृद्ध रहे। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम आपसी सद्भाव और एकता को बढ़ावा देता है तथा इस योजना के माध्यम से गरीब परिवारों की बेटियों का विवाह धूमधाम और गरिमा के साथ संपन्न कराया जा रहा है, जो अत्यंत सराहनीय पहल है। जिलाधिकारी ने कहा कि यह योजना प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है, जिसके तहत निम्न अर्थव्यवस्था वाले परिवार की बेटियों का विवाह सम्पन्न कराया जाता है। उन्होंने बताया कि योजना को और अधिक पारदर्शी ढंग से लागू करने के लिए और पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ दिलाने के लिए विभाग द्वारा बायोमैट्रिक प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में शासन से प्रत्येक जोड़े के विवाह पर 01 लाख रुपये व्यय करने की व्यवस्था की गई है। गृहस्थी की स्थापना के लिए 60000 रुपये कन्या के बैंक खाते में हस्तांतरित की जाएगी, 25000 रुपये की धनराशि का विभिन्न प्रकार के समान, आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए और 15000 रुपये की धनराशि को आयोजन खर्च के रूप में शामिल किया गया है।

## रामपुर पहुंचे पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री नकवी

# मतदाता शुद्धिकरण अभियान में बीएलओ का सहयोग करें: नकवी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी आज दोपहर अपने तीन दिवसीय दौरे पर रामपुर पहुंचे। शंक. रपुर स्थित अपने आवास पर प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक में पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कार्यकर्ताओं से एस आई आर प्रक्रिया की समीक्षा करने के उपरांत कहा कि रामपुर में मतदाता शुद्धिकरण अभियान बहुत अच्छी तरह से क्रियान्वित हो रहा है। जिसमें जनता का भरपूर सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आवाहन किया और कहा कि मतदाता शुद्धिकरण कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ता बी एल ओ को पूर्ण रूप से सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि कल सुबह 11 बजे वह अपना मतदाता शुद्धिकरण फॉर्म शंकरपुर स्थित आवास पर बीएलओ को सौंपेंगे। रामपुर में प्रवेश के वक्त कोसी पुल पर कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकध्वी का फूल हार माला एवं पटका पहनकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार, जिला पंचायत ख्यालीराम लोधी, अशोक बिश्नोई, जागेश्वर दयाल दीक्षित, कपिल आर्य, मोहन लोधी, सतनाम सिंह, विकास दीक्षित, सोनू लोधी, अजय सैनी, प्रदीप गुप्ता, विक्रम सिंह, आकाश सक्सेना, अर्जुन रस्तोगी, विक्रम सिंह, मिथलेश सिंह, आदि उपस्थित रहे।

# ईओ ने एसआईआर के मद्देनजर कर्मियों की अनावश्यक छुट्टी पर लगाई रोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा।** बुधवार को अधिशासी अधिकारी वंदना शर्मा ने नगर पालि. का के सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जब तक एसआईआर का कार्य चल रहा है,नगर के किसी भी व्यक्ति को कोई भी परेशानी नहीं आनी चाहिए तथा जिन कर्मचारियों की ड्यूटी बीएलओ के साथ लगाई है वो कर्मचारी बराबर अपनी अपडेट वरिष्ठ लिपिक धनीराम सैनी को देते रहें और कोई भी कर्मचारी अनुपस्थित नहीं हो एवं कोई भी कर्मचारी सोमवार तक छुट्टी पर नहीं रहेगा। कर्मचारियों पर अधिशासी अधिकारी एवं वरिष्ठ लिपिक बराबर अपनी उपस्थिति में बीएलओ का ऑनलाइन कार्य कर्मचारियों द्वारा करा रहे हैं।



# तम्बाकू मुक्त अभियान के तहत स्कूली बच्चों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर जनपद में चलाए जा रहे तंबाकू मुक्त युवा अभियान भारत 3.0 के अंतर्गत जनपद सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खान द्वारा सेंट मैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम किया गया, जिसमें विद्यालय की प्रधानाचार्या द्वारा समस्त ई-रिक्शा चालकों एवं रिक्शा चालकों को विद्यालय में बुलाया गया।

कार्यक्रम के दौरान जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खान द्वारा सभी को तंबाकू से होने वाली हानियों एवं बीमारियों के बारे में जागरूक किया गया और उसके समुचित इलाज के बारे में भी बताया गया।

अपने जीवन में तंबाकू का सेवन न करने के लिए समस्त स्कूली वाहन चालकों, विद्यालय के अध्यापिकाओं एवं अध्यापकों को शपथ दिलाई गई तथा ई-रिक्शा चालकों को तंबाकू मुक्ति दूत बनाते हुए तंबाकू मुक्त युवा अभियान भाग 3.0 की टी- शर्ट वितरित की गई। इसके उपरांत राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में तंबाकू मुक्त शिक्षा संस्थान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्राचार्या प्रोफेसर डॉ. जागृति मदन द्वारा महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें वाद विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता एवं स्लोगन प्रतियोगिता रही। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया एवं एनसीसी तथा एनएसएस के छात्र-छात्राओं द्वारा तंबाकू मुक्त अभियान के अंतर्गत एक रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत तंबाकू युवा अभियान भाग 3.0 की टी-शर्ट एनएसएस के छात्र-छात्राओं को वितरित की गई।



# सीडीओ की अध्यक्षता में जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था को और अधिक सुरक्षित एवं सुचारू बनाए जाने हेतु विभागवार समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने एनएचआई तथा अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि विभिन्न क्षेत्रों के अनुसार निर्धारित गति सीमा की जानकारी हेतु गतिसीमा संकेतक बोर्ड अनिवार्य रूप से लगाए जाएँ, ताकि अनियंत्रित गति से होने वाली दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोक लग सके। उन्होंने कहा कि एनएच से जुड़ने वाले लिंक मार्गो पर आवश्यकतानुसार स्पीड ब्रेकर लगाए जाएँ ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने संबंधित विभागों को ब्लैक स्पॉटों की पहचान कर त्वरित समाधान निकालने के निर्देश दिए।



उन्होंने कहा कि जहां दुर्घटनाओं की संख्या अधिक है, उन क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा ऑडिट कराया जाए एवं सुधारात्मक कार्यवाही प्राथमिकता पर की जाए। उन्होंने एआरटीओ को निर्देशित किया कि छोटे बच्चों एवं बिना लाइसेंस वाहन चलाने वालों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि विद्यालय स्तर पर सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित कराए जाएं, जिससे विद्यार्थी व अभिभावकों में यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूकता बढ़ सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि स्कूली वाहनों में निर्धारित मानकों का पालन अनिवार्य है तथा मानकों के अनुरूप न पाए जाने पर वाहन स्वामियों एवं संचालकों के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मोटरसाइकिल चोरी की रिपोर्ट दर्ज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा।** कस्बा दढ़ियाल के मोहल्ला होली चौक में रविवार शाम घर के बाहर सड़क किनारे खड़ी एक मोटरसाइकिल अज्ञात चोर उड़ा ले गए।पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित मनोज भटनागर ने पुलिस को बताया कि वह 23 नवंबर को शाम अपनी मोटरसाइकिल घर के बाहर खड़ी करके अंदर चला गया था। जब कुछ देर बाद बाहर आया तो मोटरसाइकिल गायब थी। काफी तलाश करने और आसपास पूछताछ करने के बाद भी जब मोटरसाइकिल नहीं मिली तो वह कोतवाली पहुंचा और तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी है।

# गन्ने से लदी ट्रैक्टर ट्राली के चालक को यातायात के नियम का पालन करने पर सीओ ने सम्मानित किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** यातायात माह के मद्देनजर यातायात नियमो का पालन करने पर स्वार क्षेत्रधिकारी अतुल कुमार पांडे ने गन्ने से लदी एक ट्रैक्टर ट्राली के चालक को सम्मानित किया है। यातायात माह को लेकर पुलिस जागरूकता अभियान चला रही है इस जागरूकता अभियान के तहत गुरुवार को स्वार क्षेत्राधिकार अतुल कुमार पांडे को मार्ग पर गन्ने से लदी ट्रैक्टर ट्राली मिली जिसके पीछे रिफ्लेक्टर युक्त लाल कपड़ा बंधा हुआ था। और कपड़े पर क्रॉस युक्त निशान बने हुए थे। रिफ्लेक्टर दूर से ही दिखाई दे रहा था जो कि विशेष कर कोहरे के समय और रात्रि के समय दुर्घटना को कम करने में अत्यंत सहायक है। दिन के समय में भी इस तरह से ट्रैक्टर ट्राली को ले जाना अत्यंत सराहनीय एवं जागरूकता का प्रतीकात्मक उदाहरण है क्षेत्राधिकारी ने रोककर जिम्मेदारी एवं जागरूक चालक से वार्ता की। चालक ने बताया की यह बदलाव जागरूकता एवं सकारात्मक पुलिस विभाग एवं समाचार पत्रों द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान का परिणाम है।

इस दौरान सी ओ स्वार ने चालक को सम्मानित किया।

# एआरटीओ ने 2 ओवरलोड वाहनों को किया सीज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार सिंह के निर्देश पर परिवहन विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर खनन, ओवरलोड, बिना रिफ्लेक्टर टेप और अनधिकृत रूप से संचालित वाहनों के विरुद्ध चेकिंग की कार्रवाई की गयी।

वरिष्ठ सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि देर रात 1:30 बजे रामपुर शहर से स्वार रोड पर चलाये गये चें. कंग अभियान में परिवहन विभाग की टीम द्वारा 02 ओवरलोड वाहनों को नवीन मंडी में सीज किया गया। चें. कंग के दौरान टैक्स जमा न करने वाले, हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट न लगाने पर वाहनों, बिना रिफ्लेक्टर टेप और अन्य अनधिकृत रूप से संचालित 36 वाहनों पर चालान की कार्रवाई की गयी।

उन्होंने बताया कि इस अभियान में कुल 2.67 लाख रूपये का जुर्माना लगाया गया।



# समय से पूर्व एसआईआर के फॉर्म का कार्य मुकम्मल करने पर जिलाधिकारी ने बीएल ओ को किया सम्मानित

**( मो.फारूख अंसारी )**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** क्षेत्र के करीमपुर में बूथ संख्या 6 पर एस आई आर का कार्य समय पूर्वक कर लेने पर जिलाधिकारी अजय कुमार ने बी एल ओ हितेंद्र पाल सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है।

उधर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने एस आई आर के फॉर्म जमा करने के लिए बी एल ओ का सहयोग किया है। मसवासी क्षेत्र के करीमपुर में बूथ संख्या 6 पर तैनात बी एल ओ हितेंद्र पाल सिंह समय से पूर्व ही एस आई आर का फॉर्म का कार्य मुकम्मल कर लिया इसकी जानकारी मिलने पर जिलाधिकारी अजय कुमार ने उन्हें गुरुवार को रामपुर जिला मुख्यालय बुला लिया और प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया।



# मोटरसाइकिल सवार की अज्ञात वाहन की टक्कर से दर्दनाक मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** फोरलेन मार्ग पर एक अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई, और शव को कब्जे मे लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक थाना बहेड़ी के ग्राम लवेदा निवासी 37 वर्षीय लालाराम पुत्र काशीराम मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने घर से उत्तराखण्ड काम करने जा रहा था। बताया जाता है कि जैसे ही वह ग्राम डांडी अभयचंद के पास पहुंचा तो एक अज्ञात वाहन ने उसकी मोटरसाइकिल मे टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। परिजन भी रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# 36 साल बाद हत्यारोपी अब्दुल रहीम उर्फ सक्सेना गिरफ्तार

- धर्म बदलकर मुरादाबाद में रह रहा था प्रदीप सक्सेना




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** पुलिस ने हत्या के एक मामले में 36 साल से फरार आरोपी प्रदीप सक्सेना को गिरफ्तार कर लिया है। वह धर्म बदलकर मुरादाबाद में अब्दुल रहीम के नाम से रह रहा था और वाहन चलाता था। पुलिस ने उसे बृहस्पतिवार को डेलापीर मंडी से पकड़ा।

यह मामला वर्ष 1987 का है, जब शाही कस्बे के निवासी प्रदीप सक्सेना के खिलाफ प्रेमनगर थाने में चोरी और हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। उसे 1989 में जमानत मिली, जिसके बाद वह अदालत में पेश नहीं हुआ और फरार हो गया। उसके परिवार ने भी अपना ठिकाना बदल लिया था।

हाल ही में, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 16 अक्टूबर को एसएसपी को आदेश दिया था कि आरोपी को चार सप्ताह के भीतर गिरफ्तार कर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बरेली के समक्ष पेश किया जाए। इस आदेश के बाद एसएसपी अनुराग आर्य ने आरोपी की तलाश के लिए एक विशेष टीम का गठन किया।

सीओ प्रथम आशुतोष शिवम ने बताया कि पुलिस टीम ने सबसे पहले शाही में प्रदीप के परिचितों से पूछताछ की। इससे पता चला कि प्रदीप सक्सेना का एक भाई सुरेश बाबू सक्सेना किला थाना क्षेत्र के मोहल्ला साहूकारा में रहता है। पुलिस ने सुरेश बाबू से संपर्क किया। सुरेश बाबू सक्सेना ने पूछताछ में बताया कि प्रदीप ने धर्म परिवर्तन कर लिया है और अब वह मुस्लिम बन गया है। उसने यह भी जानकारी दी कि प्रदीप मुरादाबाद के मोहल्ला करूला में रहता है और वाहन चलाता है।

पुलिस टीम बुधवार को मुरादाबाद के मोहल्ला करूला पहुंची, जहां पता चला कि इस नाम का कोई व्यक्ति नहीं रहता। हालांकि, वहां एक बुजुर्ग अब्दुल रहीम रहता था, जिसे लोग 'सक्सेना ड्राइवर' के नाम से भी जानते थे। वह पिछले 30 सालों से ट्रांसपोर्ट नगर में गाड़ी चला रहा था। ट्रांसपोर्ट नगर में पूछताछ से पता चला कि अब्दुल रहीम उर्फ सक्सेना ड्राइवर बरेली गया हुआ है। उसके हुलिए की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने बृहस्पतिवार को प्रदीप सक्सेना को डेलापीर मंडी से गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में प्रदीप सक्सेना ने बताया कि 1989 में जमानत पर छूटने के बाद उसने शाही कस्बा छोड़ दिया था। इसके बाद उसने कई ठिकाने बदले और साल 2000 में मुरादाबाद आकर इस्लामनगर में तुर्की इंटर कॉलेज के पास गली नंबर 16 में रहने लगा। पुलिस से बचने के लिए वर्ष 2002 में उसने धर्म बदलकर अपना नाम अब्दुल रहीम रख लिया। वह मुस्लिमों जैसी दाढ़ी रखने लगा। वह कई बार गाड़ी लेकर बरेली की डेलापीर मंडी आया, पर उसको कोई पहचान नहीं सका। अब उसकी उम्र 70 साल है।

**हाईकोर्ट ने सख्ती की तो डेढ़ माह में हुई गिरफ्तारी**

हाईकोर्ट की सख्ती के बाद पुलिस ने 36 साल से वांछित हत्यारोपी को डेढ़ माह में ही खोजकर गिरफ्तार कर लिया। गौर करने की बात यह है कि 35 साल में पुलिस बरेली में ही रह रहे प्रदीप के भाई सुरेश बाबू तक भी नहीं पहुंच सकी थी। हाईकोर्ट ने सख्ती न की होती तो शायद अब भी प्रदीप सक्सेना की गिरफ्तारी नहीं होती।

एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि आरोपी को डेलापीर मंडी से गिरफ्तार किया गया है। वह मुस्लिम बनकर मुरादाबाद में रह रहा था। उसकी गिरफ्तारी के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

# कैडवर ही आपके प्रथम शिक्षक : कुलाधिपति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय के एनाटमी विभाग के तत्वावधान में आज आयोजित कैडवरिक शपथ ग्रहण सेरेमनी में एमबीबीएस बैच 2025 के छात्रों को शपथ दिलाई गई। सेरेमनी कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी ने दीप प्रज्जवलन करके किया। इस मौके पर छात्रों ने अगले एक वर्ष तक अपनी पढ़ाई के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले कैडवर को सम्मान दिया और पुष्प अर्पित किये साथ ही शपथ ली कि वे इस कैडर की गोपनीयता तथा आदर के साथ उपयोग अपने ज्ञानवर्धन के लिए करेंगे। कुलाधिपति किशन चौधरी ने सफलता का मूल मंत्र नियमित अध्ययन को बताते हुए कहा आप सभी ने कैडवरिक पर प्रायोगिक कार्य करने की पहली क्लास ज्वाइंन की है, कैडवर ही आपके प्रथम शिक्षक है, जिनसे आप मेडिकल शिक्षा की शुरूआत करेंगे। मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे ने एमबीबीएस छात्र–छात्राओं को चिकित्सा शिक्षा के प्रारंभिक चरण में मानवीय संवेदना, सम्मान और नैतिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शरीर दाताओं के इस अमूल्य योगदान की सराहना करते हुए कहा कि शरीर दाता समाज के सच्चे नायक हैं, जिनके योगदान से भविष्य के चिकित्सक मानवता की सेवा के लिए तैयार होते हैं।

# संस्कृति विवि में विद्वानों ने बताया वेदों का महत्व और उपयोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** प्रदेश में पहली बार संस्कृति विश्वविद्यालय में शुरू हुई दो दिवसीय अंर्राष्ट्रीय गोष्ठी में जब प्रख्यात विद्वानों ने वेदों पर श्री अरविंद के द्वारा डाले गए प्रकाश के बारे में उपस्थित श्रोताओं और विद्यार्थियों को बताया तो संतोष मैमोरियल आडिटोरियम में तालियों और प्रशंसा के स्वर गूंज उठे। वक्ताओं ने बताया कि कैसे श्री अरविंद ने वेदों की टीका कर दुनिया को बताया कि हमारे वेद कितने वैज्ञानिक और संपूर्णता लिए हुए हैं। वक्ताओं ने युवा पीढ़ी को श्री अरविंद के द्वारा दिए गए ज्ञान के अध्ययन के लिए प्रेरित किया। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि नेशनल असेसमेंट एंड एक्रिडिटेशन काउंसिल(नैक) के चेयरमैन प्रोफेसर अनिल सहस्रबुद्धि ने कहा कि 21वीं सदी भारत की है। यह सच है कि भारतीय परंपरा के बारे में दुनियां को अभी नहीं पता। हमें दुनियां को वेदों को विस्तार से बताने की जरूरत है। हमारे वेद ही हैं जो सबके कल्याण और उत्थान की बात करते हैं। भारत की सही परंपरा के बारे में बताने की जरूरत है। पांच साल पहले एक राष्ट्रीय शिक्षा नीति देश में लागू हुई थी जिसमें कौशलयुक्त शिक्षा, मानवीय मूल्य को स्थान दिया गया। उन्होंने कहा कि सरकारी व्यवस्था जिम्मेदरीपूर्ण और ईमानदारी होनी चाहिए। गुरु और विद्यार्थियों के बीच संबंध बहुत अच्छे होने चाहिए। हमारे वेदों में सारी बातों का समावेश है। उन्होंने विमान शास्त्र के बारे में बताया कि हमारे यहां तो पुष्पक विमान बना लिया गया था। उन्होंने कहा कि हमारे युवा विद्यार्थियों के लिए वेदों की बड़ी उपयोगिता है। वर्तमान में वेद बहुत उपयोगी हैं और वैज्ञानिक हैं। विशिष्ठ अतिथि उप्र तीर्थ विकास परिषद के वाइस चेयरमैन शैलजा कांत मिश्रा ने उपस्थित लोगों को बड़े सहज तरीके से बताया कि जिसकी आत्मा परमात्मा से मिल जाए वो योगी है और श्री अरविंद एक योगी थे। उन्होंने श्री अरविंद के पारिवारिक जीवन के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए बताया कि आईसीएस परीक्षा 11वें नंबर पर उत्तीर्ण करने वाले श्री अरविंद ने कैसे आजादी की आधारशिला रखी। श्री अरविंद ने ही बताया कि सनातन धर्म ही राष्ट्रीयता है।

# 2027 तक बाल श्रम मुक्त होगा मथुरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार वर्ष 2027 तक प्रदेश को बाल श्रम मुक्त करना है। जिसके संबंध में प्रदेश के प्रमुख सचिव (श्रम) के आदेशानुसार जनपद में 1 से 15 दिसम्बर तक बाल श्रम रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जायेगा। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह द्वारा जनपद में उक्त अभियान को गति देने हेतु समिति गठित करते हुए शासन की मंशानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। डीएम द्वारा इस संबंध में सभी तहसीलों के उप जिलाधिकारियॉ पुलिस क्षेत्राधिकारियॉ खण्ड विकास अधिकारियों एवं खण्ड शिक्षा अधिकारियों को बाल एवं किशोर श्रम के विरूद्ध अभियान में विशेष योगदान देने हेतु निर्देशित किया गया है। सहायक श्रमायुक्त एमएल पाल द्वारा अवगत कराया है कि शासन एवं जिलाधिकारी के निर्देश पर पूर्व में समय–समय पर अभियान संचालित किये गये। जनपद में फैक्ट्री, उद्ध्योग, होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट, बारात घर, बैण्ड–बाजा, दुकानदारों आदि के स्वामियों के साथ बैठक कर अपील की गयी है कि अपने अपने प्रतिष्ठानों पर 18 वर्ष से कम आयु के बाल श्रमिकों से कार्य न करायें। उन्होंने बताया कि वर्तमान में वित्तीय वर्ष में कुल 70 नियोजकों के विरूद्ध कार्यवाही की।

# आत्म हत्या करने वाले लेखपाल मामले ने पकड़ा जोर

## कार्यवाही की मांग को लेकर लेखपाल संघ ने दिया धरना

- 50 लाख मुआवजा और एसआईआर की डेट बढ़ाए जाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** तहसील के लेखपाल संघ ने शुक्रवार को तहसील में धरना दिया। धरना प्रदर्शन के बाद संगठन ने मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र एसडीएम को सौंपा। जिसमें मृतक लेखपाल को 50 लाख मुआवजा दिए जाने, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिए जाने के साथ ही आरोपी पीसीएस अधिकारी संजय कुमार सक्सेना का नाम जोड़े जाने की मांग की गई है।

संगठन के तहसील अध्यक्ष अजय गुप्ता के नेतृत्व में शुक्रवार को तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन किया गया। धरना जनपद फतेहपुर के लेखपाल सुधीर कुमार द्वारा एसआईआर को लेकर बनाए जा रहे प्रशासनिक दबाव के साथ ही निलंबन किए गए उसके बाद बर्खास्तगी की धमकी दिए जाने को लेकर लेखपाल द्वारा आत्म हत्या कर ली गई थी। लेखपाल द्वारा आत्म हत्या के लिए



मजबूर किए जाने के मामले में दर्ज की गई रिपोर्ट में पीसीएस अधिकारी संजय कुमार का नाम जोड़े जाने, मृतक परिवार का 50 लाख मुआवजा दिए जाने, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिए जाने के साथ ही एसआईआर की अंतिम तिथि बढ़ाए जाने की मांग के साथ ही कर्मियों के साथ अच्छा व्यवहार किए गए की मांग की गई है। धरना समाप्ति की वाद संगठन ने मुख्यमंत्री को संबोधित मांगपत्र एसडीएम को सौंपा, इसमें संगठन के अध्यक्ष अजय गुप्ता, मंत्री योगेश कुमार, कुव राजी गुप्ता, रंजीत सिंह, अर्जुन सिंह, नारायन कुमार, प्रिंस गंगवार आदि शामिल रहे।

# दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को फांसी लगाने की कोशिश

- गर्म चाय से जलाया, पुलिस से लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नगर के मोहल्ला कहारान के रहने वाली मानसी गुप्ता पुत्री अवनेश गुप्ता ने थाना नवाबगंज में अपने पति और ससुराल पक्ष के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए शुक्रवार को तहरीर दी है। पीड़िता के मुताबिक उसका विवाह 18 अप्रैल 2022 को सौरभ गुप्ता पुत्र शिवम ओम गुप्ता के साथ हिंदू रीति–रिवाज से हुआ था। विवाह में पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार लगभग 10 लाख रुपये का सामान, 5 लाख रुपये नकद तथा 3 लाख रुपये बारात व खान–पान में खर्च किए थे।

पीड़िता का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही पति, सास–ससुर और देवर ने उस पर अतिरिक्त 10 लाख रुपये लाने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। मांग पूरी न होने पर उसे ताने मारे गए, शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना दी गई और कई–कई दिनों तक भूखा रखा गया। सबसे गम्भीर आरोप में मानसी ने बताया कि, पति सहित ससुरालियों ने एक साजिश के तहत रात के अंधेरे में उसके गले में दुपट्टे से फंदा लगाकर हत्या की कोशिश की गई। जब वह किसी तरह बच गई, तो पति ने उस पर खौलती हुई चाय डाल दी, जिससे वह बुरी तरह झुलस गई। इसके बावजूद वह घर बचाने की उम्मीद में चुप रही और उनके अत्याचार सहती रही।जब उसने यह बात अपने पिता को बताई, तो पिता अवनेश गुप्ता ने ससुराल जाकर उन्हें समझाने की कोशिश की, लेकिन ससुराल वाले अपने लालच से बाज नहीं आए। इसके बाद पति उसे यह कहकर गाजियाबाद ले गया कि वहीं नया जीवन शुरू करेंगे, लेकिन वहां पहुंचकर अगले ही दिन पत्नी को कमरे में बंद कर फरार हो गया, पीड़िता दो दिन तक भूखी–प्यासी कमरे में बंद रही। किसी तरह बाहर निकलकर मायके पहुंचने के बाद जब वह दोबारा अपने ससुराल ग्राम सेंधा गई, तो सास, ससुर और देवर ने उसे पकड़कर बुरी तरह पीटा, मोबाइल छीनकर तोड़ दिया। किसी तरह जान बचाकर उसने अपने पिता को फोन किया, जिनके द्वारा डायल 112 पर सूचना देने पर पुलिस पहुंची और उसकी जान बची।

पीड़िता ने थाने में रो–रोकर बयान देते हुए कहा कि अगर मैं एक–दो दिन और उनके पास रहती, तो ये लोग मुझे मार ही डालते। मानसी गुप्ता ने अपने पिता के साथ कोतवाली जाकर पति व ससुरालजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, जान से मारने की कोशिश, मारपीट, मानसिक उत्पीड़न और बंधक बनाने जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।


# दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को फांसी लगाने की कोशिश

- गर्म चाय से जलाया, पुलिस से लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नगर के मोहल्ला कहारान के रहने वाली मानसी गुप्ता पुत्री अवनेश गुप्ता ने थाना नवाबगंज में अपने पति और ससुराल पक्ष के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए शुक्रवार को तहरीर दी है। पीड़िता के मुताबिक उसका विवाह 18 अप्रैल 2022 को सौरभ गुप्ता पुत्र शिवम ओम गुप्ता के साथ हिंदू रीति–रिवाज से हुआ था। विवाह में पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार लगभग 10 लाख रुपये का सामान, 5 लाख रुपये नकद तथा 3 लाख रुपये बारात व खान–पान में खर्च किए थे।

पीड़िता का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही पति, सास–ससुर और देवर ने उस पर अतिरिक्त 10 लाख रुपये लाने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। मांग पूरी न होने पर उसे ताने मारे गए, शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना दी गई और कई–कई दिनों तक भूखा रखा गया। सबसे गम्भीर आरोप में मानसी ने बताया कि, पति सहित ससुरालियों ने एक साजिश के तहत रात के अंधेरे में उसके गले में दुपट्टे से फंदा लगाकर हत्या की कोशिश की गई। जब वह किसी तरह बच गई, तो पति ने उस पर खौलती हुई चाय डाल दी, जिससे वह बुरी तरह झुलस गई। इसके बावजूद वह घर बचाने की उम्मीद में चुप रही और उनके अत्याचार सहती रही।जब उसने यह बात अपने पिता को बताई, तो पिता अवनेश गुप्ता ने ससुराल जाकर उन्हें समझाने की कोशिश की, लेकिन ससुराल वाले अपने लालच से बाज नहीं आए। इसके बाद पति उसे यह कहकर गाजियाबाद ले गया कि वहीं नया जीवन शुरू करेंगे, लेकिन वहां पहुंचकर अगले ही दिन पत्नी को कमरे में बंद कर फरार हो गया, पीड़िता दो दिन तक भूखी–प्यासी कमरे में बंद रही। किसी तरह बाहर निकलकर मायके पहुंचने के बाद जब वह दोबारा अपने ससुराल ग्राम सेंधा गई, तो सास, ससुर और देवर ने उसे पकड़कर बुरी तरह पीटा, मोबाइल छीनकर तोड़ दिया। किसी तरह जान बचाकर उसने अपने पिता को फोन किया, जिनके द्वारा डायल 112 पर सूचना देने पर पुलिस पहुंची और उसकी जान बची।

पीड़िता ने थाने में रो–रोकर बयान देते हुए कहा कि अगर मैं एक–दो दिन और उनके पास रहती, तो ये लोग मुझे मार ही डालते। मानसी गुप्ता ने अपने पिता के साथ कोतवाली जाकर पति व ससुरालजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, जान से मारने की कोशिश, मारपीट, मानसिक उत्पीड़न और बंधक बनाने जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।


# बरेली में 10 दिन तक चलेगा खादी का महाकुंभ, 100 से अधिक लगेंगे स्टॉल

## बरेली में स्वदेशी हुनर को मिलेगा आसमान, योगी सरकार दे रही कारीगरों को विशाल मंच

- जरी से लेकर क्रॉकरी तक पूरा देश सजाएगा बरेली, सबके लिए फ्री एंट्री




**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**( मो. इरफान मुनीम )**

**बरेली।** आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश और स्वदेशी को बढ़ावा देने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप बरेली में 1 दिसंबर से 10 दिसंबर तक भव्य खादी महोत्सव 2025–26 आयोजित किया जा रहा है। बिशप मंडल इंटर कॉलेज परिसर में लगने वाला यह महोत्सव प्रदेश के ग्रामीण उद्योगों, छोटे उद्यमियों और कारीगरों को एक ही छत के नीचे अपनी कला–कौशल बेचने का सुनहरा अवसर देगा। योगी सरकार के इस प्रयास का उद्देश्य खादी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती देना है। योगी सरकार सभी कारीगरों को निशुल्क स्टाल उपलब्ध करवा रही है। इससे छोटे कारीगरों को अधिकतम लाभ मिल सके। मेले का उद्घाटन 1 दिसंबर को अपराह्न 2 बजे महापौर डॉ. उमेश गौतम करेंगे।

खादी महोत्सव में इस बार करीब आठ राज्यों के लघु उद्योग अपनी समृद्ध पहचान के साथ पहुंच रहे हैं। इसमें खुर्जा की प्रसिद्ध क्रॉकरी,मुरादाबाद का विश्व–प्रसिद्ध ब्रास वर्क, कानपुर का लेदर उद्योग, वाराणसी की रेशमी साड़ियां, कश्मीर की गर्म शॉलें, बरेली की जरी, फर्नीचर व हैंडीक्राफ्ट, रामपुर का प्राकृतिक शहद, भदोही के कालीन, राजस्थान के बीकानेर की भुजिया, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड की इकाईयों के उत्कृष्ट उत्पाद भी यहां प्रदर्शित व बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे। इसके अतिरिक्त सूती–रेशमी कपड़े, हस्तनिर्मित खिलौने, मिट्टी कला, रेडीमेड गारमेंट्स और मूर्तियां भी दर्शकों को आकर्षित करेंगी।

### 100 से अधिक स्टॉल, प्रवेश और स्टॉल दोनों निशुल्क

परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि महोत्सव में 100 से अधिक स्टाल लगाए जा रहे हैं, और सबसे खास बात है कि स्टॉल लगाने वालों को निशुल्क स्थान दिया गया है। दर्शकों के लिए पूरी प्रदर्शनी में प्रवेश भी नि:शुल्क रहेगा। उन्होंने कहा कि पंडाल तैयार करने का काम तेजी से चल रहा है और एक दिसंबर से पहले सारी व्यवस्थायें पूरी कर ली जाएंगी।

### 10 दिन तक चलेगी सांस्कृतिक छटा

विषप मंडल इंटर कॉलेज हर दिन लोक नृत्य, लोकगीत, वाद–विवाद, सांस्कृतिक कार्यक्रम और गायन प्रतियोगिताएँ महोत्सव को विशेष बनाएँगी। सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक आमजन प्रवेश कर खरीदारी और मनोरंजन का आनंद ले सकेंगे। योगी सरकार की यह पहल न केवल रोजगार को बढ़ावा देगी, बल्कि स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय पहचान दिलाने में भी मील का पत्थर साबित होगी। खादी महोत्सव छोटे उद्यमियों के लिए आर्थिक मजबूती और उपभोक्ताओं के लिए स्वदेशी उत्पादों का शानदार संगम लेकर आ रहा है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से लाभान्वित गरीब परिवारों के घर बजी शहनाई

- बेटियों के हाथ हुए पीले, 485 जोड़ों ने थामा एक दूजे का हाथ
- विवाह कार्यक्रम में 349 जोड़ों ने लिए सात फेरे, 136 जोड़ों का हुआ निकाह



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत जनपद बरेली में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन बरेली कॉलेज के मैदान में किया गया, जिसमें विकासखण्ड आलमपुर जाफराबाद, मझगवां, रामनगर, बहेड़ी, रिछा, फतेहगंज पश्चिमी, मीरगंज, शेरगढ़, नगर पालिका परिषद आंवला व बहेड़ी, नगर पंचायत बिशारतगंज, देवरनियां, रिछा, शेरगढ़, शीशगढ़, फतेहगंज पश्चिमी, मीरगंज, शाही के 485 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों में जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधायक कैण्ट संजीव अग्रवाल, विधायक बिथरी चौनपुर डॉ0 राघवेन्द्र शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष आंवला आदेश प्रताप सिंह, ब्लाक प्रमुख फतेहगंज पश्चिमी व अन्य जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं अधिकारियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देकर उनके सफल वैवाहिक जीवन की कामना की।

शासन की अति महत्वांकाक्षी योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत बरेली कॉलेज मैदान में 485 जोड़ों का विवाह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, जिसमें एक ओर जहां 349 जोड़ों ने एक दूसरे के साथ सात फेरे लिये, और दूसरी तरफ 136 जोड़ों का काजी द्वारा निकाह पढ़वाया गया। जनप्रतिनिधियां एवं अधिकारियों ने सामूहिक विवाह की पावन बेला पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया व नव युगल को पवित्र गठबंधन के दाम्पत्य सूत्र के आत्मीय संबंधों के साथ गृहस्थ आश्रम में प्रवेश कर जन्म जन्मांतर के पारिवारिक एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के कर्तव्य निर्वहन हेतु जीवन की नई पारी पर वर–वधू को आशीर्वाद एवं शुभकामनायें दी।

मुख्यमंत्री योगी की प्राथमिक योजनाओं में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के आयोजन को सफल बनाने के लिए विगत कई माह से तैयारियां चल रही थी। बारातियों के स्वागत और वधु को विदाई के समय दिए जाने वाले उपहार में कहीं कोई कमी न रह जाए, इसके लिए मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति ने हर कार्य के लिए विशेष ध्यान रखा। वर–वधु को वैवाहिक जीवन की नई शुरुआत करने के लिए आर्शीवाद के साथ विभिन्न सौगातों में साड़ी, पायल, बिछिया, प्रेशर कुकर, डिनर सेट, वैनिटी किट, दीवर घड़ी, ट्राली बैग, प्रेस, गद्दे, तकिया, डबल बेडशीट, फेंटाध्बड़ा गमछा, वर के लिये कपड़े आदि सहित कुल 24 सामान प्रत्येक जोड़ों दिए गए तथा वर–वधु सहित उनके परिजनों के लिए भोजन की भी व्यवस्था की गई।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121–4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल–9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।


# मुंसिफ कोर्ट में न्यायिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** पिछले एक माह से अधिक समय से रिक्त चल रही मुंसिफ कोर्ट में जल्द से जल्द न्यायिक अधिकारी की तैनाती की जाए।

एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने आज शुक्रवार को उच्च न्यायालय इलाहाबाद के प्रशासनिक न्यायाधीश से बरेली जाकर मिले। अधिवक्ताओं ने उन्हें बताया कि पिछले डेढ़ माह पहले न्यायिक अधिकारी विनेश कुमार का तबादला ग्राम न्यायालय मीरगंज बरेली में हो गया था तब से कोर्ट रिक्त चल रही है। मुंसिफ कोर्ट में किसी न्यायिक अधिकारी के न होने के कारण जहां वादकारियों को बैरंग लौटना पड़ रहा है वहीं अधिवक्ताओं का भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधिवक्ताओं द्वारा प्रशासनिक न्यायाधीश को सौंपे गए मांग पत्र पर माननीय न्यायाधीश ने जल्द ही न्यायिक अधिकारी की तैनाती किए जाने का आश्वासन दिया है। इसमें संगठन के पूर्व अध्यक्ष हाजी माजिद हुसैन जैदी, सचिव पुष्पाल सिंह, कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र पटेल, युवा अधिवक्ता राजीव गंगवार आदि शामिल रहे।

# मुंबई इंडियंस ने अधिकतर खिलाड़ियों को फिर खरीदा

**नई दिल्ली, वार्ता।** मुंबई इंडियंस ने नई दिल्ली में हुई डब्ल्यूपीएल 2026 की मेगा नीलामी में अपनी 2025 की विजेता टीम के ज्यादातर खिलाड़ियों को सफलतापूर्वक वापस पा लिया। टीम की मालिक नीता एम. अंबानी ने कहा कि उनकी रणनीति पुराने चैंपियन खिलाड़ियों को फिर से साथ लाने की थी। उन्होंने अमेलिया केर, शबनिम इस्माइल, साईका इशाक, सजाना और संस्कृति गुप्ता की वापसी को लेकर खुशी जताई। कप्तान हरमनप्रीत कौर, नैट शिवर-ब्रंट, हेली मैथ्यूज़, अमनजोत कौर और जी. कमलिनी पहले से ही रिटेन थीं। नीता अंबानी ने इस मौके पर कहा कि नीलामी का दिन हमेशा रोमांचक होता है।

हमारी रणनीति यह थी कि जीत दिलाने वाली टीम को जितना हो सके वापस लाया जाए। मुझे अमेलिया केर की वापसी को लेकर बेहद खुशी है और हमारी चार 'एस' यानी शबनिम, साईका, सजाना और संस्कृति का फिर से टीम के साथ शामिल होना शानदार है।

साथ ही हम तीन युवा खिलाड़ियों-रहीला फिरदौस, नल्ला क्रांति रेड्डी और त्रिवेणी वशिष्ठ का भी टीम में स्वागत करते हैं। पूनम खेमनार, मिली इलिगवर्थ और निकोला केरी को मुंबई-इंडियंस परिवार में शामिल करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है।

नीलामी में मौजूद कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि शुरू में थोड़ा नर्वस थी, लेकिन जिस तरह से हमने प्लानिग की और हर किसी की भागीदारी रही। खासकर नीता मैम की, वह शानदार थी। उन्होंने हमेशा हमें सपोर्ट किया है। टीम के पुराने चेहरे फिर हमारे साथ हैं, जो बताता है कि टीम मैनेजमेंट को हम पर कितना भरोसा है।

# पूरी तरह फिट हुए रजत पाटीदार




**● रजत बाएं घुटने की हल्की चोट से उबर चुके है और बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ने उन्हें खेलने की अनुमति दे दी है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** रजत पाटीदार बाएं घुटने की हल्की चोट से उबर चुके हैं और बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ने उन्हें खेलने की अनुमति दे दी है। वह शुक्रवार को कोलकाता में मध्य प्रदेश की टीम से दोबारा जुड़ेंगे और रविवार को होने वाले सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के तीसरे राउंड के लिए उपलब्ध रहेंगे। पाटीदार एमपी के कप्तान हैं। पिछले चार हफ्तों से वह प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेल पाए थे। दक्षिण अफ्रीका ए के खलिाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट में भारत ए के लिए खेलने के बाद उन्हें लगातार घुटने में दर्द हो रहा था। इसके कारण वह रणजी ट्रॉफी के कुछ मैच से भी दूर रहे। यह दर्द उन्हें 15 अक्तूबर को पंजाब के खिलाफ एमपी के पहले रणजी मैच के दौरान महसूस हुआ था। ईएसपीएन क्रिकइंफो के अनुसार पाटीदार ने 10 दिन का रिहैब प्रोग्राम पूरा किया और सीओई की मेडिकल टीम ने उन्हें फिर से खेलने की अनुमति दे दी है। वह नेट में दोबारा बल्लेबाज़ी शुरू कर चुके हैं। चोट से पहले पाटीदार बेहतरीन लय में थे। उन्होंने रणजी सीजन की शुरुआत पंजाब के खलिाफ दोहरा शतक लगाकर की थी। इस दौरान दलीप ट्रॉफी में सेंट्रल ज़ोन के कप्तान के तौर पर वह खताबी सफर में दो शतक और दो अर्धशतक भी लगा चुके थे। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025-26 उनके लिए आईपीएल 2025 के बाद पहला सफेद गेंद का टूर्नामेंट होगा, जहां वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को उनका पहला खताब दिलाने वाले कप्तान थे। इसके बाद पाटीदार को राज्य टीम की सभी फॉर्मेट की कप्तानी सौंप दी गई, जहां उन्होंने शुभम शर्मा की जगह ली। पिछले सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी सीजन में एमपी उपविजेता रही थी और पाटीदार का योगदान अहम था। वह 428 रन के साथ टूर्नामेंट के दूसरे सबसे सफल बल्लेबाज थे। उन्होंने नौ पारियों में 186.08 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### भारत दिसम्बर में पांच महिला टी-20 मैचों के लिए श्रीलंका की मेजबानी करेगा

**मुम्बई, वार्ता।** अगले वर्ष जनवरी में शुरु होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्लयूपीएल) 2026 से पहले भारत दिसम्बर में पांच महिला अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैचों की मेजबानी करेगा। यह सीरीज 21 से 30 दिसम्बर तक खेली जाएगी, इसके पहले दो मैच विशाखापत्तनम में और आखिरी तीन तिरुवनंतपुरम में होंगे। इसके बाद डब्ल्यूपीएल नौ जनवरी से नवी मुंबई में शुरू होगा और फिर दूसरे हाफ के लिए वडोदरा जाएगा, भले ही श्रीलंका का कोई भी खिलाड़ी डब्ल्यूपीएल की पांचों टीमों में से किसी में भी नहीं है। भारत और बंगलादेश के बीच दिसम्बर में भारत में होने वाली सफेद गेंद सीरीज के इस महीने की शुरुआत में स्थगित होने के बाद इस श्रीलंका के साथ टी-20 सीरीज के कार्यक्रम का निर्धारित किया। भारत और श्रीलंका के बीच पांच टी-20 अगले साल इंग्लैंड में 12 जून से खेले जाने वाले टी-20 विश्व कप की तैयारी के तौर पर काम करेंगे।

### नीरज चोपड़ा ने कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी मिलने पर खुशी जताई

**नई दिल्ली, वार्ता।** ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने भी भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी मिलने पर खुशी ज़ाहिर की है। उन्होंने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा कि भारत को 2030 में शताब्दी राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी का सम्मान मिला है, जो एक सच्चे खेल राष्ट्र बनने की हमारी यात्रा में एक सशक्त कदम है। यह ऐतिहासिक क्षण प्रत्येक भारतीय खिलाड़ी, खेल प्रशंसक और नागरिक को अपार गर्व से भर देता है।

# श्रीलंका ने पाक को हराया

**● कामिल मिशारा ने 76 और कुसल ने 40 रनों की पारी खेली दुश्मांता ने चार विकेट लिए**

**रावलपिडी, वार्ता।** कामिल मिशारा (76) और कुसल मेंडिस (40) के बाद दुश्मांता चमीरा (चार विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर श्रीलंका ने त्रिकोणीय छठे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को छह रनों से हरा दिया।

185 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान के बल्लेबाजों को दुष्मंथा चमीरा के घातक गेंदबाजी के आक्रमण का सामना करना पड़ा और उसने 43 के स्कोर पर अपने चार विकेट गंवा दिए। साहिबजादा फरहान (नौ), बाबर आजम (शून्य), फखर जमान (एक) तथा सैम अयुब 27 रन बनाकर आउट हुए। ऐसे सकंट के समय कप्तान आगा सलमान ने उस्मान खान के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने पांचवें विकेट के लिए 56 रन जोड़े। 13वें ओवर में वानिदु हसरंगा ने उस्मान खान 23 गेंदों में 33 रन को आउटकर तोड़ा। मोहम्मद नवाज 16 गेंदों में 27 और फहीम अशरफ सात रन बनाकर आउट हुए। दुश्मांता चमीरा ने शुरुआती शानदार स्पेल के बाद आखिरी ओवर में हिम्मत बनाए रखी।

उन्होंने आखिरी ओवर में तीन रन दिए और पाकिस्तान को सात विकेट पर 178 के स्कोर पर रोक कर मुकाबला छह रनों से मुकाबला अपने नाम किया। कप्तान आगा सलमान ने 44 गेंदों में चार चौके और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 63 रनों की पारी खेली। श्रीलंका के लिए दुश्मांता चमीरा ने चार ओवर में 20 रन देकर चार विकेट झटके। इशान मलिगा को दो विकेट मिले। वानिदु हसरंगा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले पाकिस्तान ने गुरुवार रात खेले मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

# इंडियन विमेंस क्रिकेट टीम फॉर द ब्लाइंड की सदस्यों को 1-1 लाख रुपये की पुरस्कार राशि

**नई दिल्ली, वार्ता।** पहले टी 20 वर्ल्ड कप फॉर द ब्लाइंड में अपनी ऐतिहासिक जीत के बाद, इंडियन विमेंस क्रिकेट टीम फॉर द ब्लाइंड को आज चिटेल्स सीएसआर विग, नोरा सोलोमन फाउंडेशन ने गर्मजोशी से सम्मानित किया। अपराजित रहते हुए, इस इवेंट में टीम के शानदार धैर्य, टीमवर्क और लचीलेपन को दिखाया गया। स्पोर्ट्स के ज़रिए सबको साथ लेकर चलने के अपने कमिटमेंट को दोहराते हुए, चिटेल्स ग्रुप ने पूरे टूर्नामेंट में टीम इंडिया को अपना सपोर्ट दिया और इंडियन टीम के हर सदस्य को 1-00 लाख रुपये की प्राइज मनी दी। ग्रुप की सीएसआर विग, नोरा सोलोमन फाउंडेशन एजुकेशन, हेल्थकेयर और सोशल वेलफेयर में पहल करना जारी रखे हुए है। कैप्टन दीपिका टीसी की लीडरशिप में भारत की टीम ने नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया और यूनाइटेड स्टेट्स

**● भारत की टीम ने नेपाल पाकिस्तान, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया और यूएस वाले छह देशों के टूर्नामेंट में अपना दबदबा बनाया**

वाले छह देशों के टूर्नामेंट में अपना दबदबा बनाया, जिसका फाइनल 23 नवम्बर 2025 को कोलंबो में खेला गया। सेरेमनी में, चिटेल्स ग्रुप के डायरेक्टर और नोरा सोलोमन फाउंडेशन के ट्रस्टी, प्रशांत सोलोमन ने कहा: ष्टीम की जीत भारत के लिए गर्व का पल है। इन शानदार एथलीटों ने बेमिसाल जोश और पक्का इरादा दिखाया है, जिससे दिव्यांग लोगों को आगे बढ़ने और अपने सपने और उम्मीदें पूरी करने की हिम्मत मिली है। उनकी वर्ल्ड कप जीत न सिर्फ भारतीय ब्लाइंड क्रिकेट के लिए एक मील का पत्थर है, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का पल है। हमें इस कामयाबी का जश्न मनाने में उनके साथ खड़े होने का मौका मिला है। टीम के शानदार सफर के बारे में बताते हुए, कैप्टन दीपिका टीसी ने कहा कि इस जीत में हमारे सामने आए हर संघर्ष का वजन है( कम रिसोर्स, कड़ी ट्रेनिग की चुनौतियां, और ऐसे पल जब हालात नामुमकिन लग रहे थे। लेकिन हमने हार नहीं मानी। वर्ल्ड कप चैंपियन के तौर पर यहां खड़े होना इस बात का सबूत है कि पक्का इरादा सबसे मुश्किल सफर को भी यादगार जीत में बदल सकता है। हमें उम्मीद है कि हमारी जीत हम जैसे और भी कई लोगों को हिम्मत के साथ अपने सपनों का पीछा करने के लिए प्रेरित करेगी। चिटेल्स ग्रुप ने टूर्नामेंट को को-होस्ट करने के लिए भारत और श्रीलंका की सरकारों की दिल से तारीफ की और सपोर्टम ट्रस्ट फॉर द डिसेबल्ड के फाउंडर-मैनेजिग ट्रस्टी डा. महंतेश को बधाई दी, जिन्होंने टीम को उसकी इस शानदार सफलता को सराहा।

# हरियाणा एक गेंद में 4/0 से जीता

**कोलकाता, वार्ता।** कोलक. ाता में खेले गए हैदराबाद बनाम महाराष्ट्र के एक अन्य मुकाबले में अर्शिन कुलकर्णी के 54 बॉल में नाबाद 89 और पृथ्वी शॉ के 36 बॉल में 66 रन की जबरदस्त पारियों के दम पर महाराष्ट्र ने हैदराबाद को आठ गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में आठ विकेट पर 191 रनों का स्कोर खड़ा किया। जिसमें चामा मिलिद (नाबाद 35), तनय त्यागराजन (32), राहुल बुि( (31), प्रग्नय रेड्डी (26) और अरफाज अहमद ने (23) रनों का योगदान दिया। महाराष्ट्र के लिए जलज सक्सेना ने दो विकेट लिए। राजवर्धन हंगारगेकर, विक्की ओत्सवाल और रामकृष्ण घोष ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 192 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी महाराष्ट्र के लिए अर्शिन कुलकर्णी 54 गेंदों में 12 चौके और दो छक्के लगाते हुए नाबाद 89 रनों की पारी खेली। कप्तान पृथ्वी शॉ ने नौ चौके और तीन छक्कों की मदद से 66 रन बनाए। इसके बाद राहुल त्रिपाठी ने 11 गेंदों में 26 रन बनाकर महराष्ट्र को 18-4 ओव. रों में जीत दिला दी। कुलकर्णी और शॉ ने मात्र 12-1 ओवर में 117 रन की साझेदारी कर महाराष्ट्र को अच्छी शुरुआत दी।

संक्षिप्त स्कोर: हैदराबाद 20 ओवर में 191/8 (चामा मिलिद नाबाद 35, तनय त्यागराजन 32, जलज सक्सेना 2-25) महाराष्ट्र से 18-4 ओवर में 192/2 (अर्शिन कुलकर्णी नाबाद 89, पृथ्वी शॉ 66( अजय देव गौड़ 1-34)

# अंशुल ने हरियाणा जीत में अहम भूमिका निभाई



**हैदराबाद, वार्ता।** सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के एलीट ग्रुप सी में पंजाब बनाम हरियाणा के रोमांचक मुकाबले में शुक्रवार को हरियाणा ने सुपर ओवर में पंजाब को हरा दिया। निर्धारित ओवरों में दोनों टीमों का स्कोर बाद 207- 207 बराबर रहने के बाद हुए सुपर ओवर में अंशुल कंबोज ने अभिषेक शर्मा और सनवीर सिंह को पहली ही गेंद पर डक पर आउट कर दिया, इसके बाद हरियाणा को जीत के लिए केवल दो रन बनाने थे।

**● सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के एलिट ग्रुप सी में हरियाणा ने सुपर ओवर में पंजाब को हराया**

निशांत सिधु ने चौका मारकर हरियाणा को जीत दिला दी। इससे पहले, कप्तान अंकित कुमार (26 गेंदों पर 51) और निशांत सिधु (31 गेंदों पर 61) ने हरियाणा के लिए नौ विकेट पर 207 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया, सुमित कुमार ने 14 गेंदों में 28 रन का योगदान दिया। यशवर्धन दलाल (27) और सामंत जाखड़ 19 रन बनाकर आउट हुए। पंजाब के लिए अश्विनी कुमार ने चार ओवर में 31 रन देकर तीन विकेट लिए। अभिषेक शर्मा और रमनदीप सिंह, हरप्रीत बरार और मयंक मार्कंडेय ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। जवाब में पंजाब ने अभिषेक शर्मा को छह रन पर जल्दी खो दिया, जबकि प्रभसिमरन सिंह 20 रन पर आउट हो गए, दोनों को अंशुल कंबोज ने आउट किया। लेकिन, अनमोलप्रीत सिंह की 37 गेंदों पर 81 रन की तेज पारी ने पंजाब को फिर से लक्ष्य के पीछे जाने में मदद की, जबकि सनवीर सिंह की 16 गेंदों पर 30 रन की पारी ने सुनिश्चित किया कि पंजाब ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 207 रन बनाकर स्कोर बराबर कर दिया।

संक्षिप्त स्कोर: 20 ओवर में हरियाणा 207/9 (निशांत सिधु 61, अंकित कुमार 51, अश्विनी कुमार 3-31) और पंजाब 20 ओवर में 207/7 (अनमोलप्रीत सिंह 81, सनवीर सिंह नाबाद 30, अंशुल कंबोज 2-26) के साथ टाई रहा। सुपर ओवर: पंजाब तीन गेंद में 1/2 (रमनदीप सिंह नाबाद एक रन बनाया।

# भारत सऊदी अरब से पहला मैच हारा

**रियाद, वार्ता।** भारतीय बास्केटबॉल टीम गुरुवार को रियाद ग्रीन हॉल में फीबा वर्ल्ड कप 2027 क्वालिफायर के अपने पहले मैच में सऊदी अरब से 75-51 से हार गई।

सऊदी अरब के लिए मुहम्मद-अली अब्दुर-रहमान ने गेम में सबसे ज्यादा 23 पॉइंट्स बनाए, जबकि हर्ष डागर 10 पॉइंट्स के साथ भारत के टॉप-स्कोरर रहे। मेजबान सऊदी अरब ने मार्ज़ौक अलमुवालाद के टू-पॉइंटर से स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाया, इससे पहले अरविद मुथु कृष्णन ने थ्री-पॉइंटर से भारत को आगे बढ़ाया। इसके बाद अरविद मुथु कृष्णन ने टू-पॉइंटर से भारत को 5-4 की बढ़त दिलाई, लेकिन सऊदी अरब ने जल्द ही लगातार पॉइंट्स लेकर मैच पर कंट्रोल कर लिया और पहला क्वार्टर 28-16 की बढ़त के साथ खत्म किया। दूसरे क्वार्टर में सऊदी अरब ने अपनी बढ़त बनाए रखी, जिसमें मुहम्मद-अली अब्दुर-रहकमान ने गेम को भारतीय डिफेंस के पास ले जाकर अपनी मर्ज़ी से स्कोर किया, जिससे पीरियड के आखिर में उनकी टीम को 45-32 की बढ़त मिल गई। तीसरे क्वार्टर में भी मैच का यही पैटर्न रहा, क्योंकि भारत का डिफेंस सऊदी अरब को रोकने में नाकाम रहा। मर्जौक अलम. ुवालाद, मोहम्मद अलसुवा. इलम, खालिद एम अब्देल गबर, अली शुबैली और मुसाब तारिक एम कादी, सभी ने सऊदी अरब के लिए पॉइंट्स बनाए।

### यूनिसेफ गुडविल एम्बेसडर सर डेविड बेकहम भारत में बच्चों से मिले

**मुंबई, वार्ता।** यूनिसेफ गुडविल एम्बेसडर सर डेविड बेकहम इस सप्ताह भारत की यात्रा के दौरान बच्चों और युवाओं से मिले और हर बच्चे के लिए समान अवसर, समावेशन और सशक्तिकरण की अपील की। सर डेविड बेकहम ने कहा कि मैं आज मैं जिन बच्चों और युवाओं से मिला, उनके जोश, हिम्मत और जुनून को देखकर मैं बहुत खुश हूं। वे कम उम्र में ही बदलाव के लिए संघर्ष कर रहे हैं और अपने भविष्य पर अपनी बात रख रहे हैं। वे वास्तव में प्रेरणादायक हैं और कई चुनौतियों को पार कर यहां तक पहुंचे हैं। उनका सफर हमें यह याद दिलाता है कि हमें बच्चों और युवाओं में इन्वेस्ट करते रहना चाहिए।

# जापान में रिकॉर्ड प्रदर्शन करने वाले डेफ्रलंपिक्स निशानेबाजों की सराहना

**जयपुर, वार्ता।** पैरालंपियन अवनि लेखारा और ओलंपियन मनु भाकर ने हाल ही में जापान के टोक्यो में संपन्न 25वें ग्रीष्मकालीन डेफ्रलंपिक गेम्स में भारतीय दल के अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की सराहना की। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (जयपुर) में पदक समारोह में शामिल हुई अवनि ने कहा, ष्भारत का इतना शानदार प्रदर्शन देखना अद्भुत है। विशेषकर निशानेबाजी में लगातार पदक आते देख मैं बहुत खुश और गर्व महसूस करती हूं। मैं चाहती हूं कि खिलाड़ी ऐसे ही आगे बढ़ते रहें और हम दर्शक भी उनका समर्थन करते रहें ताकि आने वाले वर्षों में वे और भी बेहतर करें। कई भारतीय निशानेबाज़ों ने डेफ्रलंपिक्स में एक से अधिक पदक जीते। माहित संधू ने चार पदक जीतकर भारत के अभियान का नेतृत्व किया

**● माहित संधु ने चार पदक जीतकर भारत के अभियान का नेतृत्व किया जबकि प्रांजलि और अभिनव ने 3-3 पदक जीते**

जबकि प्रांजली और अभिनव देशवाल ने तीन-तीन पदक अपने नाम किए। इसी तरह धनुष श्रीकांत ने दो पदक जीते। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने कहा कि विशेष रूप से सक्षम खिलाड़ियों का संघर्ष उन्हें भी प्रेरित करता है। मनु ने कहा, ष्हम खुद प्रेरित होते हैं जब विशेष रूप से सक्षम खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इतना अच्छा प्रदर्शन करते हैं। उनका जुनून और जज्बा हम सबके लिए प्रेरणा है। मैं हर खिलाड़ी को बधाई देना चाहती हूं। हम सभी आपकी ओर देखते हैं और यदि हमें कभी आपकी मदद करने का मौका मिले तो हमें खुशी होगी। खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिग एसएच1 स्पर्धा में स्वर्ण जीत चुकी अवनि ने कहा कि भारत सरकार की पहल से जमीनी स्तर पर खेलों का इकोसिस्टम बेहद मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा, ष भारत सरकार और खासकर साई बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स जैसी प्रतियोगिताएं जमीनी स्तर के खिलाड़ियों को बड़ा मंच देती हैं और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में आगे बढ़ने के लिए लॉन्चिग पैड का काम करते हैं। अगर ऐसी प्रतियोगिताएं बढ़ती रहे, तो भारत से आने वाले वर्षों में और भी अधिक एलीट खिलाड़ी निकलेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को डेफ्रलंपिक में शामिल एथलीटों को बधाई देते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा थी

# अंडर-19 एशिया कप में भारत की अगुवाई करेंगे आयुष

**मुंबई, वार्ता।** के बल्लेबाज आयुष म्हात्रे को 12 दिसम्बर से दुबई में होने वाले एसीसी अंडर-19 एशिया कप के लिए भारत अंडर-19 टीम का कप्तान बनाया गया है। बीसीसीआई ने टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्ईय टीम की घोषणा की, जिसमें आक्रामक ओपनर वैभव सूर्यवंशी भी शामिल हैं। विहान मल्होत्रा को टीम का उपकप्तान बनाया गया है। म्हात्रे का हालिया फॉर्म कुछ खास नंहीं रहा है। उन्होंने आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए अच्छा प्रदर्शन कर प्रभावित किया था, जहां उन्हें चोटिल )तुराज गायकवाड़ की जगह टीम में शामिल किया गया था। उन्होंने सात मैचों में लगभग 189 की स्ट्राइक रेट से 240 रन बनाए। लेकिन उसके बाद से उनके प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रही। म्हात्रे ने इंग्लैंड दौरे पर चार एकदिवसीय मैचों में सिर्फ 27

**● बीसीसीआई ने टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की , जिसमें वैभव सूर्यवंशी भी शामिल है**

रन बनाए, लेकिन दो यूथ टेस्ट में 340 रन बनाकर टॉप-स्कोरर रहे। उसके बाद ऑस्ट्रेलिया में उन्होंने तीन एकदिवसीय मैचों में केवल 10 रन बनाए और ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खलिाफ यूथ टेस्ट में उनके नाम सिर्फ 38 रन रहे। भारत के घरेलू सीजन में खेले गए चार प्रथम श्रेणी मैचों में, जिसमें दक्षिण अफ्रीका ए के खलिाफ भारत ए का एक मैच शामिल था, म्हात्रे केवल 26 की औसत से सिर्फ 156 रन बना पाए। इसके बाद हुए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी मुकाबले में उन्होंने रेलवे के खलिाफ केवल 18 रन बनाए। अंडर-19 एशिया कप एकदिवसीय फॉर्मेट में खेला जाएगा, जिसमें भारत ग्रुप ए में




पाकिस्तान और दो अन्य क्वालिफाइंग टीमों के साथ है। वहीं बंगलादेश, श्रीलंका, अफग़ानिस्तान, एक अन्य क्वालिफायर के साथ ग्रुप बी में है। भारत अपना अभियान 12 दिसम्बर को किसी एक क्वालिफायर के खिलाफ शुरू करेगा।

पुरुषों के अंडर-19 एशिया कप के लिए भारत की टीम : आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा (उपकप्तान), वेदांत त्रिवेदी, अभिज्ञान कुंडू (विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), युवराज गोहिल, कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, नमन पुष्पक, डी-दीपेश, हेनील पटेल, किशन कुमार सिंह[, उ(व मोहन, ऐरन जॉर्ज। क्लीयरेंस पर निर्भर

स्टैंडबाय खिलाड़ी: राहुल कुमार, हेमचुदेशन जे, बी-के-किशोर, आदित्य रावत

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शनिवार, 29 नवम्बर 2025

# सांसों पर संकट

देश की राजधानी में सांसों पर संकट आ रहा है, लेकिन कोई देखने वाला नहीं है। बड़ी संख्या में लोग बीमार हो रहे हैं। वे डाक्टरों के पास जाकर अपनी गाढ़ी कमाई खर्च कर रहे हैं, जिससे उनके पास रोटी तक के पैसे नहीं बचे हैं। यहां यह उल्लेखनीय है कि संसद का शीतकालीन सत्र एक दिसंबर से शुरू होकर 20 दिसंबर तक चलेगा। इसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष के सभी नेता और सांसद भाग लेंगे। इससे पहले कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने देशभर में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर संसद में तुरंत और विस्तार से बहस कराने की मांग की है। उन्होंने लिखा कि बच्चे रोजाना जहरीली हवा में सांस ले रहे हैं, मोदी जी आप चुप कैसे रह सकते हैं। देश की हजारों माताएं अपने बच्चों की सेहत को लेकर डरी और परेशान हैं, क्योंकि बच्चे रोजाना जहरीली हवा में सांस ले रहे हैं। इस गंभीर समस्या पर न तो कोई जल्दी दिखाई जा रही है, न कोई ठोस प्लान और न ही जवाबदेही। दिल्ली-एनसीआर में सर्वे किए गए कुल लोगों में से 80 परसेंट से अधिक लोगों ने बताया कि उन्हें लगातार हेल्थ प्रॉब्लम हो रही हैं, जिसमें पुरानी खांसी, बहुत ज्यादा थकान और प्रदूषित हवा की वजह से सांस लेने में जलन शामिल है। सर्वे से पता चला है कि पिछले साल 68.3 परसेंट लोगों ने प्रदूषण से जुड़ी खास बीमारियों के लिए मेडिकल मदद ली थी। बता दें कि यह एक हेल्थकेयर संकट है जो बढ़ रहा है। इस समय दिल्ली की हवा सबसे ज्यादा प्रदूषित है, जिसे रोकने के लिए सरकार की ओर से कोई इंतजाम नहीं किए गए है। पिछले दिनों दिल्ली सरकार ने कृत्रिम वर्षा कराने का फैसला लिया था, जो पूरी तरह फेल हो गया। अब सर्दी के यौवन पर आते ही धुंध ने दिल्ली को चारों तरफ से घेर रखा है, जिसका असर सीधा फेफड़ों पर पड़ रहा है। इस बात को लेकर दो दिन पहले सुप्रीम कोर्ट ने भी आपत्ति जताई थी, फिर भी इसकी रोकथाम के लिए कोई उपाय नहीं किए गए हैं। वायु प्रदूषण से गंभीर बीमारियां हो जाती हैं, जिनमें फेफड़ों और हृदय संबंधी बीमारियां प्रमुख हैं, जैसे अस्थमा, सीओपीडी, फेफड़ों का कैंसर, दिल का दौरा, और स्ट्रोक। इसके अलावा, वायु प्रदूषण निचले श्वसन तंत्र के संक्रमण (जैसे निमोनिया), टाइप 2 मधुमेह, और गर्भावस्था से संबंधित जटिलताओं का भी जोखिम बढ़ाता है। इसलिए इस पर रोक लगाना सरकार की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए, क्योंकि यह समस्या आज की नहीं है, हर साल इसी समस्या से जूझना पड़ता है। सरकार को चाहिए कि वह इसके लिए सार्थक कदम उठाए, ताकि लोग साफ हवा में सांस लेकर गंभीर बीमा. रियों से बच सकें। भारत को हवा के प्रदूषण पर तुरंत, विस्तृत संसद बहस की जरूरत है और इस स्वास्थ्य आपातकाल से निपटने के लिए एक सख्त, लागू की जा सकने वाली कार्य योजना चाहिए। साफ हवा और साफ पानी हर नागरिक का बुनियादी अधिकार है। दिल्ली सहित उत्तर भारत में हवा जानलेवा हो चुकी है और समाधान देने की बजाय सरकार जनता से टैक्स वसूल रही है। लोग अपने परिवार को प्रदूषण से बचाने के लिए एयर प्यूरीफायर लेने जाते हैं, और वहां पता चलता है कि सरकार उस पर 18 प्रतिशत जीएसटी वसूल रही है। ये सरासर अन्याय है।

## व्यापार का हथियार की तरह इस्तेमाल



व्यापार का हथियार की तरह इस्तेमाल किया गया है, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में विश्वसनीय साझेदारों का होना जरूरी है, पिछले कुछ समय से हमने व्यापार का हथियार की तरह इस्तेमाल होते देखा है, हमने अनुभव किया है कि दुनिया में विश्वसनीय साझेदारों का होना कितना जरूरी है, उन देशों के साथ काम करना कितना जरूरी है जो निष्पक्ष व्यापार और परस्पर समान अवसर में विश्वास करते हैं, भारत अब विकसित देशों के साथ मुक्त व्यापार संधि (एफटीए) पर काम कर रहा है, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ब्रिटेन , चार विकसित यूरोपीय देशों से यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के साथ एफटीए पहले ही किया जा चुके हैं।

**-पीयूष गोयल, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री**

# भयावह होता जा रहा है दिल्ली का प्रदूषण



दिल्ली का वायु प्रदूषण आज केवल एक पर्यावरणीय समस्या नहीं, बल्कि एक गंभीर मानवीय संकट बन चुका है। राजधानी की हवा में घुला जहर हर सांस में महसूस किया जा सकता है। नवंबर और दिसंबर के महीनों में स्थिति इतनी भयावह हो जाती है कि दिल्ली का आसमान धुंध से ढका रहता है और सूरज की रोशनी तक पूरी तरह से धरती पर नहीं पहुंच पाती। बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं और अस्थमा व हृदय रोग से पीड़ित लोग सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। हवा में प्रदूषण का स्तर इतना बढ़ जाता है कि एयर क्वालिटी इंडेक्स 450 से भी ऊपर पहुंच जाता है, जो कि गंभीर स्तर से भी आगे की स्थिति है। इस जहरीली हवा का असर आंखों में जलन, गले में खराश, सांस लेने में कठिनाई, सीने में दर्द और थकान जैसे लक्षणों के रूप में दिखाई देता है। दिल्ली के अस्पतालों में ऐसे मरीजों की संख्या हर साल सर्दियों में कई गुना बढ़ जाती है। दिल्ली में प्रदूषण के मुख्य कारणों की बात की जाए तो अनेक कारक इसके लिए जिम्मेदार हैं। पूरे वर्ष प्रदूषण बना रहता है, लेकिन सर्दियों में यह खतरनाक स्तर पर पहुंच जाता है। दिल्ली के आसपास के राज्यों पंजाब और हरियाणा में पराली जलाना प्रदूषण का एक बड़ा कारण बनता है। किसान धान की फसल कटने के बाद उसके अवशेषों को खेतों में ही आग लगा कर खत्म करते हैं। इससे निकलने वाला धुआं हवा के साथ दिल्ली पहुंचता है और शहर को एक बड़े गैस चौंबर में बदल देता है। दूसरी तरफ दिल्ली में वाहनों की संख्या करोड़ों में पहुंच चुकी है और निजी वाहनों के बढ़ते उपयोग से निकलने वाली गैसें प्रदूषण को और खतरनाक बनाती हैं। डीजल और पेट्रोल से चलने वाली गाड़ियों से निकलने वाली कार्बन मोनोऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड और अन्य विषैले कण फेफड़ों को बुरी तरह नुकसान पहुंचाते हैं।

दिल्ली में औद्योगिक गतिविधियां भी प्रदूषण बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कई औद्योगिक क्षेत्र ऐसे हैं जहां धुआं उत्सर्जन मानकों का पालन नहीं किया जाता। फैक्ट्रियों से निकलने वाला धुआं हवा को जहरीला बना देता है और आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को गंभीर स्वास्थ्य खतरा पैदा करता है। निर्माण स्थलों पर चलने वाली गतिविधियां भी धूल के बड़े स्रोत हैं। बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन के दौरान उड़ने वाली धूल महीन कणों के रूप में हवा में फैल जाती है, जो शरीर में प्रवेश कर कई बीमारियों को जन्म देती है। कूड़ा-कचरा जलाना, सड़क की धूल, थर्मल पावर प्लांट्स से निकलने वाला धुआं, और मौसम संबंधी स्थितियां यह सभी प्रदूषण को बढ़ाने में योगदान देते हैं। सर्दियों में तापमान गिरने के कारण हवा का दबाव बदल जाता है और प्रदूषक तत्व हवा में ऊपर नहीं उठते, बल्कि जमीन के करीब ही फंसे रहते हैं। हवा की गति कम हो जाने पर यह जहरीली परत दिल्ली की हवा को और ज्यादा दमघोंटू बना देती है। वैज्ञानिक इसे इन्वर्शन स्थिति कहते हैं जिसमें प्रदूषण इतना अधिक बढ़ जाता है कि स्वस्थ व्यक्ति भी बीमार हो सकता है। इस मौसम में घरों के अंदर मौजूद लोग भी प्रदूषण से पूरी तरह सुरक्षित नहीं होते। छोटे बच्चों के फेफड़े अभी विकसित हो रहे होते हैं और इस जहरीली हवा के कारण उनमें आजीवन स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। दिल्ली के स्कूलों में प्रदूषण बढ़ने पर छुट्टियां घोषित की जाती हैं, लेकिन यह समाधान नहीं है, बल्कि एक मजबूरी है। बच्चों को बाहर खेलने की अनुमति नहीं मिलती, खेल मैदान खाली दिखाई देते हैं। कुछ स्कूल एयर प्यूरीफायर का उपयोग करते हैं, लेकिन यह समाधान केवल कुछ ही लोगों तक सीमित है। सार्वजनिक स्थलों पर मास्क पहनना अनिवार्य जैसा हो जाता है। प्रदूषण का असर मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। लगातार तनाव, चिंता और कमजोरी लोगों के सामान्य जीवन को प्रभावित करती है।

जिन लोगों की रोजी-रोटी सड़क पर चलने या मेहनत के कामों पर निर्भर है, जैसे रिक्शा चालक, मजदूर, डिलीवरी कर्मचारी और सफाई कर्मी, उन्हें सबसे ज्यादा परेशानी होती है क्योंकि वे पूरे दिन खुले वातावरण में रहते हैं। दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार द्वारा प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए कई कदम उठाए जाते हैं। निर्माण गति. विधियों पर रोक, डीजल जेनरेटर पर प्रतिबंध, पानी का छिड़काव, स्मॉग टावर, ग्रैप (ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान), औद्योगिक क्षेत्रों की निगरानी और सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने जैसे उपाय किए जाते हैं। ऑड-ईवन योजना भी कुछ समय के लिए लागू की गई थी जिससे सड़कों पर वाहनों की संख्या कम हुई। इसके बावजूद स्थाई समाधान अब तक नहीं मिल पाया है। मुख्य चुनौती यह है कि प्रदूषण अनेक स्रोतों से पैदा होता है और प्रत्एक क्षेत्र में समान रूप से नियंत्रण लागू नहीं हो पाता। भारत में प्रदूषण का संकट केवल तकनीकी नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक भी है। किसानों के सामने पराली जलाने के विकल्प मौजूद हैं, लेकिन मशीनों की कीमत और अतिरिक्त खर्च के कारण वे अपने खेतों में आग लगाना ही आसान समझते हैं। सरकार मशीनें सब्सिडी पर उपलब्ध कराती है, लेकिन उन्हें पर्याप्त रूप से फैलाने और उपयोग को सुगम बनाने की आवश्यकता है। इसी प्रकार दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन के विस्तार की आवश्यकता है ताकि लोग निजी वाहनों पर निर्भर न रहें। मेट्रो ने बड़ी भूमिका निभाई है, लेकिन यह अभी भी अधिक भीड़ और सीमित पहुंच के कारण पूरी तरह पर्याप्त नहीं है। प्रदूषण का स्वास्थ्य पर प्रभाव गहरा और दीर्घकालिक होता है। लगातार प्रदूषित हवा में सांस लेने से अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, फेफड़ों में संक्रमण, निमोनिया, हृदय रोग और यहां तक कि कैंसर जैसी बीमारियां हो सकती हैं। कई अध्ययन बताते हैं कि दिल्ली में रहने वाले लोगों की उम्र अन्य क्षेत्रों की तुलना में कम हो सकती है क्योंकि प्रदूषण शरीर के हर अंग को प्रभावित करता है। गर्भवती महिलाओं और अजन्मे शिशुओं पर इसका असर अधिक गंभीर हो सकता है। दिल्ली का वायु प्रदूषण केवल सरकारी या औद्योगिक स्तर का मुद्दा नहीं, बल्कि हर नागरिक से जुड़ा हुआ है। समाज के सभी हिस्सों को मिलकर काम करना होगा। व्यक्तिगत स्तर पर भी कुछ सावधानियां अपनाना जरूरी है जैसे मास्क पहनना, घर में पौधे लगाना, गाड़ियों का कम उपयोग करना, बाइक या कार शेयरिंग करना, बिजली की बचत करना और कूड़ा जलाने जैसी गतिविधियों से बचना। लोग यह मानकर चलते हैं कि अकेले व्यक्ति के बदलाव से कुछ नहीं होगा, लेकिन यही सोच समस्या को बढ़ाती है। यदि हर नागरिक अपने स्तर पर जागरूक हो जाए तो प्रदूषण को काफी हद तक कम किया जा सकता है। भविष्य के लिए सबसे महत्वपूर्ण कदम यह होगा कि प्रदूषण नियंत्रण पर केवल मौसमी कदम न उठाए जाएं बल्कि पूरे साल दीर्घकालिक योजनाएं लागू की जाएं। स्कूलों में पर्यावरण शिक्षा को और अधिक प्रभावी बनाया जाना चाहिए। नई तकनीक को उद्योगों और कृषि क्षेत्रों में अनिवार्य किया जाना चाहिए। सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन को पारदर्शी एवं कठोर बनाना आवश्यक है।

साथ ही हवा को स्वच्छ करने के लिए अधिक से अधिक पौधे और वृक्ष लगाने होंगे क्योंकि हरित क्षेत्र प्रदूषण कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हवा मनुष्य का पहला अधिकार है। जिस शहर की हवा ही सांस लेने योग्य न हो, वह शहर कितना भी विकसित क्यों न दिखाई दे, जीवन के मूल आधार पर असफल माना जाएगा। दिल्ली भारत की राजधानी है और देश की पहचान। यहां स्वच्छ हवा सुनिश्चित करना केवल पर्यावरणीय लक्ष्य नहीं, बल्कि लोगों के स्वस्थ और सुरक्षित जीवन का आधार है। इसका समाधान कठिन जरूर है, लेकिन असंभव नहीं। सरकार, समाज और नागरिक मिलकर यदि ईमानदारी से प्रयास करें तो एक ऐसा दिन जरूर आएगा जब दिल्ली फिर से नीला आसमान देखेगी और बच्चे बाहर खेलते हुए बिना मास्क के सांस ले सकेंगे। जब लोग सुबह की ठंडी हवा को महसूस कर सकेंगे और प्रदूषण का डर केवल इतिहास की बात बनकर रह जाएगा।

# संग्रहण भी करते थे प्राचीन शिकारी

**मिट्टी के बर्तनों का फैलाव देखने के लिए नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ ऑयरलैंड के पुरातत्वविद रोवन मैकलॉफ्लिन और उनके साथियों ने बाल्टिक सागर और भूतपूर्व सोवियत संघ के यूरोपीय हिस्से के 156 पुरातात्विक स्थलों से इकट्ठा किए गए मिट्टी के बर्तनों के अवशेषों का विश्लेषण किया। इनमें से कई अवशेष वर्तमान रूस और यूक्रेन के संग्रहालयों में संग्रहित थे। बर्तनों में चिपके रह गए जले हुए भोजन का रेडियोकार्बन काल निर्धारण करके शोधकर्ता इनकी समयरेखा पता कर पाए। चिपके हुए वसा अवशेषों से पता चला कि वे या तो जुगाली करने वाले जानव. रों ( जैसे हिरण या मवेशियों ) का मांस पकाते थे या मछली, सूअर या सब्जी-भाजी उबालते थे।**

उत्तरी यूरेशिया में मिले लगभग 8000 साल पुराने टूटे और जले हुए भोजन अवशेष लगे मिट्टी के बर्तन चीनी मिट्टी के बर्तनों जैसे तो नहीं लगते लेकिन मांस और तरकारी रखने और पकाने की यह टिकाऊ तकनीक इस क्षेत्र में शिकारी-संग्रहकर्ताओं के लिए एक बड़ा कदम था और हालिया शोध बताता है कि यह तकनीक उन्होंने खुद विकसित की थी।

दरअसल वैज्ञानिक मानते आए थे कि यूरोप में मिट्टी के बर्तनों का आगमन लगभग 9000 साल पहले कृषि और जानव. रों के पालतूकरण के प्रसार के साथ हुआ था। उत्तरी युरोप में मिले लगभग इसी काल के बर्तनों के आधार पर माना जाता था कि यह तकनीक शिकारी-संग्रहकर्ताओं ने अपने अधिाक प्रगतिशील किसान पड़ोसियों से सीखी था, लेकिन नेचर ह्यूमन बिहेवियर में प्रकाशित एक अध्ययन बिल्कुल अलग कहानी कहता है। लगभग 20,000 साल पहले, सुदूर पूर्वी इलाकों में शिकारी-संग्रहकर्ताओं के समूहों के बीच मिट्टी के बर्तन बनाने और उपयोग करने के ज्ञान का प्रसार हो चुका था। ये बर्तन तब उनके द्वारा उपयोग किए जाने वाले चमड़े के बर्तनों से अधिक टिकाऊ थे और पकाने में उपयोग किए जाने वाले लकड़ी के बर्तनों की तरह आग में जलते नहीं थे। लगभग 7900 साल पहले तक यूराल पर्वत से लेकर दक्षिणी स्कैंडिनेविया तक मिट्टी के बर्तनों का उपयोग आम हो चुका था। मिट्टी के बर्तनों का फैलाव देखने के लिए नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ ऑयरलैंड के पुरातत्वविद रोवन मैकलॉफ्लिन और उनके साथियों ने बाल्टिक सागर और भूतपूर्व सोवियत संघ के यूरोपीय हिस्से के 156 पुरातात्विक स्थलों से इकट्ठा किए गए मिट्टी के बर्तनों के अवशेषों का विश्लेषण किया। इनमें से कई अवशेष वर्तमान रूस और यूक्रेन के संग्रहालयों में संग्रहित थे। बर्तनों में चिपके रह गए जले हुए भोजन का रेडियोकार्बन काल-निर्धारण करके शोधकर्ता इनकी समयरेखा पता कर पाए। चिपके हुए वसा अवशेषों से पता चला कि वे या तो जुगाली करने वाले जानवरों (जैसे हिरण या मवेशियों) का मांस पकाते थे या मछली, सूअर या सब्जी-भाजी उबालते थे।

इसके अलावा, बर्तनों पर की गई कलाकारी और बर्तनों के आकार की तुलना करके शोधकर्ता पता लगा सके कि मिट्टी के बर्तनों का प्रसार एक से दूसरे समुदाय में कैसे हुआ। वैसे तो मिट्टी के बर्तन बनाने के लिए कच्चा माल हर जगह उपलब्ध था, लेकिन उन्हें आकार देने और पकाने जैसा तकनीकी ज्ञान एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को हस्तांतरित हुआ होगा और साथ ही खाना पकाने की नई तकनीक भी सीखी गई होगी। सारे डैटा को एक साथ रखने पर टीम ने पाया कि उत्तरी यूरेशिया के कुछ हिस्सों में मिट्टी के बर्तन तेजी से फैले थे। कुछ ही शताब्दियों में यह तकनीक कैस्पियन सागर से उत्तरी और पश्चिमी हिस्से में फैल गई थी। जिस तेजी से इस क्षेत्र में मिट्टी के बर्तन बनाने का ज्ञान फैला, उससे लगता है कि यह ज्ञान लोगों के प्रवास के साथ आगे नहीं बढ़ा बल्कि एक समूह से दूसरे समूह में हस्तांतरित हुआ। ऐसा लगता है एक जगह से दूसरी जगह तक सफर ज्ञान ने किया, लोगों ने नहीं। यदि ऐसा है, तो ये नतीजे हाल ही में प्रकाशित एक अन्य अध्ययन से विपरीत हैं जो बताता है कि एनातोलिया में यह तकनीक किस तरह से फैली। हालिया जेनेटिक साक्ष्य बताते हैं कि लगभग इसी समय एनातो. लिया से दक्षिणी यूरोप आए किसान अपने साथ मिट्टी के बर्तन बनाने के तरीके और परंपराएं लाए थे। शोधकर्ताओं का कहना है कि इस पर अधिक शोध यह जानने में मदद कर सकता है कि वास्तव में यह ज्ञान कैसे फैला। जैसे यदि शिकारी-संग्रहकर्ता समाज पितृस्थानिक थे (जहां महिलाएं शादी के बाद ससुराल चली जाती हैं) तो मिट्टी के बर्तन बनाना महिलाओं द्वारा किया जाने वाला कार्य हो सकता है जो विवाह सम्बंधों के माध्यम से एक गांव से दूसरे गांव तक फैला होगा। बहरहाल, अध्ययन के नतीजे बताते हैं कि हम जितना समझते थे शिकारी-संग्रहकर्ता उससे कहीं अधिक नवाचारी थे। प्रागैतिहासिक जापान से बाल्टिक सागर के किनारों तक घूमने वाले शिकारी-संग्रहकर्ता लोगों ने अपनी घुमंतु जीवन शैली को छोड़े बिना नई तकनीकों को गढ़ा और अपनाया था वे किसानों का अनुसरण नहीं कर रहे थे बल्कि सर्वथा अलग रास्ते पर आगे बढ़ रहे थे। इस मायने में देखा जाए तो शिकारी-संग्रहकर्ता समाज आविष्कारी समाज था। हालांकि रूस के वैज्ञानिक इस बारे में पहले से जानते थे और इसके अधिकतर साक्ष्य रूसी भाषा में प्रकाशित हुए थे, लेकिन द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद यूरोप में खिंच गई अदृश्य दीवार के चलते इस जानकारी से बाकी लोग अनभिज्ञ रहे और बर्तनों का उपयोग किसानों और पशुपालकों की तकनीक माना जाता रहा। 1990 से यह अदृश्य दीवार ढहने लगी थी, पश्चिमी यूरोप और रूस, यूक्रेन व बाल्टिक क्षेत्र के शोधकर्ता संयुक्त अध्ययनों में शामिल होने लगे थे। हालिया अध्ययन भी इसी सहयोग की मिसाल है। यूक्रेन-रूस युद्ध ने इस दीवार को फिर ऊंचा कर दिया है।

**(स्रोत फीचर्स)**

# जेन गुडॉल ने दिए वन्यजीव अध्ययन को नए आयाम

कुछ दशकों पहले तक वन्यजीवों पर किया जाने वाला अधिकांश वैज्ञानिक अध्ययन प्राणी संग्रहालयों के कृत्रिम वातावरण में होता था। शोधकर्ता पिंजरों के भीतर पले-बढ़े जानवरो को देखकर जंगली जानवरों के व्यवहार पर निष्कर्ष निकालते। ऐसे समय में, 1960 में मात्र 26 वर्ष की एक युवा महिला अपने घर से हजारों किलोमीटर दूर तंजानिया के गॉम्बे स्ट्रीम गेम रिजर्व पहुंची। उन्होंने वहां रहकर कठिन परिस्थितियों में जंगल में पले-बढ़े चिम्पैंजियों का प्रत्यक्ष निरीक्षण शुरू किया। किसी औपचारिक वैज्ञानिक प्रशिक्षण के बिना, वे एक ऐसे नए अध्याय की शुरुआत कर रही थीं जिसने आगे चलकर पूरी दुनिया को प्रेरित किया। वह युवती थी जेन गुडॉल, जिनका इस साल दुखद निधन हो गया।

बचपन से ही टारजन और डॉक्टर डूलिटल जैसी किताबें पढ़ने वाली जेन का सपना था अफ्रीका जाना और किताबों के जरिए परिचित हुए अपने पसंदीदा जानवरों के साथ काम करना। उन्हें जानवरों के जीवन को गहराई से समझने और उनके बारे में लिखने की तीव्र इच्छा थी। इस सपने को पूरा करने के लिए उन्होंने कई छोटे-मोटे काम किए, पैसे बचाए और अथक मेहनत की जो उनके दृढ़ निश्चई होने का प्रमाण है।

**शोध और अध्ययन**

जेन के दीर्घकालीन निरीक्षणों से चिम्पैंजियों के जीवन, सामाजिक संरचना और व्यवहार के बारे में नई जानक. ारी मिली। गुडॉल ने यह सिद्ध किया कि चिम्पैंजियों में भावनाएं होती हैं, वे संवेदनशील होते हैं, जीवनभर टिकने वाले रिश्ते बनाते हैं, समूह में योजनाएं बनाते हैं और जो कुछ सीखते हैं, उसे अगली पीढ़ी को सिखाते हैं। उन्होंने देखा कि चिम्पैंजी केवल शाकाहारी नहीं हैं वे कभी-कभी छोटे बंदरों का शिकार कर मांस भी खाते हैं। उन्होंने यह भी देखा कि चिम्पैंजी औजार बनाकर उनका उपयोग करते हैं। यह मानव विकास को समझने में क्रांतिकारी खोज थी। उनके शोध से यह सिद्ध हुआ कि चिम्पैंजियों के भी मनुष्य की तरह व्यक्तित्व होते हैं। इससे यह धारणा गलत साबित हुई कि जानवर केवल आदत के अनुसार व्यवहार करते हैं। उस समय कई वैज्ञानिक उनके निष्कर्षों से असहमत थे, क्योंकि तब यह विश्वास दृढ़ था कि मनुष्य अन्य प्रजातियों से बिल्कुल अलग है। जेन ने जिन चिम्पैंजियों का अध्ययन किया, उन्हें पहचान के लिए संख्या नहीं बल्कि नाम दिए। उस समय यह अवैज्ञानिक माना जाता था, लेकिन शायद इससे उनके निरीक्षण में भावनात्मक गहराई आई। उनमें से एक चिम्पैंजी, डेविड ग्रेबियर्ड, ने सबसे पहले जेन पर भरोसा किया और पास आने दिया। वह अपने समूह का प्रमुख था, जिससे अन्य चिम्पैंजियों ने भी जेन को स्वीकार किया। उसी डेविड ग्रेबियर्ड को जेन ने घास की डंडी की मदद से दीमक निकालते हुए देखा पहली बार यह साबित हुआ कि मनुष्य के अलावा अन्य प्रजातियां भी औजार का उपयोग करती हैं। इस खोज ने मनुष्य और जानवरों के बीच की सीमा रेखा धुंधली कर दी। नेशनल जियॉग्राफिक में प्रकाशित इस खोज ने उन्हें अंतर्राष्ट्रीय प्रसिद्धि दिलाई। जेन के अध्ययन ने चिकित्सा क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। गॉम्बे के कुछ चिम्पैंजियों में एक खास वायरस



पाया गया, जो मनुष्यों में एड्स उत्पन्न करने वाले वायरस HIV-1 का निकट सम्बंधी है। अध्ययनों में यह भी पाया गया कि SIVcpz से संक्रमित चिम्पैंजियों में CD4+ टी कोशिकाओं की संख्या घटती है, एड्स जैसे लक्षण दिखाई देते हैं और मृत्यु का खतरा 10 से 16 गुना बढ़ जाता है। इस खोज से यह स्पष्ट हुआ कि एड्स का उद्भव संभवत: चिम्पैंजी या गोरिल्ला जैसे ऐप में होकर मानव में हस्तातंरण हुआ संभवत: शिकार या मांस काटने के दौरान। इन खोजों की वजह से जेन को आगे के अध्ययन के लिए आर्थिक सहायता मिली, जिससे उनका प्रारंभिक पांच महीने का प्रोजेक्ट आगे बढ़कर दुनिया का सबसे लंबा वन्यजीव अध्ययन बन गया जो आज भी 60 वर्षों से अधिक समय से चल रहा है। चिम्पैंजियों के दीर्घ जीवनकाल को देखते हुए, उनका दीर्घकालीन अध्ययन आवश्यक भी था। अब तक इस पर लगभग 300 से अधिक शोधपत्र प्रकाशित हो चुके हैं। जेन की यात्रा में डॉ. लुईस लीकी का मार्गदर्शन अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। उन्होंने जेन की जिज्ञासा और प्रकृति-प्रेम को पहचाना और उन्हें तंजानिया में शोध का अवसर दिया। आगे चलकर, उन्होंने ही जेन को कैंब्रिज विश्वविद्यालय से पीएचडी करने का अवसर दिलाया, भले ही उनके पास स्नातक की डिग्री नहीं थी। 1966 में जेन ने गॉम्बे नदी के किनारे संरक्षित क्षेत्र में मुक्त रूप से रहने वाले चिम्पैंजियों के व्यवहार विषय पर पीएचडी पूरी की। उनकी शोध पद्धति, नैतिकता और अनुशासन आज भी आदर्श माने जाते हैं।

पीएचडी के बाद भी जेन का कार्य रुका नहीं। वे गॉम्बे वापस आ गई लेकिन अब उद्देश्य वन्यजीव संरक्षण था। दुनिया भर में वनों की कटाई और वन्यजीवों के आवासों का विनाश तेजी से बढ़ रहा था। गॉम्बे नेशनल पार्क भी इन चुनौतियों से अछूता नहीं था। मानव हस्तक्षेप और चराई के कारण जानवरों में रोगों का संक्रमण बढ़ रहा था। विशेष रूप से चिम्पैंजियों में, जो अलग-थलग समूहों में रहते हैं और समूह के बाहर जाकर बिरले ही प्रजनन करते हैं। ऐसी स्थिति में जेन के संरक्षण कार्यों का महत्व और बढ़ गया। जेन के इस कार्य व प्रयासों के चलते 1968 में गॉम्बे स्ट्रीम गेम रिजर्व को राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया। 1977 में उन्होंने जेन गुडॉल इंस्टिट्यूट की स्थापना की। प्रारंभ में इसका उद्देश्य गॉम्बे प्रोजेक्ट को सहायता देना था, लेकिन आगे चलकर यह संस्था वन्यजीव संरक्षण हेतु 25 देशों में सक्रिय हो गई।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इमरान जिंदा हैं या नहीं, बेटे ने सबूत मांगा

## पाकिस्तान में चार दिन से प्रदर्शन, पुलिस ने खैबर सीएम को पीटा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के बेटे कासिम खान ने गुरुवार को जेल में बंद अपने पिता के जिंदा होने का सबूत मांगा है। उन्होंने कहा कि किसी को भी नहीं पता है कि इमरान जिंदा हैं या नहीं। कासिम ने एक्स पर लिखा कि उनके पिता को 845 दिन पहले गिरफ्तार किया गया था। पिछले 6 हफ्तों से उन्हें अकेले एक 'डेथ सेल' में रखा गया है।

न तो किसी को उनसे मिलने दिया गया है, न ही कोई फोन काल या मैसेज दिया गया। कासिम ने कहा कि उनकी बुआओं को भी अपने भाई से मिलने नहीं दिया जा रहा है। यह सब किसी सुरक्षा नियम की वजह से नहीं, बल्कि जानबूझकर की जा रही कार्रवाई है। सरकार उनके पिता की असली हालत छिपा रही है। वहीं, इमरान खान का समर्थन करने रावलपिंडी की अडियाला जेल पहुंचे खैबर-पख्तूनख्वा (केपी) राज्य के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी को पुलिस ने गुरुवार को सड़क पर गिराकर पीटा। कासिम ने अपने पिता की रिहाई को लेकर यह पोस्टर गुरुवार को एक्स पर शेयर किया, जिसमें कहा गया है कि इमरान खान को 845 दिन से अवैध हिरासत में रखा गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सीएम सोहेल अफरीदी पर हमले की कार्रवाई सेना के आदेश पर की गई। अफरीदी गुरुवार को जिस समय जेल पहुंचे थे वहां भारी सुरक्षा तैनात थी और पीटीआई समर्थकों की भीड़ लगातार बढ़ रही थी। उनके पहुंचने से हालात और बिगड़ गए। पुलिस ने उन्हें और उनके साथ आए नेताओं को आगे बढ़ने से रोक दिया। धक्का-मुक्की के दौरान पुलिसकर्मियों ने सीएम को लात-घूंसे भी मारे और जमीन पर गिरा दिया। पीटीआई ने इस घटना को लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला बताया है। सुहैल अफरीदी का कहना है कि सरकार को इमरान खान की सेहत और सुरक्षा को लेकर उठे सभी सवालों के सही जवाब देने होंगे। अगर ऐसा नहीं किया गया तो वे जनता के साथ सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर हो जाएंगे। अफरीदी ने आरोप लगाया कि सरकार इमरान खान की हालत की सही जानकारी नहीं दे रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर इमरान खान को कुछ हुआ तो इसके नतीजे की जिम्मेदारी पूरी तरह मौजूदा सरकार पर होगी। उन्होंने पाकिस्तान सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर पर तंज कसते हुए कहा कि देश के बिगड़ते हालात के लिए वही जिम्मेदार हैं।



■ दावा: सेना के आदेश पर किया गया हमला

### इमरान की बहन ने किया अदालत का रुख

**लाहौर।** इमरान खान की बहन अलीमा खान ने शुक्रवार को इस्लामाबाद हाई कोर्ट (आईएचसी) में अडियाला जेल सुपरिटेंडेंट और अन्य के खिलाफ कोर्ट की अवमानना की याचिका दायर की है। अलीमा का कहना है कि उन्हें जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से मिलने की इजाजत नहीं दी गई। अलीमा खान ने खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के दूसरे नेताओं की मौजूदगी में याचिका दायर की। याचिका में इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के 24 मार्च के आदेश का जिक्र किया गया है, जिसमें कोर्ट ने 73 साल के अलीमा को हफ्ते में दो बार जेल में बंद इमरान खान से मिलने का शेड्यूल शुरू किया था। याचिका में अलीमा ने कोर्ट की अवमानना की कार्रवाई शुरू करने की मांग की है।



नई दिल्ली। महिलाओं से बातचीत के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

### अमेरिका के शांति प्रयासों को लेकर आशावान हूं: पॉल कागामे

**किगाली।** रवांडा के राष्ट्रपति पॉल कागामे ने गुरुवार को कहा कि वह अफ्रीकी महाद्वीप के मध्य स्थित कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में संघर्ष को समाप्त करने के उद्देश्य से अमेरिका की ओर से कराए जा रहे शांति समझौते पर हस्ताक्षर को लेकर आशान्वित हैं। डीआरसी के राष्ट्रपति कार्यालय के सूत्रों का हवाला देते हुए मीडिया रिपोर्टों में संकेत दिया गया है कि कागामे और उनके कांगो के समकक्ष फेलिक्स त्सेसीकेदी के बीच यह शांति समझौता दिसम्बर की शुरुआत में वाशिंगटन में हस्ताक्षरित हो सकता है। कागामे ने रवांडा की राजधानी किगाली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि समझौते में देरी के लिए रवांडा ज़िम्मेदार नहीं है। उन्होंने कहा कि हम तो यहां इंतज़ार कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत ने श्रीलंका के लिए मदद की पहली खेप भेजी

**नई दिल्ली।** भारत ने चक्रवाती तूफान दितवा से प्रभावित श्रीलंका में जान-माल के नुकसान की भरपाई के लिए ऑपरेशन 'सागर बन्धु शुरू' कर तत्काल राहत सामग्री की पहली खेप भेजी है। विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने शुक्रवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत ने चक्रवाती तूफान दितवा से प्रभावित श्रीलंका को मदद की पहली खेप भेजी है। डॉ. जयशंकर ने श्रीलंका को राहत सामग्री सौंपे जाने की तस्वीरें साझा करते हुए कहा है कि ऑपरेशन सागर बन्धु शुरू। आईएनएस विक्रांत और आईएनएस उदयगिरि ने कोलंबो में राहत सामग्री सौंपी।

### बेड़ा निरीक्षण में विक्रांत कर रहा भारत का प्रतिनिधित्व

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना का स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत देश में ही निर्मित फ्रिगेट आईएनएस उदयगिरि के साथ अपनी पहली विदेश यात्रा पर श्रीलंका नौसेना द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय बेड़ा निरीक्षण में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहा है। श्रीलंका नौसेना ने अपनी 75 वीं वर्षगांठ पर 27 से 29 नवम्बर तक इस समुद्री समारोह का आयोजन किया है। इसमें कई देशों के नौसैनिक पोत, प्रतिनिधिमंडल और पर्यवेक्षक भाग ले रहे हैं।

### रूस-वेनेज़ुएला ने 19 समझौतों पर किए हस्ताक्षर

**मॉस्को।** रूस और वेनेजुएला के प्रतिनिधिमंडलों ने शिक्षा, अनुसंधान, युवा नीति, तेल उत्पादन, शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा और अन्य क्षेत्रों को कवर करने वाले तीन समझौतों सहित कुल 19 समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। समाचार एजेंसी स्पुतनिक की एक खबर के अनुसार, दोनों देशों ने उच्च स्तरीय अंतर-सरकारी रूसी-वेनेजुएला आयोग की बैठक के अंतिम अधिनियम पर हस्ताक्षर किए हैं।

# अमेरिका में अब इंडियन शब्द इस्तेमाल पर रोक!

## राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दिया फिर विवादित बयान, नेटिव अमेरिकन समूहों ने जताया कड़ा विरोध

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर ऐसा बयान दे दिया है जिसने नेटिव अमेरिकन समुदायों में नई बहस शुरू कर दी है। ट्रम्प ने दावा किया कि अब इंडियन शब्द का इस्तेमाल करना मानो प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसे इस्तेमाल नहीं कर सकते। ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका में जनजातीय पहचान, पुरानी टीमों के नाम और सांस्कृतिक संवेदनशीलता पर गंभीर चर्चाएं जारी हैं। ट्रम्प ने बातचीत में कहा कि आप 'इंडियन' शब्द का इस्तेमाल नहीं कर सकते। सिर्फ इंडियंस ही चाहते हैं कि आप इसका इस्तेमाल करें।

मैं कभी आपको इसे बदलने के लिए नहीं कहूंगा। यह शब्द ऐतिहासिक गलती से जुड़ा है, जब क्रिस्टोफर कोलं. बस ने सोचा था कि वह भारत पहुंच गया है, और इस गलतफहमी के चलते नेटिव अमेरिकन को इंडियन कहा जाने लगा। कुछ जनजातीय सदस्य आज भी इसे अपनाए रखते हैं, जबकि कई इसे नस्लीय और गलत मानकर छोड़ देना चाहते हैं। ट्रम्प पहले भी नेटिव अमेरि. कन समुदायों से जुड़े मुद्दों पर विवादों में रहे हैं। वाशिंगटन की एनएफएल टीम के पुराने नाम रेडस्किन्स को लेकर उन्होंने कड़ा रुख अपनाया था। 2020 में विरोध और आलोचनाओं के चलते यह नाम हटाकर वाशिंगटन कमांडर्स कर दिया गया था। ट्रम्प का कहना था कि वह नए स्टेडियम की मंजूरी तभी देंगे जब टीम अपना पुराना नाम वापस ले।

उन्होंने यह भी कहा था कि पुराना नाम टीम के लिए ज्यादा मूल्यवान और ज्यादा रोमांचक होगा। अमेरिकन इंडियन अफेयर्स एसोसिएशन सहित कई समूहों ने ट्रम्प के दावों को खारिज कर दिया और कहा कि ऐसी टीम मास्काट परंपराओं से नेटिव संस्कृतियों को कार्टून की तरह पेश किया जाता है। समूह का कहना है कि ये नाम और मास्काट हमें सम्मान नहीं देते, बल्कि हमें मजाक बना देते हैं। हम जीवित संस्कृतियाँ हैं, मनोरंजन के साधन नहीं।

कई जनजातीय सदस्यों ने कहा कि ट्रम्प नेटिव पहचान को अपनी राजनी. तिक भाषा में मोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। जहां अधिकतर समूह उनके बयान का विरोध कर रहे हैं, वहीं नेटिव अमेरि. कन गार्जियन्स एसोसिएशन ने ट्रम्प का समर्थन किया है। इस संगठन ने कहा कि राष्ट्रपति की बात में कामन सेंस है और कुछ नाम व शब्द वापस लाने चाहिए। यह समूह पहले भी टीम नामों को वापस लाने या उसके उपयोग जारी रखने की मांग करता रहा है। ट्रम्प का नेटिव अमे. रिकन समुदायों के साथ विवाद नया नहीं है। 1993 में कांग्रेस के सामने दिए एक बयान में उन्होंने कहा था कि कुछ जनजातियां उन्हें इंडियन जैसी नहीं दिखतीं। इतना ही नहीं, उन्होंने दावा किया था कि उनके अंदर कई कथित इंडियंस से ज्यादा इंडियन ब्लड हो सकता है। यह बयान तब आया था जब वे नेटिव अमेरिकन गेमिंग लाइसेंस को लेकर चल रही सुनवाई में शामिल थे।



■ ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका में जनजातीय पहचान, पुरानी टीमों के नाम और सांस्कृतिक संवेदनशीलता पर गंभीर चर्चाएं जारी हैं
■ जब क्रिस्टोफर कोलंबस ने सोचा था, वह भारत पहुंच गया है, और इस गलतफहमी के चलते नेटिव अमेरिकन को इंडियन कहा जाने लगा: डोनाल्ड ट्रम्प

### गरीब देशों के शरणार्थियों को घुसने नहीं दूंगा: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह 'थर्ड वर्ल्ड कंट्रीज' से आने वाले शरणार्थियों को हमेशा के लिए रोक देंगे, ताकि अमेरिका फिर से मजबूत हो सके। थर्ड वर्ल्ड कंट्रीज का कोई कानूनी मतलब नहीं है, लेकिन आम तौर पर इसका इस्तेमाल अफ्रीका, एशिया, लैटिन अमेरिका और मिडिल ईस्ट के उन देशों के लिए होता है जो लो इनकम या फिर लोअर मिडिल इनकम कैटेगरी में आते हैं। ट्रम्प ने वाशिंगटन डीसी में 2 नेशनल गार्ड्स की मौत के बाद गुरुवार को यह ऐलान किया। उन्होंने इस हमले को शरणार्थियों से जोड़कर बताया। ट्रम्प ने कहा कि इमिग्रेशन पालिसी की वजह से देश के लोगों की जिंदगी बदतर हो चुकी है। ट्रम्प ने कहा: जो लोग अमेरिका के लिए फायदेमंद नहीं हैं या जो हमारे देश से सच्चा प्यार नहीं करते, उन्हें भी हटाया जाएगा। ट्रम्प ने इमिग्रेशन पालिसी को और सख्त करने का वादा किया। इससे पहले ट्रम्प प्रशासन ने गुरुवार को ऐलान किया था कि अब 19 देशों से आए प्रवासियों की सख्त जांच की जाएगी। ट्रम्प के थर्ड वर्ल्ड देशों के शरणार्थियों को देश में एंट्री बंद करने का ऐलान यूएससीआईएस से भी बड़ा है। यह एजेंसी अमेरिका में प्रवासियों से जुड़े काम देखती है। यूएससीआईएस के डायरेक्टर जोसेफ एडलो ने गुरुवार को कहा था कि यूएससीआईएस अब अफगानिस्तान समेत 19 देशों के उन लोगों की जांच करने जा रही है जिन्हें पहले अमेरिका में परमानेंट रेजिडेंसी (ग्रीन कार्ड) मिल चुकी है। एडलो ने बताया कि इन 19 देशों की सूची ट्रम्प के जून 2025 के एक आदेश में जारी की गई थी, जिसमें इन्हें 'चिंता वाले देश' कहा गया था। यह नई गाइडलाइन 27 नवम्बर से लागू हो गई है।

### यूक्रेन के दूसरे सबसे ताकतवर शख्स के घर छापेमारी

**कीव।** यूक्रेन की एंटी-करप्शन एजेंसियों ने राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के चीफ आफ स्टाफ एंड्री येरमाक के घर की तलाशी की है। 2025 की शुरुआत में यूक्रेन में जांच एजेंसियों ने 800 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार का खुलासा किया था, जिसमें जेलेंस्की के कई करीबी घिर गए हैं। जेलेंस्की पहले ही दो मंत्रियों को बर्खास्त कर चुके हैं। कई आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। राष्ट्रपति के एक पुराने बिजनेस पार्टनर तिमूर मिनडिच देश छोड़कर भाग चुके हैं। येरमाक को जेलेंस्की का सबसे करीबी सलाहकार हैं। इसलिए उन्हें देश का दूसरा सबसे ताकतवर शख्स कहा जाता है। वे अमेरिका और रूस के बीच पीस डील में यूक्रेन की तरह से बात. चीत कर रहे हैं। भ्रष्टाचार के मामले में घिरने के बाद येरमाक पर पद छोड़ने का दबाव बढ़ता जा रहा है। हालांकि आज तलाशी के दौरान उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि उनकी तरफ से पूरी मदद की जा रही है और वे किसी केस में आरोपी नहीं हैं। जांच एजेंसियों ने देश की परमाणु ऊर्जा फर्म एनर्जोएटम में टेंडर देने के बदले रिश्वत लेने और सरकारी पैसे की हेराफेरी करने के नेटवर्क को पकड़ा है।

# नेपाल ने भारत के 3 इलाकों को अपना बताया

**काठमांडू।** नेपाल ने भारत के साथ पहले से चल रहे सीमा विवाद को और बढ़ा दिया है। उसने अपने नए 100-रुपये के नोट पर जो नक्शा छापा है, उसमें लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधुरा को नेपाल का हिस्सा दिखाया गया है, जबकि ये तीनों इलाके भारत की सीमा के भीतर आते हैं।

भारत ने इस कदम की कड़ी आलोचना की है और इसे एकतरफा कार्रवाई बताया, जिसमें ऐतिहासिक तथ्यों को नजरअंदाज किया गया है। विद. `श मंत्रालय ने कहा कि ऐसे दावों से सच्चाई नहीं बदलती है। नेपाल को भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना चाहिए। ऐसे दावे द्विपक्षीय समझौतों का उल्लंघन करते हैं। ये नोट पर नेपाल राष्ट्र बैंक के पूर्व गवर्नर महा प्रसाद अधिकारी के साइन हैं और नोट जारी करने का साल 2081 बीएस (2024) लिखा गया है। यह नक्शा नोट के बीच में हल्के हरे रंग में बना है। यह नक्शा सिर्फ 100 के नोट पर है। 10, 50, 500 और 1000 के नोटों पर नहीं। बैंक का कहना है कि पुराने 100 के नोट पर भी नक्शा था, अब उसे सिर्फ सरकारी फैसले के मुताबिक संशोधित किया गया है।

■ 100 रुपये के नोट पर विवादित मैप छापा, भारत बोला: ऐसे दावों से सच्चाई नहीं बदलती

# पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की हालत गंभीर

## सीने में इन्फेक्शन से जूझ रहीं, बांग्लादेश के पीएम यूनुस बोले: सलामती के लिए लोग प्रार्थना करें

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया की हालत बेहद गंभीर है। यह जानकारी उनकी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के महासचिव मिर्जा इस्लाम आलमगीर ने शुक्रवार को दी। 80 साल की खालिदा जिया बीएनपी की अध्यक्ष हैं। वे पिछले कई साल से लिवर, किडनी, डायबिटीज, गठिया और आंखों की परेशानी से जूझ रही हैं।

आलमगीर ने कहा कि कल रात डाक्टरों ने बताया कि उनकी शारीरिक स्थिति बेहद गंभीर है। 23 नवम्बर को उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें सीने में इन्फेक्शन हो गया था, जिसका असर उनके दिल और फेफड़ों पर पड़ा। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने खालिदा जिया की बिगड़ती सेहत पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने लोगों से जिया के जल्द ठीक होने के लिए दुआ करने की अपील भी की है। फिलहाल वे ढाका के एवरकेयर अस्पताल में भर्ती हैं, जहां स्थानीय और विदेशी डाक्टरों की एक टीम उनकी देखरेख कर रही है। खालिदा जिया को लिवर सिरोसिस, हार्ट डिजीज और किडनी की बीमारी है। खालिदा जिया को 8 फरवरी 2018 को ढाका की स्पेशल कोर्ट ने जिया अनाथालय ट्रस्ट के नाम पर सरकारी पैसे का गबन करने के आरोप में 5 साल की सुनाई थी। खालिदा के बेटे तारिक और अन्य 5 आरो. पियों को भी 10 साल कठोर कारावास की सजा दी गई थी। इन पर 2.1 करोड़ बांग्लादेशी टका का जुर्माना भी लगा था। तारिक और अन्य 2 आरोपी फरार हो गए थे। जिया ने इस फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की थी। इस पर कोर्ट ने 30 अक्टूबर 2018 को सुनवाई करते हुए सजा को बढ़ाकर 10 साल कर दिया था। इसके बाद खालिदा ने सजा के खिलाफ लीव-टू-अपील यानी सीधे सर्वोच्च अदालत में चुनौती देने की अपील की थी। 5 साल तक कानूनी प्रक्रियाओं के चलते इसमें देरी होती रही। शेख हसीना के तख्तापलट के 1 दिन बाद खालिदा जिया को 6 अगस्त 2024 को रिहा किया गया था। इसके बाद वह बेहतर इलाज के लिए लंदन चली गईं थी। 4 महीने वहां रहने के बाद वे 6 मई को देश लौटीं। खालिदा जिया दो बार 1991 से 1996 और 2001 से 2006 तक बांग्लादेश की प्रधानमंत्री रह चुकी हैं। वह पूर्व राष्ट्रपति जिया-उर-रहमान की पत्नी हैं। उनके बड़े बेटे और बीएनपी के कार्यकारी अध्यक्ष तारिक रहमान 2008 से लंदन में रह रहे हैं। वहीं, उनके छोटे बेटे अराफात रहमान का 2025 में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था।



■ 23 नवम्बर को उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था
■ खालिदा के बेटे तारिक और अन्य पांच आरोपियों को भी 10 साल कठोर कारावास की सजा दी गई थी

# यूएई ने पाकिस्तानियों को वीजा देना बंद किया

## 70-80 प्रतिशत आवदेन रिजेक्ट हो रहे, अपराध और भीख मांगने की घटनाओं के चलते सख्ती

**इस्लामाबाद।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने पाकिस्तान के नागरिकों को वीजा देना बंद कर दिया है। यह जानकारी पाक गृह मंत्रालय के अधिकारी सलमान चौधरी ने दी है।

हालांकि जिन लोगों के पास ब्लू और डिप्लोमैटिक पासपोर्ट है, उन्हें अभी वीजा जारी किया जा रहा है। पाकिस्तानी अखबार डीएडब्ल्यूएन ने ट्रैवल एजेंटों के हवाले से बताया है कि पहली बार और सिंगल-एंट्री वीजा के 70-80 प्रतिशत आवेदन रिजेक्ट हो रहे हैं। हालांकि जिन लोगों के परिवार यूएई में रहते हैं, उन्हें वीजा मिलने की संभावना ज्यादा है। डीएडब्ल्यूएन की रिपोर्ट के मुताबिक लाहौर के रहने वाले 28 साल के नदीम पहली बार घूमने के लिए दुबई जाना चाहते थे, लेकिन उनका वीजा दो बार रिजेक्ट हो गया। ट्रैवल एजेंसी ने वजह बताई कि 40 साल से कम उम्र वाले लोगों की जांच ज्यादा हो रही है। फुल-टाइम नौकरी और बैंक स्टेटमेंट देने के बावजूद वीजा मंजूर नहीं हो रहा। इसके कई युवा परेशान हैं। यूएई और पाकिस्तान के बीच मजबूत राजनीतिक और आर्थिक संबंध हैं, फिर भी वीजा रिजेक्शन का मुद्दा महीनों से चल रहा है। पाकिस्तानी अधिकारियों के मुताबिक यूएई ने आधिकारिक तौर पर कोई बैन नहीं लगाया है। लेकिन पिछले कुछ वक्त से यूएई में अपराध और भीख मांगने की घटनाओं में पाकिस्तानी लोगों का नाम सामने आया है। इसके चलते नए लोगों को वीजा मिलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है। यूएई अधिक. ारियों को कई आवेदकों के दस्तावेज संदिग्ध मिले। एआई आधारित सिस्टम में गड़बड़ी पकड़ में आती है तो वीजा तुरंत रिजेक्ट हो जाता है। पाकिस्तानी पासपोर्ट दुनिया के सबसे कमजोर पासपोर्ट में गिना जाता है। अब कई देशों की सख्त वीजा नीतियों और एंट्री बैन ने पाकिस्तानी यात्रियों की दिक्कतें और बढ़ा दी हैं।



■ जिन लोगों के परिवार यूएई में रहते हैं, उन्हें वीजा मिलने की संभावना ज्यादा है

# श्रीलंका में दितवा का कहर 56 लोगों की मौत, 21 लापता

**कोलंबो।** चक्रवाती तूफान 'दितवा' ने श्रीलंका में भीषण तबाही मचाई है तथा अब तक 56 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 21 लोग लापता और 14 घायल हुए हैं। आपदा प्रबंधन केंद्र के अनुसार चक्रवाती तूफान से करीब 50 हजार लोग प्रभावित हुए हैं।

श्रीलंका के स्थानीय मीडिया 'डेली मिरर' की रिपोर्ट के मुताबिक लगातार भारी बारिश और तेज हवाओं से कई जिलों में नदियों का जलस्तर खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। सरकार ने केलानी नदी घाटी के कई निचले इलाकों में अगले 48 घंटे के भीतर बाढ़ की आशंका जताते हुए राजधानी कोलंबो सहित कई क्षेत्रों को अलर्ट पर रखा है। देश के कई हिस्सों में पिछले 24 घंटों में अत्यधिक बारिश हुई है। कई इलाकों में बारिश की मात्रा 200 से 300 मिलीमीटर दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार तूफान का केंद्र त्रिकोमाली से लगभग 50 किलोमीटर दक्षिण में स्थित है और इसके उत्तर-उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ने की आशंका है। तेज मौसम के चलते रेल विभाग ने शुक्रवार सुबह सभी रेल सेवाएं निलंबित कर दीं। कई क्षेत्रों में सड़कें पेड़ गिरने और जलभराव के कारण अवरुद्ध हैं। तेज बारिश और पेड़ों के गिरने से बिजली आपूर्ति भी बुरी तरह प्रभावित हुई है। कई इलाके पूरी तरह अंधेरे में डूबे हुए हैं। कोलंबो के कई मुख्य मार्गों में आवागमन बाधित है। सेना की 20,500 से अधिक टुकड़ियां राहत और बचाव कार्यों में लगा दी गई हैं।

■ चक्रवाती तूफान ने श्रीलंका में भीषण तबाही मचाई, करीब 50 हजार लोग प्रभावित हुए

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108